e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 122

सुविचार
जीवन में हमेशा आशावादी रहेंगे, तभी आप लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।

# प्रभात मंत्र

रविवार
05.05.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### भाजपा में शामिल हुए दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली

**नई दिल्ली :** दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद अरविंदर सिंह लवली को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया था कि उनका अगला कदम क्या होगा, लेकिन इन कयासों पर विराम लग गया है. दरअसल, अरविंदर सिंह लवली बीजेपी में शामिल हो गए हैं. लवली के साथ ही कांग्रेस नेता राजकुमार चौहान, अमित मलिक, तीन बार के विधायक रहे नसीब सिंह और नीरज बैसोया ने भी बीजेपी का दामन थाम लिया है.लोकसभा चुनाव से पहले अरविंदर सिंह लवली ने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद छोड़ दिया था. उन्होंने प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया और उम्मीदवार उदित राज, कन्हैया कुमार पर गंभीर आरोप लगाए थे.

### पुंछ में वायुसेना के वाहनों पर आतंकियों ने की गोलीबारी, पांच जवान घायल

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकियों ने एक बार फिर कायराना हरकत की है। जानकारी के मुताबिक दहशतर्दों ने पुंछ के सुरनकोट में वायुसेना के वाहनों पर गोलीबारी की है। हमले को अंजाम देकर आतंकी मौके से फरार हो गए हैं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक हमले में पांच जवान घायल हुए हैं। जिन्हें पास के अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया है। स्थानीय राष्ट्रीय राइफल्स इकाई ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। वाहनों को शाहसितार के पास जनरल इलाके में एयर बेस के अंदर सुरक्षित कर लिया है।

### नामांकन के पूर्व जेएलकेएम प्रत्याशी की हुई गिरफ्तारी

**ईचागढ़ -सरायकेला :** खरसावां जिला के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से शनिवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा,जे बी के एस एस के उम्मीदवार देवेन्द्र नाथ महतो के नामांकन में कार्यकर्ताओं का जत्था रांची के लिए रवाना हुए। इधर कार्यकर्ताओं का जत्था रांची पहुंचा, उधर उपायुक्त कार्यालय में नामांकन करने पहुंचे झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के घोषित उम्मीदवार देवेन्द्र नाथ महतो को रांची पुलिस द्वारा नामांकन के पूर्व ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने का कारण पता नहीं चल पाया है।

### भाजपा ने बंगाल को बदनाम करने के लिए संदेशखाली की स्क्रिप्ट लिखी : ममता

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को भाजपा पर संदेशखली घटना की पटकथा लिखने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस पर एक महिला द्वारा यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने के मुद्दे पर चुप क्यों हैं।नदिया के तेहट में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि संदेशखली की पूरी घटना पूर्व नियोजित थी। भाजपा ने इसकी अच्छी पटकथा लिखी थी। सच्चाई सामने आ गई है। मैं यह लंबे समय से कह रही हूं। बनर्जी ने कहा कि मैंने पूरा वीडियो नहीं देखा है। मैं इसे जरूर देखूंगी।

### करीना कपूर को बनाया गया यूनिसेफ का नेशनल एंबेसडर

**नई दिल्ली :** अभिनेत्री करीना कपूर को यूनिसेफ का नेशनल एंबेसडर बनाया गया है। शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में यूनिसेफ इंडिया के कार्यक्रम में करीना को राष्ट्रीय एम्बेसडर बनाया गया।इस मौके पर अभिनेत्री करीना कपूर ने कहा कि वे इस सम्मान को पाकर बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मान को पाकर वो बहुत सम्मानित महसूस कर रही हैं। इसके लिए उन्होंने दस साल इंतजार किया है और सभी के साथ बहुत मेहनत की है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 40⁰ |
| न्युनतम | 26⁰ |

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पलामू व लोहरदगा में चुनावी सभा को किया संबोधित

# भाजपा का झारखंड से है दिल का रिश्ता : पीएम मोदी

## आपके एक वोट की ताकत से भारत का पूरी दुनिया में बज रहा है डंका

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर-लोहरदगा :** पलामू और लोहरदगा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा का झारखंड से दिल का रिश्ता है। पीएम मोदी ने कहा कि वह राज्य में रोजगार को बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 500 साल में जो नहीं हुआ, जनता के एक वोट से वो कार्य पूरा हुआ। आज आयोध्या में राम मंदिर बन गया। प्रधानमंत्री ने आगे कहा,आप सभी अपने एक वोट के महत्व को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। 2014 में आपके एक वोट ने ऐसा काम किया कि पूरी दुनिया भारत के लोकतंत्र की ताकत को सलाम करने लगी थी। आपने 2014 में अपने एक वोट से कांग्रेस की महाभ्रष्ट सरकार को हटा दिया था। आपके एक वोट ने भाजपा-एनडीए की सरकार बनाई।आपके इस एक वोट की ताकत से आज भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा है। राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए पीएम मोदी ने कहा,कांग्रेस के शहजादे मोदी के आंसुओं में अपनी खुशी ढूंढ रहे हैं। कहते हैं कि मोदी के आंसू अच्छे लगते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जनता की सेवा करते हुए 25 साल होने वाला है, लेकिन इस 25 वर्षों में मोदी पर एक पैसे के घोटाले का भी आरोप नहीं लगा है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा,मजबूत भारत तो अब मजबूत सरकार ही चाहता है। पूरा हिंदुस्तान कह रहा है - मजबूत भारत के लिए मजबूत सरकार, मजबूत सरकार के लिए मोदी सरकार। प्रधानमंत्री मोदी ने पलामू लोकसभा के प्रत्याशी वीडी राम और लोहरदगा के प्रत्याशी समीर उरांव को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

### झारखंड में रोजगार बढ़ाना चाहते हैं

प्रधानमंत्री ने बताया कि वह झारखंड में रोजगार बढ़ाना चाहते हैं और यहां के लोगों के जीवन में खुशहाली लाना चाहते हैं। उन्होंने कांग्रेस पर झारखंड की जनता की जमीनों पर कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो की नजर केवल जनता की जायदाद पर है, उन्हें इसके अलावा कुछ नहीं दिखता।



### धर्म के आधार पर किसी को भी आरक्षण नहीं दिया जाएगा

प्रधानमंत्री ने बताया कि जब देश का संविधान बन रहा था, तब यह तय किया गया था कि धर्म के आधार पर किसी को भी आरक्षण नहीं दिया जाएगा। अब कांग्रेस, झामुमो और आरजेडी सब मिलकर आदिवासियों, पिछड़ों, दलितों के आरक्षण में डाका डालकर उसे धर्म के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते हैं। पीएम मोदी ने आश्वासन दिया कि जब तक वह जिंदा है, तब तक दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के आरक्षण में से रत्तीभर भी वह धर्म के आधार पर उनके वोटबैंक को नहीं देने देंगे।

### झामुमो व कांग्रेस भ्रष्टाचार में हैं लिप्त

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी झामुमो पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने भ्रष्टाचार से अपार धन संपदा खड़ी की है। संपत्ति हो, राजनीति हो, सब कुछ वे अपने-अपने बच्चों के लिए अर्जित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह झारखंड में रोजगार बढ़ाना चाहते हैं और यहां के लोगों के जीवन में खुशहाली लाना चाहते हैं। उन्होंने कांग्रेस पर झारखंड की जनता की जमीनों पर कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो की नजर केवल जनता की जायदाद पर है, उन्हें इसके अलावा कुछ नहीं दिखता।

## झूठ की राजनीति कर रही है भाजपा : चंपाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि देश की दशा और दिशा सही राह में ले जाने के लिए पांच साल में एक बार मौका मिलता है। इसलिए इस मौके को चूके नहीं। भाजपा जब से सत्ता में आई है सिर्फ झूठ की राजनीति कर रही है। ये वही भाजपा है जिसने सत्ता में आने से पहले बढ़ते हुए गैस की कीमतों के विरुद्ध पूरे देश मे प्रदर्शन किया था। उस वक्त गैस की कीमत 400 के लगभग थी लेकिन आज भाजपा के राज में गैस के साथ पेट्रोल, डीजल की बढ़ती कीमतें आसमान छूने को हैं।चम्पाई ने कहा कि सत्ता में आने से पहले इन्होंने युवाओं को दो करोड़ नौकरियां देने जैसे कई वादे किए लेकिन ये जुमलेबाज सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां के मूल भावना को नहीं समझ सके। मोदी ने अपने संबोधन में एक बार भी हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की बात नहीं की। सरना धर्म कोड देने की बात नहीं की। स्थानीय नीति की बात नहीं की। मोदी सरकार ने तो वन अधिकार को स्थिर करने का काम किया। मोदी की सरकार ने आदिवासी-मूलवासी के हित में काम नहीं किया है। इसलिए भाजपा को यहां वोट मांगने का अधिकार नहीं है। मुख्यमंत्री शनिवार को सिंहभूम से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी के समर्थन में चक्रधरपुर विधानसभा के ऐतिहासिक बुढीगोड़ा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये वही धरती है जहां के आदिवासियों ने आंदोलन का बिगुल बजाया। भाजपा जब-जब सत्ता में आई है एक जाति से दूसरी जाति को, एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ाकर सत्ता में काबिज रहना चाहती है। इसलिए आप इंडी गठबंधन को मजबूत करिए।मुख्यमंत्री सोरेन ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि झामुमो गठबंधन की सरकार ने आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम चला और 50 वर्ष तक के सभी को पेंशन देने का काम किया। आगे चलकर मुंडा और मानकी के लिए आवास बनाएंगे। चाइबासा में मानकी, मुंडाओ के लिए सभा बनाया जाएगी, जिसमें 2000 डेलीगेट की बैठने की क्षमता होगी। हमारी सरकार ने आदिवासी बच्चों को विदेश पढ़ने भेजा। मोदी सरकार ने यहां की जनता को धोखा दिया।

## पार्टी से फंड नहीं मिलने के कारण कांग्रेस प्रत्याशी ने लौटाया टिकट



एजेंसी

**पूरी (ओडिशा) :** ओडिशा की पुरी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार सुचारिता मोहंती ने चुनाव प्रचार के लिए पार्टी से पर्याप्त फंड नहीं मिलने का हवाला देते हुए अपना टिकट लौटा दिया. उन्होंने कहा, मैंने चुनाव लड़ने के लिए पब्लिक फंडिंग का सहारा लिया.अपने कैम्पेन में कम से कम खर्च करने का प्रयास किया, इसके बावजूद मैं आर्थिक रूप से संघर्ष करती रही और एक प्रभावशाली चुनाव प्रचार अभियान को कायम नहीं रख सकी.सुचारिता मोहंती ने कहा, मुझे पार्टी से फंड देने से इनकार कर दिया गया. विधानसभा क्षेत्रों में कमजोर उम्मीदवारों को टिकट दिया गया. भाजपा और बीजद पैसे के पहाड़ पर बैठे हैं. यह मेरे लिए मुश्किल था. हर जगह धन का अश्लील प्रदर्शन हो रहा है. मैं उस तरह प्रतिस्पर्धा नहीं करना चाहती. मैं एक पीपल-ओरिएंटेड कैम्पेन चाहती थी लेकिन धन की कमी के कारण यह भी संभव नहीं था. कांग्रेस भी इसके लिए जिम्मेदार नहीं है. भाजपा सरकार ने पार्टी को पंगु बना दिया है. खर्चों पर काफी तरह का प्रतिबंध है.मुझे पुरी में जनता का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा था.वे बदलाव चाहते हैं.कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल को लिखे पत्र में सुचरिता ने कहा,पुरी संसदीय क्षेत्र में हमारा अभियान बुरी तरह प्रभावित हुआ है क्योंकि पार्टी ने मुझे फंड देने से इनकार कर दिया है.उन्होंने आगे लिखा,चूंकि मैं अपने दम पर धन नहीं जुटा सकी, इसलिए मैंने आपका और हमारी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का दरवाजा खटखटाए, और पुरी सीट पर एक प्रभावशाली अभियान के लिए आवश्यक पार्टी निधि देने का आग्रह किया.

## भारत में लोकसभा चुनाव देखने आए 23 देशों के 75 प्रतिनिधि

**नई दिल्ली :** भारत में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं और अब तक दो राउंड की वोटिंग हो चुकी है. इस बीच भारत के चुनाव आयोग का कहना है कि %23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के 75 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि देश में लोकसभा चुनाव देखने के लिए भारत पहुंचे हैं. दरअसल, इन अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों को भारत में चुनाव की प्रक्रिया देखने के लिए बुलाया गया है. भारतीय चुनाव आयोग ने बताया कि 23 देशों में जिनमें भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज़ के विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों और संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 प्रतिनिधि गणतंत्र, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया इस आयोजन में हिस्सा लेंगे. दरअसल, चुनाव आयोग ने कहा कि यह कार्यक्रम विदेशी चुनाव प्रबंधन निकायों को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराना चाहता है. बता दें कि, चुनाव आयोग के एलान के साथ ही 18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है.




## प्रधानमंत्री मोदी शहंशाह हैं, जनता से उन्हें कोई मतलब नहीं : प्रियंका गांधी



एजेंसी

**लखानी (गुजरात) :** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने अपने भाई राहुल गांधी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'शहजादा तंज पर शनिवार को पलटवार करते हुए उन्हें (मोदी को) 'शहंशाह बताया, जो महल में रहते हैं और जनता से कटे हुए हैं. कांग्रेस महासचिव अपनी पार्टी की उम्मीदवार गेनीबेन ठाकोर के प्रचार के लिए गुजरात के बनासकांठा लोकसभा क्षेत्र के लखानी में एक रैली को संबोधित कर रही थीं.उन्होंने मोदी पर सत्ता के लिए गुजरात के लोगों का इस्तेमाल करने और फिर उन्हें भूल जाने का भी आरोप लगाया. प्रियंका ने कहा, ''वह मेरे भाई को शहजादा कहते हैं. मैं उन्हें बताना चाहती हूं कि यह शहजादे लोगों की समस्याएं सुनने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4,000 किलोमीटर तक चले, मेरे भाइयों और बहनों, किसानों और मजदूरों से मिले तथा उनसे पूछा कि हम उनकी समस्याओं का कैसे समाधान कर सकते हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने बृहस्पतिवार को गुजरात में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधा था और कहा था कि पाकिस्तान कांग्रेस के शहजादे को भारत का अगला प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्सुक है क्योंकि देश के दुश्मन एक कमजोर सरकार चाहते हैं.प्रियंका ने कहा,दूसरी ओर आपके 'शहंशाह% नरेन्द्र मोदी हैं. वह महलों में रहते हैं. क्या आपने कभी टीवी पर उनका चेहरा देखा है?

दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 | www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद

**संक्षिप्त खबरें**

## कामरेड के निधन पर किया गहरा शोक व्यक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राष्ट्रीय परिषद के सचिव कामरेड अतुल कुमार अंजान के निधन पर भाकपा गढवा जिला परिषद के सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त किया है.शोक व्यक्त करते हुये जिला परिषद के कार्यकारी सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला ने कहा कि का0 अतुल कुमार अंजान ने लखनऊ यूनिवर्सिटी छात्र संघ के अध्यक्ष के रूप में 1977 से अपनी राजनीतिक जीवन की शुरुआत किया था.वे किसानों की समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष करते रहे। अकेला ने अतुल कुमार अंजान के निधन को कम्युनिस्ट आंदोलन के लिये अपूर्णीय क्षति बताया। शोक व्यक्त करने वालो में भाकपा राज्य परिषद के सदस्य गणेश सिंह, जिला सचिव राजकुमार राम, रामनाथ उरांव, श्रीराम, विद्या पासवान, गोपाल यादव, देवीदयाल मेहता सहित अन्य के नाम शामिल है।

# होम वोटिंग के तहत तीन दिनों में घर बैठे कुल 333 मतदाताओं ने डाला वोट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू लोकसभा सीट के लिए 2 मई से ही वोट फॉम होम की सुविधा शुरू कर दी गयी है।इसके तहत 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले और दिव्यांग मतदाता घर से ही मतदान कर रहे हैं। पलामू जिले के चार विधानसभा क्षेत्र के कुल 478 मतदाताओं से उनके घर पर ही मतदान करवाया जाना है। इसी क्रम में आज कुल 99 मतदाताओं से उनके घर पर ही मतदान कराया गया। पोलिंग टीम पूरे दल बल के साथ उनके घर पर पहुंची और मतदान करवाया। आज कुल 13 मार्गो पर टीम ने मतदान करवाया जिसमें 72 मतदाता 85 वर्ष के उपर थे जबकि 27 दिव्यांग मतदाता शामिल थे। इसके पूर्व दिनांक 3 मई को 110 मतदाताओं से उनके घर पर ही वोट कराया गया इसमें 68 मतदाता 85 वर्ष के



उपर के ऐज के थे वहीं 42 दिव्यांग मतदाता थे। इसके पूर्व होम वोटिंग के पहले दिन कुल 124 वोटरों से उनके घर पर ही मतदान करवाया गया था। बता दें कि जो वोटर चलने-फिरने में असमर्थ हैं और वो वोट डालने के लिये पोलिंग बूथ तक नहीं जा सकते, उनके लिये घर पर ही वोट करने की सुविधा प्रदान की गई है।यह अभियान 2 मई से 7 मई तक चलाया जायेगा वहीं जो मतदाता इस दौरान छूट जायेंगे उनसे दोबारा 9 व 10 मई को मतदान करवाया जायेगा।

# पूर्व प्रमुख ने फीता काट कर क्लिनिक का उद्घघाटन किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के बाजार परिसर में कपड़ा बाजार के बगल शिशु अस्पताल की उद्धघाटन पूर्व प्रमुख श्री मती फुलवा देवी व युवा बसपा प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट किया। मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि राज किशोर विश्वकर्मा, द्वारिका मेडिकल के प्रोराईटर चिंटू श्रीवास्तव, डॉ बीरेंद्र कुमार, वीरेन्द विश्वकर्मा, पत्रकार विश्वप्रेम कुमार, जितेंद्र कुमार, छतरपुर-पाटन विधानसभा के पूर्व बसपा अध्यक्ष रामबाबु, जितेंद्र कुमार के अलावा क्लिनिक के संचालक डा मनदीप कुमार मौजूद थे।

## हज यात्रियों के सम्मान समारोह में शामिल हुए मंत्री



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले से हजयात्रा पर जाने वाले जायरीनों के सम्मान में शनिवार को जिला अंजुमन एतेहादुल मुस्लेमिन की ओर से मदरसा तबलीगुल इस्लाम में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें हजयात्रा पर जाने वाले लोगों को उपहार दी गई। झारखंड सरकार की पेयजल एवं स्वच्छता एवं मध निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सम्मनित किया। जिले से कुल 40 लोगों को हजयात्रा पर जाना है। इसके सभी को टीका लगाया गया। रंका प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के देखरेख में टीका लगाया गया सभी लोग रांची व कोलाकता से हजयात्रा के लिए रवाना होंगे। विदाई समारोह में उपस्थित हजयात्रियों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि हजयात्रा पर जाकर देश एवं क्षेत्र की खुशहाली व अमन की दुआ करें। ताकि हमारा देश खुशहाल हो सके तथा देश में अमन चैन हो। उन्होंने जायरीनों से देश की तरक्की की दुआ अल्लाह से मांगने का आग्रह किया। जिससे भारत दिन दुना रात चौगुनी तरक्की करता रहे तथा सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल बना रहे। उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को सदबुद्धि देने की दुआ करने का भी आग्रह जायरीनों से किया। भारत का अनोखा संबिधान है। हिंदू मुस्लिम एकता पर किसी का नजर नहीं लगे इसकी दुआ करे । उन्होंने सभी से मतदान करने के लिए अपील किया।हज कमिटी के प्रभारी डा. मो. यासिन अंसारी ने कहा कि हज यात्रा पर जाना बड़ी बात है क्योंकि कुछ लोगों के पास दौलत होने के बाद भी हज नहीं कर पाते। जो लोग हजयात्रा पर जा रहे हैं वह खुशकिस्मत लोग हैं। गढ़वा जिला अंजुमन सदर मदनी खान, हाजी नजाम, कंचन साहू, करीम खान, आलमगीर अंसारी, डॉ मुरली गुप्ता, परेश तिवारी, नसीम अख्तर, डॉ मुनाजिर हसन, डॉ अरशद अंसारी, तनवीर आलम, शमीम अंसारी नसीम अख्तर, नूरआलम, निलु खान, महफूज, बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद में भाजपा के कार्यालय का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद/पलामू :** नगर पंचायत क्षेत्र के जपला छतरपुर मुख्य मार्ग के खादी भंडार के निकट विश्वकर्मा भवन में भाजपा कार्यालय का शुभारंभ हुआ। लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार विष्णु दयाल राम के कार्यालय का शुभारंभ प्रभारी अविनाश वर्मा, संयोजक विनोद सिंह, सहसंयोजक रविंद्र कुमार सिंह, अशोक सिंह सहित अन्य अतिथियों ने पार्टी कार्यालय का शुभारंभ किया। प्रभारी अविनाश वर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी का कार्यालय हुसैनाबाद में खोला गया है। इस पार्टी कार्यालय से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी। वही संयोजक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यालय सभी कार्यकर्ताओं की बैठक, प्रचार सहित अन्य गतिविधियों की रूपरेखा के साथ अन्य कार्यक्रमों की गतिविधियों को बल मिलेगा। चुनाव के सहसंयोजक रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी चुनाव के लिए पार्टी कार्यालय की भूमिका अहम होती है, इस कार्यालय के खुल जाने से पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को सहयोग मिलेगा। पार्टी कार्यालय के शुभारंभ के मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामप्रवेश सिंह,कर्नल संजय कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता सांसद , प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, श्रवण अग्रवाल , युवा मंडल अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, सुबोध कश्यप सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# इंडिया गठबंधन का विश्रामपुर में खुला चुनावी कार्यालय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को इंडिया गठबंधन का चुनावी कार्यालय खुला.कार्यालय का उद्घाटन राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा, कांग्रेस के प्रादेशिक नेता विजय चौबे, वरीय कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, राजद ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ चंद्रवंशी व राजद के प्रदेश मीडिया प्रभारी अनिता यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव व संचालन नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी ने किया। गौतम सागर राणा ने कहा कि यह चुनाव कोई आम चुनाव नही है।



बल्कि संविधान बचाने की निर्णायक लड़ाई है। अगर भाजपा जीती तो संविधान को बदलकर लोकतंत्र को खत्म कर देगी। मौके पर मालदेव भुइयां, रंजन कुमार यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, ओमप्रकाश गुप्ता गुड्डू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र शुक्ला गुड्डू, फिरोज खान, मजमुद्दीन अंसारी, मणि राम, शम्भू चंद्रवंशी, संजय उपाध्याय, सोना देवी, नरेश यादव, नासिर अंसारी, नजमुद्दीन नूरी,महेंद्र ठाकुर, नागेंद्र यादव, सरयू चौहान, संजय उपाध्याय, नईमुद्दीन अंसारी, मणिभूषण पांडेय, आशीष ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

## रक्तदान कर मरीज की बचाई जान




**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केसरवानी वैश्य समाज द्वारा सदर अस्पताल स्थित ब्लड़ बैंक में दो यूनिट रक्तदान किया गया। दो यूनिट रक्तदान कर मरीज की जान बचाई गई। इसकी जानकारी देते हुए केसरवानी वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष संतोष केसरी ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र निवासी वीरेंद्र ठाकुर की मां को बी निगेटिव रक्त की जरूरत थी। मरीज के परिजनों ने इसकी सूचना मुझे दी। सूचना मिलने के बाद सदर अस्पताल स्थित ब्लड़ बैंक पहुंचकर केसरवानी समाज के युवा साथी सौरभ कुमार केसरी द्वारा बी निगेटिव एक यूनिट ब्लड़ दिया गया। जबकि तरूण समाज के अध्यक्ष शुभम केसरी द्वारा एक यूनिट रक्तदान किया गया। संतोष केसरी ने बताया कि रक्तदान के क्षेत्र में समाज के लोग बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हैं। मरीज के स्वजनों द्वारा जैसे ही सूचना मिलती है कि रक्त की जरूरत है तो केसरवारी समाज के लोग ब्लड़ बैंक पहुंचकर मरीज को रक्त देने का काम करते है। रक्त देना पुण्य की काम है। इस मौके पर केसरी समाज के उपाध्यक्ष रवि केसरी, विवेक केसरी, विनय कांस्यकार, अमित केसरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने रसोइया के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता ने मतदान केंद्र वाले विद्यालयों के रसोइया के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ ने कहा कि मतदान केन्द्र पर पहुंचे मतदान कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों व वोलेंटियर्स के लिये भोजन की व्यवस्था करना है। उन्होंने कहा कि 60 रुपये प्रति व्यक्ति से लेकर उनके भोजन की व्यवस्था किया जाना है। उन्होंने कहा कि पहले दिन रात्रि का भोजन, दूसरे दिन सुबह का नाश्ता व दोपहर का खाना की व्यवस्था करना है। उन्होंने सभी रसोइयों को एप्रोन पहनकर भोजन बनाने का निर्देश दिया.उन्होंने कहा कि मतदान कार्य मे सबकी भागीदारी होना चाहिये। बैठक में एमडीएम प्रभारी अमित कुमार, प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी विकास कुमार, रसोइया ममता कुँवर, गुलवा देवी, खिरमोहिनी देवी, नागवंती देवी, पान कुँवर देवी, रंजनी देवी, गीता देवी, शांति देवी, चम्पा देवी, आरती देवी सहित सभी मतदान केंद्र वाले विद्यालयों के रसोइया उपस्थित थे।

# महागठबंधन में दलित नेताओं को दूर रखकर कांग्रेस ने दलित विरोधी होने का दिया प्रमाण : पंकज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** लोकसभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक पहुंच रहा है जनताऔर समाजिक संगठन ने बढ़चढ़ कर अपनी भूमिका निभा रहे हैं सभी पार्टी के राजनेता अपने अपने प्रत्याशी के पक्ष में लोगो से वोट देने कि अपील कर रहे हैं झारखण्ड में चार चरणों में मतदान होना है लेकिन मतदान से पहले अनुसूचित जाति विकास मंच के केंद्रीय अध्यक्ष पंकज कुमार ने भाजपा और महागठबंधन को पूरी तरह से विरोध प्रेस वार्ता कर किया है। पंकज कुमार ने बताया कि भाजपा तो दलित विरोधी और संविधान विरोधी था ही लेकिन महागठबंधन भी हमारे दलित नेता जैसे आजाद समाज पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद रावण, बहुजन समाज पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती और बहुजन मुक्ति पार्टी को इंडिया गठबंधन में जानबूझकर नहीं बुलाकर इंडिया गठबंधन ने साबित कर दिया कि ये



गठबंधन अनुसूचित जाति (रविदास परिवार) विरोधी है खासकर कांग्रेस ने हमारे लोगो को ना ही जिला अध्यक्ष ना हीं प्रखंड अध्यक्ष और ना हीं प्रत्याशी बनाया बल्कि अनुसूचित जाति (रविदास परिवार) के लोगो को अनदेखा किया है। जब इंडिया गठबंधन हमारे नेता और हमारे लोगो के बारे में नहीं सोच रहा है तो इंडिया गठबंधन हारे या जीते हम क्यों सोचे इस बार लोकसभा चुनाव में जो भी पार्टी हमारे दलित नेताओं को अनदेखा किया है मतदान से उसकी औकात दिखाने का काम अनुसूचित जाति (रविदास परिवार) के लोग करेंगे इसलिए अनुसूचित जाति विकास मंच ने निर्णय लिया है कि जहाँ भी आजाद समाज पार्टी, बहुजन समाज पार्टी या फिर बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं उन्हें पूरी समर्थन करता है और लोगो से आग्रह भी किया है कि दलितों के पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में ही मतदान करें खासकर चतरा लोकसभा क्षेत्र से नागमणि जी को हाथी वाला छाप के सामने बटन दबाकर बहन कुमारी मायावती के हाथों को मजबूत करें। प्रेस वार्ता में महासचिव प्रेम कुमार, सचिव कृष्णा कुमार शामिल रहे।

## माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेतरहाट आवासीय विद्यालय में दिनांक 2 एवं 3 मई को निदेशक माध्यमिक शिक्षा झारखंड सरकार के नेतृत्व में विद्यालय का सघन निरीक्षण किया गया । इस टीम में निदेशक प्राथमिक शिक्षा झारखंड सरकार, जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा शामिल रहे। इस क्रम में विद्यालय के भवनों, खेल मैदानों, नए हो रहे भवन निर्माण, विद्यालय के आश्रमों कक्षाओं, निर्माणशाला तथा प्रयोगशालाओं का सघन निरीक्षण किया गया। इस क्रम में निदेशक महोदय द्वारा विद्यालय के छात्रों से शिक्षकों से तथा सभी कर्मियों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया गया। विद्यालय का विद्यालय के छात्रों का अनुशासन, स्वावलंबन देखकर निदेशक ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# हुसैनाबाद प्रखंड के पतरा खुर्द पंचायत में जैक 10 वीं कक्षा के पंचायत टॉप टेन छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद/पलामू :** प्रखंड के पतरा खूर्द पंचायत में शहीद धीरज यादव युथ क्लब एवं अपना पंचायत - पतरा खूर्द समुह के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह - 2024 का आयोजन किया गया जिसमें जैक मैट्रिक परीक्षा - 2024 के परिणामफल में पतरा खुर्द ग्राम पंचायत के टेन टॉप विद्यार्थियों को पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं अपग्रेडेड हाई स्कूल के परिवार द्वारा मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र और महापुरुष की जीवनी देकर सम्मानित किया गया । परीक्षा में सफल पंचायत टॉपर सह स्कूल टॉपर संचिता कुमारी (92.4) प्रथम, संदीप कुमार शर्मा (89.0प्रतिशत) द्वितीय, आयुष कुमार यादव (88.6प्रतिशत) तृतीय, नजिया प्रवीण (88.0प्रतिशत) चतुर्थ, शशिकांत यादव (87.8प्रतिशत) पंचम्, आकाश यादव (86.6प्रतिशत) षष्टम्, राहुल कुमार (86.4 प्रतिशत) सप्तम्, विकाश




कुमार यादव (86.4 प्रतिशत) अष्टम्, छोटी कुमारी ( 85.6 प्रतिशत) नवम् और चंचल कुमारी (85.4त्त) दसम् स्थान प्राप्त किया जो पुरस्कार पाकर काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। वही आयोजनकर्ताओं ने अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों को भी कवि विनोद सागर द्वारा संपादित अरण्य वाणी मासिक पत्रिका और अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित महापुरुष की जीवनी स्वागत और भेंट के रूप में प्रदान किया। मुख्य अतिथि हुसैनाबाद दक्षिणी क्षेत्र के पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में उमंग, जोश और जुनून की भाव भावना सकारात्मक रूप से संचारित होता है। शिक्षा की ओर और झुकाव होता है और शिक्षा शेरनी का दूध होता है जो जितना पीता है उतना ही दहाड़ता है। विशिष्ट अतिथि पतरा खुर्द पंचायत के मुखिया आंचल देवी ने कही कि इक्कीसवीं सदी,नारी की सदी है और हर चीज में कहा जाता हैं कि लेडीज फर्स्ट, आज पंचायत टॉपर भी पहला स्थान एक लड़की ने ही प्राप्त की है। अन्य अतिथि अपग्रेडेड हाई स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापिका मालपिका ने कही कि इस तरह का आयोजन पहली बार अपने विद्यालय में देख रही हूं। पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार पासवान ने कहा कि दोनों क्लब के सदस्यों को जितना भी सराहाना किया जाये उतना ही कम है। मुझे गर्व है कि मैं भी क्लब के संरक्षक सदस्य हूं। शहीद धीरज यादव युथ क्लब के अध्यक्ष अजय प्रताप यादव ने कहा कि हमारी क्लब इस तरह के आयोजन करते रहेगा और अपने क्षेत्र में शहीद धीरज भाई की जीवन की संघर्ष की कथा युवा पीढ़ी को बताते रहेगा। वहीं कार्यक्रम एवं मंच की अध्यक्षता एवं संचालन युवा कवि रवि प्रकाश ने किया और कहा कि जिसकी जितनी पात्रता,उतना ही हाथ लगता है सफलता और अंत में कार्यक्रम का समापन करते हुए शिक्षक अभिषेक शर्मा ने सभी आये हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को आभार व्यक्त किया। मौके पर वार्ड सदस्य वर्मा पासवान, मुखिया पति कुंदन पासवान, सोनल पासवान, कृष्ण राम, मोती कुमार, मृत्युंजय यादव, शिक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह, जितेन्द्र पाल, मनोज यादव एवं धीरेन्द्र यादव के साथ साथ इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# इंडिया गठबंधन की जीत पक्की : कमेश सिंह चेरो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** प्रखंड में भाकपा माले की बैठक प्रखंड सदस्य कॉ. जितेंद्र कुमार सिंह के जुरु आवास पर संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता नीलांबर पितांबरपुर सतबरवा प्रखंड कमेटी सचिव कमेश सिंह चेरो ने किया। बैठक शुरू करने से पहले शहीद जगदेव शर्मा और पिछले महीने में आकस्मिक कामरेड जनक राम का निधन हो गया था उनके याद में 1 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कॉ. जगदेव शर्मा भाकपा माले के बहुत ही जुझारू और पलामू प्रमंडल के जन् नेता थे जिनकी हत्या इसी पलामू के सामंती ताकतों द्वारा 2002 ई. को मेदनीनगर में कर दिया गया था उनके याद करते हुए प्रखंड सचिव कमेश सिंह चेरो ने कहा की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगा जब कामरेड जगदेव शर्मा के अधूरे सपनों को साकार करने के लिए एक-एक क्षण शोषित पीड़ित समाज के हक अधिकार के अगुवाई करने में लगाएंगे साथ ही कहा कि इस बैठक में चतरा एवं पलामू संसदीय



लोकसभा में इंडिया गठबंधन उम्मीदवार को दिन-रात एक कर भारी मतों से विजय बनाना है भाजपा की सरकार 10 वर्षों में धर्म के नाम पर जात-पात के नाम पर नफरत फैलाने के सिवाय कोई काम नहीं किया महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार भाजपा के राज्य में जबरदस्त इजाफा हुआ है इसलिए देश के मजदूर किसान पढ़े लिखे बेरोजगार नौजवानो का भाजपा के खिलाफ इंडिया गठबंधन के समर्पित उम्मीदवार के पक्ष में रुझान मिल रहा है उन्होंने कहा कि भाकपा माले एक-एक क्षण इंडिया गठबंधन के जीताने के लिए डोर टू डोर जनता के बीच जाएगी और वोट के लिए अपील करेगी भाजपा हटाओ देश बचाओ मोदी हटाओ संविधान बचाओ नारों के साथ वोट मांगेगा उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में 14 सीटो पर इंडिया गठबंधन के पक्ष में जनता मूड बना ली है इस चुनाव में भाजपा का सफाया तय है उन्होंने कहा की नीलांबर पितांबरपुर में पूरी ताकत के साथ भाकपा माले उतरी है भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी है केवल जुमला बाजी करती है इसीलिए आम आवाम इंडिया गठबंधन के पक्ष में भाजपा को करारा जवाब देने के लिए जनता तैयार है चतरा संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी और पलामू संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी ममता भुइयां को प्रत्याशी बनाया गया है जो कि जीत पक्की है।

**संक्षिप्त खबरें**

## एटीएस ने अमन साहू गिरोह के तीन सदस्यों को किया गिरफ्तार

**रांची।** गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के तीन आरोपी सदस्यों विकास कुमार, गुलशन कुमार माहताब आलम को गिरफ्तार किया है। तीनों की गिरफ्तारी पतरातू के सांकुल एवं जयनगर के आसपास से हुई है। इन तीनों पर कई स्थानों पर फायरिंग करने का आरोप है। विकास कुमार के पास से दो देशी पिस्टल और 8 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। गुलशन कुमार के पास से 8 जिंदा कारतूस, आलम के पास से 5 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इसके अलावा तीनों के पास से 2 मोबाईल फोन बरामद किया गया है।विकास की निशानदेही पर फायरिंग में इस्तेमाल मोटरसाईकिल पल्सर को फरार चल रहे इम्तियाज अंसारी के घर से बरामद किया गया है। तीनों आपरोपियों एटीएस के द्वारा गिरफ्तार राजा अंसारी, मंनिन्दर कुमार ने कई फायरिंग की घटनाओं को अंजाम दिया था। पूर्व में गिरफ्तार मनिन्दर कुमार के पास से बरामद पिस्टल का उपयोग भी उक्त घटनाओं में किया गया था। एटीएस की टीम अभी छानबीन कर रही है।

## सनातन हिंदू धर्म का अपमान करने वाली विचारधारा के लोगों को जड़ से मिटाना आवश्यक : बिरेन्द्र साहु

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र सहमंत्री (झारखंड-बिहार) डॉ बिरेन्द्र साहु ने राहुल गांधी के भाषण पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सनातन हिंदू धर्म का अपमान करने वाली विचारधारा के लोगों को जड़ से मिटाना आवश्यक है। हिंदू समाज जिस द्वारिका नगरी के दर्शन करने मात्र को सौभाग्य समझता है, उस परम आराध्य स्थल का अपमान करना हिंदू समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिंदू समाज इसका उत्तर अवश्य देगा।

# देश की जनता जानती है राहुल गांधी शहजादे नहीं, शहीदजादे हैं : कांग्रेस

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रांची :** शनिवार को पत्रकारों को संबोधित अखिल भारतीय कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने किया।इस मौके पर मीडिया कोऑर्डिनेटर ज्योति सिंह, राकेश सिन्हा सुमेर चारण,वैभव शुक्ला सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति कमल ठाकुर,रियाज अंसारी, ऋषिकेश सिंह भी उपस्थित थे।झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से कहा कि पूरे देश की 140 करोड़ जनता जानती है कि राहुल गांधी शहजादे नहीं शहीदजादे हैं। उन्होंने कहा कि शहजादे प्रधानमंत्री का प्रिय शब्द है जो वह चुनाव के दौरान प्रयोग करते हैं तो मैं उन्हें बता दूं कि राहुल गांधी उस परिवार से आते हैं जिस परिवार का आजादी हासिल करने के पहले से लेकर आजादी के बाद तक कुर्बानी का इतिहास रहा है लेकिन मोदी जिस जमात से आते हैं उनका देश के लिए क्या योगदान रहा है पूरा देश जानती है। 2 दिन से मोदी झारखंड में है,जनता का रिस्पांस उन्हें नहीं मिला प्रधानमंत्री जिस भाषा का इस्तेमाल करते हैं उसे पूरी जनता सुनती है और अच्छी तरह समझती है। 10 साल में उन्होंने क्या किया इसकी उन्होंने चर्चा नहीं की, इसी कारण अपने 10 साल के काम पर प्रधानमंत्री ने वोट नहीं मांगा। भ्रष्टाचार की बात करें तो जिस नेता पर पीएम शाम में 70000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हैं 24 घंटे के अंदर उसके साथ सरकार बनाकर उसे उपमुख्यमंत्री बना देते हैं। असम और बंगाल भी इसका उदाहरण है। इलेक्टरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा ने हजारों करोड़ रूपया कंपनियों से चंदा लिया और इसके बदले उन्हें लाभ पहुंचाया। वोट हासिल करने के लिए मोदी कुछ भी कर सकते हैं। 10 वर्षों में मोदी ने झारखंड को क्या दिया। झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। जब उन्होंने पीएम आवास नहीं दिया तो हमारी सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू किया। पलामू के मंडल डैम का शिलान्यास 5 वर्ष पूर्व मोदी द्वारा किया गया था, परंतु उसमें कोई कार्य नहीं हुआ। सरना धर्म कोड पर चुप्पी साधे रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा मोदी पर और कांग्रेस मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। मोदी हिंदू मुसलमान पाकिस्तान पर चुनाव लड़ रहे हैं और मूल मुद्दों को डाइवर्ट कर रहे हैं।

# झारखंड में गर्मी से मिलेगी राहत, छह मई से बारिश की संभावना

**राज्य में नौ मई तक बारिश होने की संभावना है। बारिश के साथ ही राज्य में तेज हवाओं और वज्रपात का असर देखा जायेगा।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य में झुलसा देने वाली गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार छह मई से राज्य के कुछ जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। राज्य के उत्तर-पूर्वी भाग में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना। सात मई राज्य में कुछ स्थानों पर और आठ और नौ मई को कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्ष होने की प्रबल संभावना है। इस दौरान तेज हवा के साथ वज्रपात की संभावना है। राज्य में नौ मई तक बारिश होने की संभावना है। बारिश के साथ ही राज्य में तेज हवाओं और वज्रपात का असर देखा जायेगा। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेगी। इसमें मुख्य रूप से दुमका, देवघर, पाकुड़, गोड्डा, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़ साहेबगंज में बारिश होने की संभावना है।

आठ और नौ मई को राज्य के अधिकांश हिस्से में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार पांच मई को राज्य के सराइकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद, जामतारा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग के रांची में छह और सात मई से आंशिक बादल छाये रहेंगे एवं मौसम शुष्क रहेगा। आठ और नौ मई से गर्जन के साथ बारिश की संभावना है। आने वाले दो दिनों के दौरान तापमान में कमी दर्ज की जायेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार तापमान में आने वाले तीन दिनों के दौरान चार डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जायेगी।

## मुख्य सचिव खियांग्ते ने राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग मैच का किया अवलोकन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, और झारखंड सरकार के खेल विभाग के निदेशक सुशांत गौरव ने शनिवार को रांची में चल रहे राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024 ( चरण 1) के तहत हॉकी मिजोरम और मणिपुर हॉकी के बीच खेले गए रोमांचक मैच का अवलोकन किया। यह हाई- ऑक्टेन मुकाबला शहर के मध्य में स्थित मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हुआ। भारतीय हॉकी के महासचिव भोला नाथ सिंह ने गणमान्य व्यक्तियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें गुलदस्ते और स्मृति चिन्ह भेंट किए। राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में अब तक दोनों टीमों ने तीन-तीन मैच खेले हैं और उन्हें अभी तक जीत का खाता नहीं खोला है।

# यह चुनाव हम सभी का भविष्य तय करेगा : यशस्विनी सहाय

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** रांची लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन की कांग्रेसी उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने शनिवार को गोस्सनर कंपाउंड स्थित एचआरडीसी सभागार में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव सिर्फ मेरा नहीं, हम सबों का भविष्य तय करेगा। आप युवा हैं आपको आपकी जिम्मेवारी बताने की जरूरत नहीं है । आप खुद अपनी जिम्मेवारी समझते हैं। आज लोकतंत्र की रक्षा करने की जरूरत है। संविधान को बदलने का कुचक्र रचा जा रहा है। अपने अस्तित्व को बचाने के लिए चुनाव में जरूर भाग लें ।वोट देना बहुत जरूरी है। वोट नहीं देने से हमारी शक्ति ही कमजोर होगी। इस मौके पर उपस्थित खिजरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश कच्छप ने युवाओं से कहा कि पिछली बार हमारे आदिवासी समाज के लोगों ने कम मतदान किया था। इस बार 70 से 80त्न तक मतदान करने की कोशिश करें। केंद्र की सरकार आदिवासियों को छलने का काम कर रही है। वह हर चीज में आदिवासियों के साथ भेदभाव कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास तिर्की ने की। इस मौके पर बिशप एम एम पांडा, बिशप याकूब मासीह, बिशप सुरेश सांगा सहित यूथ लीडर जीईएल चर्च के प्रेम प्रकाश मिंज, सीएनआई चर्च की सुप्रिया तिर्की, एनडब्ल्यू जीईएल चर्च के अनुज तिग्गा, एचपी चर्च के बारला बाबू सहित सुजीत कुमार, विकास तिर्की, अमरनाथ लकड़ा, सोनू लोहरा, नामजम हेमरोम मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## विमेंस अंडर 15 मुकाबले में रांची ने कोडरमा को बड़े अंतर से हराया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पाकुड़ मे खेले जा रहे जेएससीए विमेंस अंडर 15 के मुकाबले में शनिवार को रांची ने कोडरमा को 278 रन के बड़े अंतर से हरा दिया ।

पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने निर्धारित 20 ओवरों मे 286 रन बनाए रिद्धिमा गौतम ने 132 ,रागिनी 62, गुरलीन ने 23 रन की पारी खेली । सुमन को 1 विकेट प्राप्त हुआ। जवाब मे कोडरमा की पूरी टीम 6.3 ओवर मे मात्र 8 पर ढेर हो गई। शानवी ने 7 रन देकर 6 विकेट प्राप्त किया ।मैन ऑफ द मैच रिद्धिमा को चुना गया। इस मौके पर जय सिंह सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

# जेबीकेएसएस नेता जयराम फरार व देवेन्द्र महतो गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** कुछ महीने से झारखंड में जेबीकेएसएस के नेता जगह जगह भीड़ जुटा रही थी तभी से यह कायस लगा जा रहा था कि जेबीकेएसएस के नेता लोकसभा में चुनाव जरुर लड़ेंगे। हुआ भी यही लेकिन जयराम महतो टाइगर अंतिम समय में भागना पड़ा। जयराम पुलिस की डर से अब तक फरार है या पुलिस हिरासत में इसकी पुष्टि किसी ने नहीं की।

वहीं शनिवार को रांची लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो को नामांकन दाखिल करने से जैसे रांची समाहरणालय पहुंचे इससे पहले ही रांची डीएसपी केवी रमन वहां पहुंच गये और नामांकन करने के से पहले ही उसे उपायुक्त कार्यालय के पास से खिंच कर बाहर निकाल दिया गया और पुलिस अपने साथ उसे ले गई। बता दें कि रांची में विधानसभा घेराव मामले में पुलिस ने देवेंद्रनाथ को गिरफ्तार किया है।

विधानसभा घेराव मामले में नगड़ी थाना केस संख्या 48/22 में दर्ज हुआ था। इस मामले में देवेंद्रनाथ महतो समेत कई अन्य के खिलाफ वारंट जारी हुई थी।

जिसको लेकर पुलिस केस से जुड़े इन लोगों को गिरफ्तार कर रही है।

# कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति करती है और भाजपा विकास की : संजय सेठ

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची:** सांसद संजय सेठ ने रांची के ठाकुर ठाकुरगांव के बेतागी लावागढा, बुतरू , क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया । इस अवसर पर संसद सेठ ने कहा जब देश में विपत्ति पड़ी कोरोना कल में कांग्रेस के कार्यकर्ता कहां थे। भाजपा सेवा करने के लिए राजनीति करती है परंतु कांग्रेस तुष्टिकारक की राजनीति के लिए राजनीति करती है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता चाहे किसी भी क्षेत्र में हो अपनी सेवा हर मुश्किल घड़ी में देने के लिए तैयार रहती है । भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता लोगों के हर सुख दुख में खड़ी रहती है यही भाजपा परिवार है यह सब प्रेरणा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हम सभी कार्यकर्ताओं को प्राप्त होता है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब, किसान, युवा ,और महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य किया आज गरीब कल्याण योजना के तहत विगत 4 सालों से और आने वाले 5 सालों तक प्रत्येक व्यक्ति को मुफ्त में 5 किलो अनाज की व्यवस्था सुनिश्चित की ,आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख तक मुफ्त में इलाज ,गैस सिलेंडर चूल्हा हो या जनधन खाता किसानों को 1 साल में 6000 । वही झारखंड में रघुवर दास की जब सरकार थी तो किसानों को प्रति एकड़ 5000 अतिरिक्त दिया जाता था लेकिन जब कांग्रेस और झामुमो की सरकार आई तो सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांव गरीब किसानों की चिंता करते हैं वहीं कांग्रेस सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करती है।

# सिलाई व कटाई का प्रशिक्षण संपन्न प्रशिक्षुओं को दिया गया प्रमाण पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** । इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, जामा दुमका के तत्वाधान में महिलाओं के लिए 30 दिवसीय महिला सिलाई कटाई का प्रशिक्षण का समापन शनिवार को किया गया।प्रशिक्षण समापन के दौरान प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं को निदेशक एवं संकाय सदस्यों के द्वारा भारत सरकार के एनसीवीटी युक्त प्रमाण पत्र भी दिया गया।आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी ने कहा कि झारखंड को संवारने में सखी मंडल से जुड़ी महिलाऐं भी अहम भूमिका निभा रही हैं।भारत सरकार के आजीविका मिशन के तहत् गरीबी रेखा से नीचे की महिलाओं को इस तरह का प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है।

आरसेटी के संकाय सदस्य अमरदीप कुमार ने सभी प्रशिक्षुओं को सफल उद्यमी बनने के सारे गुण बताएं, जिसमें उद्यमी की दक्षता, बाजार सर्वेक्षण,समय प्रबंधन, समस्याओं का समाधान,योजना प्रारूप,तथा बैंकों के विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बतलाया। बोकारो से आई मास्टर ट्रेनर अनिता शर्मा ने सभी प्रशिक्षुओं को साधारण फैंसी ब्लाउज, पेटीकोट, सलवार, नाईट सूट, अनारकली सूट, पटियाला सूट, स्कूल यूनिफॉर्म, बेबी फ्रॉक, घंघरी, बाबा सूट, लेगिंज और लेडीज जींस के साथ साथ करीब 18-20 तरह के डिजाइनों की जानकारी दी।

इस मौके पर ,आरसेटी के संकाय उत्पल कुमार लाहा, अमरदीप कुमार, कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार,तथा संजय सोरेन एवं अन्य उपस्थित थे।

## राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 8 को

**रांची:** अपर न्याययुक्त पीके शर्मा की अदालत में आयकर रिटर्न नहीं भरने के एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथि आठ मई निर्धारित की है। इससे पहले इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी थी। मामले में अदालत ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को जवाब दाखिल करने के लिए एक और मौका दिया था।

# इंडी गठबंधन झारखंड और विकास विरोधी, अपनी करनी से जेल में बंद है हेमंत : बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने लोहरदगा के सिसई में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कहा कि कांग्रेस पार्टी की अतीत को हम सभी लोग जानते हैं। कांग्रेस पार्टी झारखंड की विरोधी रही है। झारखंड वासियों की भी विरोधी रही है। विकास की भी विरोधी रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य का आंदोलन आजादी के पहले से चल रहा था। केंद्र में 50-60 साल तक कांग्रेस की सरकार थी। उसने कभी झारखंड अलग राज्य नहीं बनने दिया। उल्टे अलग राज्य की मांग करने वाले लोगों को खरीद लिया। पहले उन्होंने जयपाल सिंह मुंडा को खरीदा। उसके बाद शिबू सोरेन को खरीदा। भारतीय जनता पार्टी ने वादा किया था कि सत्ता में आने पर झारखंड अलग राज्य का गठन किया जाएगा। अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने पर उन्होंने झारखंड अलग राज्य का गठन कर दिया। भाजपा जो कहती है वह करती है।उन्होंने कहा कि आज झारखंड में कांग्रेस, राजद और जेएमएम की सरकार चल रही है। इन लोगों ने राज्य को सिर्फ लूटने का ही काम किया है। जितने भी खनिज हैं, यहां तक की नदी के बालू को भी नहीं छोड़ा। इस लोकसभा चुनाव में हम सभी को संकल्प लेना है कि लोहरदगा से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव को जिताना है और देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनाना है।मरांडी ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में बंद हैं। वे हर बार कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी वालों ने उन्हें फंसा दिया। ईडी वालों ने हमें फंसा दिया। कल झारखंड हाई कोर्ट का निर्णय आया। झारखंड हाई कोर्ट ने साफ-



साफ कह दिया कि उन्हें कोई फंसाया नहीं है। वह अपनी करनी से आज जेल में बंद है।

# जेपीएससी की प्रथम नियुक्ति परीक्षा में गड़बड़ी मामले में सीबीआई ने दाखिल की चार्जशीट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की प्रथम नियुक्ति परीक्षा में गड़बड़ी मामले में सीबीआई ने शनिवार को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दायर चार्टशीट में कुल 37 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इनमें जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ दिलीप प्रसाद , वरीय सदस्य गोपाल प्रसाद सिंह, सदस्य शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी, राधा गोविंद नागेश सहित अन्य पदाधिकारी के नाम शामिल हैं, जो वर्तमान में कहीं ना कहीं राज्य के जिलों में पदस्थापित हैं। इस मामले की सीबीआई जांच 12 साल से अधिक समय से चल रही है लेकिन यह अभी तक पूरी नहीं हुई। इसे लेकर झारखंड हाई कोर्ट में कई बार सुनवाई भी हुई है। अदालत ने जांच में हो रही देरी को लेकर सीबीआई से जवाब तलब भी किया था। हालांकि, जांच एजेंसी पहले मामले की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि प्रथम और द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सामने आया था। इस मामले को लेकर




झारखंड हाई कोर्ट ने 2012 को सीबीआई जांच का आदेश दिया था। इसके बाद परीक्षा में नियुक्त पदाधिकारियों के वेतनमान पर रोक लगा दिया गया था। बाद में हाई कोर्ट के इस फैसले को चुनौती दी गयी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने राहत देते हुए इस फैसले को पलट दिया। कुछ दिन पूर्व झारखंड हाई कोर्ट की खंडपीठ ने इस मामले को दूसरे सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया था। बुद्धदेव उरांव की ओर से दायर जनहित याचिका में अप्रैल में हुई सुनवाई के दौरान बताया गया कि 12 साल से अधिक बीत जाने के बाद भी सीबीआई ने जांच प्रक्रिया पूरी नहीं की और ना ही इस मामले में आरोप पत्र दायर किया है। इस पर सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि गड़बड़ी मामले की जांच अब तक जारी है।

# एसएसपी ने चौथे स्तंभ के साथ दुर्व्यवहार किया : श्रमजीवी पत्रकार यूनियन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन रांची इकाई के द्वारा एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के द्वारा पत्रकार सौरव शुक्ल के साथ जिस तरह से उनके कार्य करने से रोकने एवम उनके हाथ से उनका माइक आईडी छीन लेने को सरासर गलत समझती है ।

जिस तरह से एसएसपी आप सरकार के आदेश के अनुसार अपना कार्य कर रहे थे,उसी प्रकार पत्रकार साथी सौरव शुक्ला अपने संपादक के आदेश के अनुसार कार्य कर रहे थे,परंतु माइक आईडी छीन लेना गलत है लोकतन्त्र के चौथे स्तंभ पर हमला है।

श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की समझ है कि इस तरह का आचरण एसएसपी जैसे पधाधिकारियों को शोभा नही देता है, साथ ही साथ श्रमजीवी पत्रकार यूनियन आपके इस कृत्य को चौथे स्तंभ पर हमला मानती है। इसलिए झारखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन झारखंड सरकार से मांग करती है , ऐसे पदाधिकारियो को तत्काल प्रभाव से दूसरी जगह पदस्थापित करें। पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष सुरेन्द्र सोरेन, सचिव अजय सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी किया है। अगर जरूरत पड़ी तो आत्मसम्मान के लिए सड़क पर उतरकर भी आंदोलन करेंगे लेकिन पत्रकारों के दुर्व्यवहार को सहन नही करेंगे।

## अनगड़ा में मतदाता जागरूकता अभियान की हुई शुरुआत




**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: आरटीसी बी. एड. महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर रुद्र नारायण महतो के द्वारा किया गया , जिसमें एनएसएस द्वारा गोद लिया हुआ गांव खिजूर टोला में नुक्कड़ नाटक के द्वारा सभी ग्रामीणों को मत देने की अधिकार से अवगत कराया गया इसमें कॉलेज के प्रभारी प्राचार्या डॉक्टर रिचा पद्मा एवं एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर निक्कू कुमारी तथा कॉलेज के सभी व्याख्याता गण डॉक्टर पूनम मेहता, डॉक्टर ममता कुमारी, डॉ प्रिया पांडे, अंकिता दुलारी गुड़िया, रश्मि संध्या भेंगरा, सुबोध कुमार, विनोद प्रसाद एवं भारती कुमारी उपस्थित थे।

## पिपरवार सोलर पावर प्लांट में कार्यरत सुरक्षा प्रहरी ने किया हड़ताल

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: निर्धारित मजदूरी भुगतान की मांगो को लेकर कोयलांचल क्षेत्र के कारो गांव में निर्माणधीन सोलर पावर प्लांट स्थित एलएनबी कंपनी में कार्यरत 17 सुरक्षा प्रहरी मजदूरों ने किया हड़ताल। जानकारी के अनुसार हड़ताल में शामिल मजदूरों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा असंगठित मजदूरों को न्यूनतम राशि 734 रुपया दैनिक मजदूरी दिया जाने एवं ड्यूटी 12 घंटे के बजाए 8 घंटा लिए जाने का प्रावधान है।विगत एक महीने में चार दिनों की छुट्टी एवं 17 मजदूरों को काम में रखने की मांग को लेकर दो मई दिन गुरुवार से सुरक्षा प्रहरी द्वारा उक्त पावर प्लांट में हड़ताल किया गया था,जिसे लेकर गुरुवार को एलएनबी कंपनी के संग मजदूरों के साथ समझौता वार्ता किया गया। इस समझौता वार्ता में रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, बहेरा पंचायत मुखिया पति रमेश मुंडा,रामचंद्र उरांव, एलएनबी कम्पनी के संवेदक एमडी अब्बास इस वार्ता में शामिल थे।इस समझौता वार्ता में 17 सुरक्षा प्रहरी रखे जाने एवं 8 घंटा ड्यूटी,एक महीने में चार दिनों की छुट्टी सुरक्षा प्रहरियो को 11 हजार प्रति माह वेतन पर भुगतान पर सहमति बनी।जिसके बाद सुरक्षा प्रहरी ने हड़ताल खत्म करने की घोषणा की,लेकिन इस समझौता वार्ता के बावजुद सुरक्षा प्रहरी द्वारा दो दिन काम किए जाने के बाद एलएनबी कंपनी के संवेदन मोश्र अब्बास के द्वारा 17 सुरक्षा प्रहरी के जगह 14 सुरक्षा प्रहरी को सैलरी देने की बात कही गई। जिससे आक्रोशित सुरक्षा प्रहरी ने गेट की चाबी प्लांट इंचार्ज मजीद के हाथों में सौंप कर हड़ताल शुरू कर दिया। मजदूर ने कहा कि जब तक उचित मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तब तक हड़ताल जारी रहेगा। इस मौके पर पंकज कुमार, आकाश उरांव,टिंकू कुमार महतो,मुकेश कुमार,मनोज कुमार,रवि कुमार,धनंजय कुमार महतो,अजय कुमार, अवध ठाकुर,करण महतो, शिवनाथ मुंडा भोला गंझु, गोपाल मुंडा,संजय भोगता सहित कई मजदुर उपस्थित थे।

## डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने का दिया गया प्रशिक्षण

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार डाक मतपत्र द्वारा मतदान करने का प्रशिक्षण कोषांग के पदाधिकारी और कर्मियों को दिया गया। वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अगुवाई में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने का प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने को लेकर जारी दिशा-निर्देशों के संबंध में बताया गया। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सभी प्रक्रियाओं को विस्तार से बताया गया। इस मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गिरिजा शंकर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सामान्य शाखा प्रभारी सना उस्मानी व अन्य मौजूद रहे।

## पीठासीन पदाधिकारी व मतदान कर्मी को दिया गया प्रथम प्रशिक्षण

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करने वाले कर्मियों को अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटाड़, कोडरमा भवन में प्रशिक्षण दिया गया। पीठासीन पदाधिकारी व मतदान कर्मी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज निरीक्षण करने पहुंचीं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पदाधिकारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बिंदुओं पर बारिकी से अध्ययन करने एवं उसका पालन करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण जितना बेहतर होगा, मतदान प्रक्रिया का संचालन भी उसी अनुरूप और बेहतर तरीके से कर पायेंगे। मतदान कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को ईवीएम, वीवी पैट के कनेक्शन, संचालन एवं समस्त मतदान प्रक्रियाओं का गहन प्रशिक्षण दिया गया। पीठासीन पदाधिकारियों के कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में मास्टर ट्रेनर द्वारा विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। इस मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी श्री गिरिजा शंकर , सहायक प्रशिक्षण पदाधिकारी सन्नी दयाल शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

## टीकाकरण के महत्व के बारे में अपने डॉक्टर से बात करें : डॉ. आशिम कुमार घोष

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: विश्व टीकाकरण सप्ताह, 24 से 30 अप्रैल तक, विश्व स्वास्थ्य संगठन के टीकाकरण पर विस्तारित कार्यक्रम की 50वीं वर्षगांठ मनाता है। यह मील का पत्थर वैश्विक टीकाकरण प्रयासों का सम्मान करता है जिसने पिछले पांच दशकों में कई लोगों की जान बचाई है और समुदायों की रक्षा की है। भारत में, सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम 90% से अधिक बच्चों तक टीकाकरण कवरेज का विस्तार करने में सफल रहा है। हालाँकि पहले वर्ष में कवरेज अधिक है, लेकिन पहले जन्मदिन के बाद ड्रॉप-आउट दर बढ़ जाती है। देश में बड़ी संख्या में बच्चे आंशिक रूप से टीकाकरण किए गए हैं। टीकाकरण 1-2 वर्ष की आयु के बच्चों को कई बीमारियों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आसनसोल के बाल रोग विशेषज्ञ और किशोर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आशिम कुमार घोष कहते हैं, एक स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के रूप में, मैं माता-पिता से आग्रह करता हूं कि वे टीकाकरण के महत्व के बारे में अपने डॉक्टर से बात करें और अपनी किसी भी चिंता पर चर्चा करें।

## कल्याण ज्वैलर्स ने खोला नया शोरूम

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: अक्षय तृतीया से पहले, भारत की सबसे भरोसेमंद और सबसे बड़ी आभूषण कंपनियों में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने आज औरंगाबाद में अपना नया शोरूम खोला। नए और शानदार शोरूम का उद्देश्य बिहार में कंपनी की बाजार उपस्थिति को मजबूत करना है, जिसमें विभिन्न संग्रहों से डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला है। यह बिहार राज्य में कंपनी का 16वां शोरूम है। ग्राहक विश्व स्तरीय माहौल के साथ अत्याधुनिक सुविधाओं की उम्मीद कर सकते हैं, जो एक अद्वितीय खरीदारी अनुभव प्रदान करते हैं। अक्षय तृतीया पर ग्राहकों को इस सीजन में सभी आभूषण खरीद पर मेकिंग चार्ज पर 25% की छूट मिलती है, जो ब्रांड की अग्रिम बुकिंग सुविधा की बदौलत है। प्री-बुकिंग कार्यक्रम ग्राहकों को अपने आभूषणों का ऑर्डर पहले से ही सुविधाजनक तरीके से देने की अनुमति देता है, जिससे शुभ दिनों पर परेशानी मुक्त खरीदारी का अनुभव सुनिश्चित होता है।

# झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर का खूंटी में आगमन, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर का आगमन खूंटी लोकसभा के इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी काली चरण मुण्डा के आवासीय कार्यालय में हुआ जिसमें मीर ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को गर्म जोशी से लोकसभा चुनाव में लगने एवं हर संभव वोटरों को वोटिंग के लिए जागरूक करने की नसीहत दी बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने की जिसमें मीर ने कहा कि इस बार खूंटी लोकसभा हम सभी जीत रहे हैं फिर भी सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी से इमानदारी पूर्वक आपने कार्य का निर्वाह करने की नसीहत दी, मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा, दयामनी बारला, अमरेन्द्र सिंह,मानस सिन्हा, रविन्द्र सिंह, पीटर मुन्डू,देवजीत देवधरिय, मदन मिश्रा,पुर्व जिला अध्यक्ष राम कृष्ण चौधरी,विलसन तोपनो, सुषमा भेंगरा, अनमोल होरो, जयसिंह नाग,जेम्स तोपनो, एडवर्ड हंस,सोनू इमरान,अजय गुप्ता, फुलचंद टुटी, हेलेन होरो, मगरीता खेस, सुन्दरमनी, चन्द्रप्रभात मुण्डा, पांडेय मुण्डा,विलसन बोदरा,कैसर खां, तैयबा आन्सारी, गुलाम गौस, एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# इंडिया गठबंधन भाकपा माले उम्मीदवार को जिताने के लिए डोर टू डोर चलाएगी अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** इंडिया गठबंधन समन्वय समिति की जिलास्तरीय समीक्षा बैठक विशुनपुर रोड स्थित राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के आवास पर हुई। अध्यक्षता इंडिया गठबंधन के संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने किया,जबकि संचालन जेएमएम अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने किया। बैठक में कोडरमा जिला में चुनावी गतिविधि को लेकर विशेष समीक्षा की गई। बैठक में इंडिया गठबंधन के घटक दल राजद,कांग्रेस,जेएमएम,आम आदमी पार्टी, सीपीएम-सीपीआई और भाकपा माले,मजदूर संगठन समेत दलित संगठन एवं प्रगतिशील संगठन के नेतृत्वकारी नेताओ ने शिरकत किया।वहीं बैठक में बरकट्ठा के पूर्व विधायक सह जेएमएम नेता जानकी प्रसाद यादव भी मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन के रामधन यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, अवधेश प्रसाद यादव, महादेव राम,सह संयोजक प्रकाश रजक, महादेव राम,असीम सरकार मनोज सहाय पिंकू, डॉ जावेद अख्तर समेत अन्य नेताओ ने कहा कि कोडरमा लोकसभा चुनाव में इसबार बदलाव की बयार बह रही है।उन्होंने कहा कि जनता मौजूदा सांसद अन्नपूर्णा देवी के निष्क्रियता से काफी आक्रोश में है।उन्होंने कहा कि कोडरमा विधानसभा में इसबार डोर टू डोर चुनाव अभियान चलाने का रोडमैप तैयार किया गया है,जिसे जमीन पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन एकजूट होकर एक एक मतदाता से सीधा संपर्क करने की योजना तैयार की है। वहीं कोडरमा विधानसभा के सभी छह प्रखंडों में योजनाबद्ध तरीके से प्रत्याशी का जनसम्पर्क अभियान भी चलाया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा को हार का डर सताने लगा है, इसलिए चुनावी सभा मे झूठ और अफ़वाह फैलाकर जनता को दिग्भ्रमित करने में जुटी है। नेताओ ने कहा कि कोडरमा में इसबार भाकपा माले का चुनावी चिन्ह तीन तारा जन जन का चुनावी चिन्ह बन गया है।

# केंद्रीय मंत्री व खूंटी लोकसभा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने जिले के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से किया संवाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** केंद्रीय मंत्री व खूंटी लोकसभा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने खूंटी जिले के विभिन्न गांवो में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की चिंता हमारी सरकार ने की है, इससे पहले 60 साल तक राज करने वाले कांग्रेस ने आदिवासी समाज को सिर्फ वोट बैंक समझा था। मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी समाज को प्रथम पंक्ति में लाने के लिए खूंटी लोकसभा में 20 एकलव्य खोलने का काम प्रारंभ हो चुका है। जल्द ही यहां पर शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होगा, जहां 12वीं तक बच्चों को शिक्षा भी दी जाएगी और उनके रहने-खाने का इंतजाम भी हमारी सरकार करेगी। मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि खूंटीवासियों के लिए हमारे प्रधानमंत्री के दिल में एक खास जगह है और अपने भाषणों में वे भगवान बिरसा मुंडा को जिक्र हमेशा करते हैं। उन्हीं के नेतृत्व में चल रही सरकार में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में घोषित किया। यह खूंटीवासियों के लिए गर्व कि बात है। कांग्रेस ने हमेशा से आदिवासी समाज के योगदान को भुलाने का काम किया लेकिन भाजपा आज उनके योगदान को सबके समक्ष ला रही है। कल चाईबासा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया । इस दौरान उन्होंने मुझे एक कार्य सौंपा है, उन्होंने कहा था कि खूंटी की जनता को मेरा जोहार बोलना, मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से आप सभी को जोहार और प्रणाम करता हूँ।साथ ही आप सभी से अपील करता हूँ कि हम सभी को मिलकर फिर से एक बार मोदी सरकार बनाना है।

## ठाकुरगांव में मंडा पूजा को लेकर ग्रामीणों ने किया बैठक



**ठाकुरगांव (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी ठाकुर गांव मे मंडा पूजा को लेकर ग्रामीणों ने की आपस में बैठक, जिसमें भव्य मंडा पूजा को लेकर चर्चा किया गया और मंडा पूजा का डागर 05.05.2024 को डागर दिया जाएगा और 08.05.2024 को पाठ पूजा किया जाएगा और 27.05.24 को दिन सोमवर फुलखुंदी और रात्रि में रंगारंग अर्केस्टा जागरण का कार्यक्रम रखा गया है, और 28.05.24 मंगलवार को विधिवत झूलन और मेला का आयोजन किया गया है । बैठक में अध्यक्ष लाल राजीव नाथ सहदेव, सचिव मुकेश कुशवाहा, कोषाध्यक्ष संतोष साहु, संरक्षक जगदीश साहु, मुखिया सचिन पहन,लक्ष्मण महतो, रामा महतो, उमेश वैध,गोपाल भगत शामिल हुए।

# महिला समूह से जुड़ी दीदियों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो, प्रखंड परिसर में शनिवार को जेएसएलपीएस के महिला समूह से जुड़ी दीदियों, दिव्यांग समूह व कर्मी गण के साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें रंगोली के माध्यम से प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश कुमार सिन्हा के द्वारा बताया गया की वोट देना सभी का अधिकार है और ये अधिकार से किसी को वंचित नही होना है साथ ही अपने आस पास के लोगो को भी बिना प्रलोभन में आकर वोट करने का दिशानिर्देश दिया गया। जागरूकता कार्यक्रम मे सभी को संबोधित करते हुए 13 मई को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चडकर भाग लेकर मतदान करने का अपील की ताकि कोई भी मतदान से वंचित न रह जाए इसके आलावा उपस्थित सभी को पारंपरिक विधि से मतदान की अपील करते हुए मतदान के लिए प्रेरित किया साथ ही अपने आस पास के मतदाता को भी जागरूक करने की बात कही, पहले मतदान फिर जलपान करने की बात अपने संबोधन में डेमो ईवीएम मशीन दिखाकर वोटिंग की प्रक्रिया को समझाए। मौके पर पंकज, पवन, कृपाशंकर, शिवसागर, बिजल, सावित्री , बबली, रितु, कामराज, कालेशवर, सोभना, सुमन, प्रतिमा व समेत समूह की दीदीयों ने भाग लिया।

### राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से लोको पायलट की हुई मौत

**कोडरमा :** कोडरमा- गया रेल खंड के गझंडी स्टेशन पॉल संख्या 403/28 (1-2) के निकट नयी दिल्ली रांची राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक लोको पायलट की की मौत हो गई । बताया जाता है कि घटना शनिवार अहले सुबह 4ः30 की है। जिसमें लोको पायलट की पहचान पंकज कुमार सिंह, पिता स्वर्गीय शिवधारी सिंह, जानकी नगर, थाना रामपुर, मुंगेर बिहार निवासी के रूप में की गयी। जानकारी अनुसार लोको पायलट पंकज सिंह ड्यूटी अवर के दौरान शुक्रवार की रात 9ः45 बजे एक लाइट इंजन लेकर देर रात 1ः00 बजे गझंडी पहुंचे थे। जहां से वे पुन ः लौटकर 3ः30 बजे गझंडी में लाइट इंजन को खड़ा कर रेल पटरी के रास्ते जा रहे थे इसी क्रम में वे ट्रेन की चपेट में आ गए।

## कांग्रेस पार्टी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बेड़ो लोहरदगा सड़क स्थित प्रखंड मुख्यालय के गेट समीप भवन में शनिवार को कांग्रेस पार्टी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन कांग्रेस कमिटी के प्रखंड अध्यक्ष प्रो0 करमा उराँव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए करमा उराँव ने कहा कि महागठबंधन प्रत्याशी की जीत लोहरदगा लोकसभा से सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ता तन्मयता से कार्य करें। हमलोगों के ग्राम भ्रमण के दौरान ग्रामीणों का रुझान महागठबंधन प्रत्याशी की ओर देखा जा रहा है। ग्रामीण महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है और जुम्लेबाजी सरकार को छोड़ महागठबंधन की ओर आ रहे हैं। इससे महागठबंधन प्रत्याशी की जीत लोहरदगा लोकसभा से सुनिश्चित है। उद्घाटन मौके पर मजकुर सिद्दीकी, नवल किशोर सिंह, गोपाल उराँव, मोद्दसिर हक, पिंकु खन्ना, सेलवेस्टर तिर्की, समसाद आलम, रूसतम अंसारी, मो. फहीम व बिरसा उराँव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मरकजी अंजुमन मांडर प्रखंड की हुई बैठक, लिए गए कई निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** शनिवार को मदरसा महमूदिया सुरसा मुड़मा के बगीचा में मरकजी अंजुमन मांडर प्रखंड की एक अहम बैठक सदर नुरुल्लाह हबीब नदी की अध्यक्षता में हुई । इस बैठक में मांडर प्रखंड के सभी 85 अंजुमनों के सदर सेक्रेटरी एवं खजांची सहित दानिश्वर गणमान्य बुद्धिजीवियों ने हिस्सा लिया । बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मुस्लिम समाज में जो बुराइयां हैं उसे खत्म करना है ,शादी विवाह में फिजूलखर्ची को रोकना है को , दहेज प्रथा पर अंकुश लगाना है और बारात की संख्या 50 व्यक्तियों तक सीमित किया गया ।। आगामी लोकसभा चुनाव पर भी चर्चा किया गया और कहा गया कि जो भी उम्मीदवार या पार्टी मुसलमानों के मसले पर लोकसभा और विधानसभा में आवाज उठाएगी उनके हक और हिस्सेदारी की बात करेगा मुस्लिम समाज उनका समर्थन और वोट देने की बात करेगा। उनका समर्थन किया जाएगा मुसलमान की जमीन को सीएनटी एक्ट के दायरे में लाने की जो लड़ाई लड़ेगा एवं वकालत करेगा और मांडर प्रखंड में प्लस टू अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय बनवाने का बात करेगा मुस्लिम समाज उसी उम्मीदवार को समर्थन करेगा और आबादी के अनुपात में विकास योजनाओं में हिस्सेदारी एवं भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कहेगा अंजुमन ने यह फैसला लिया अब हम किसी पार्टी की गुलामी नहीं करेंगे हम प्रत्याशी के गुण दोष के आधार पर फैसला लेंगे और जल्द ही एक और मीटिंग होगी तब मुस्लिम समाज फैसला लेगा कि हमें वोट किस उम्मीदवार और किस पार्टी को देना है। बैठक में मुख्य रूप से अंजुमन के सदस्य सेक्रेटरी अफरोज आलम ,नायब सेक्रेटरी अमानत अंसारी के अलावा मोहम्मद शाकिर इस्लाही अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद आबिद अंसारी आजबुल अंसारी मौलाना रफीक अंसारी रोजिद अंसारी सलीम अंसारी अली हसन अंसारी मुजिबुल अंसारी अनवर अंसारी हातिम अंसारी कलाम अंसारी फारूक अंसारी अमानुल्लह अंसारी साहिल अंसारी मुन्ना अंसारी फिरोज अंसारी अफरोज अंसारी जिब्रील अंसारी अब्दुल अंसारी अमानत अंसारी शफीउल मजीद सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे धन्यवाद ज्ञापन मौलाना इनामुल नदवी ने किया।

## झुमरीतिलैया में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

**झुमरीतिलैया (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया. कार्यक्रम योग क्रांति जोड़ी योगी सुषमा सुमन योगी व प्रदीप कुमार सुमन की अगुवाई में किया गया. मौके पर योगी सुषमा सुमन ने कहा कि कोडरमा लोकसभा में लगभग 500 गांव में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा जिसमें सभी योग शिक्षक भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे ओर मतदाता को जागरूक करेंगे. उन्होंने यह भी बताया कि उसके अलावे 300 गांव में और वह गांव को चयन करेगी जहां मतदान का प्रतिशत कम होती है वहाँ पर मतदाता अभियान चला कर लोगों को वोट देने की अपील की जायेगी. वहीं प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि आदिवासी बनवासी और शहर वासी को विशेष जागृत करना पड़ेगा उसके लिए विशेष मतदान अभियान चलाया जाएगा, आपका मतदान 5 साल के लिए एक मजबूत सरकार बनती है मतदान करें. इस अवसर पर योग शिक्षक उपेंद्र दुबे, राजेंद्र सिंह, अनिल सिंह, संगीता देवी, रीना देवी, गोपाल शर्मा, पूनम बरनवाल,ज्योति देवी,राजेंद्र बरनवाल,सुरेश सिंह, सीमा देवी, सुधारानी,विनय राणा, प्रदीप साव,सुभाष गुप्ता, विजय बरनवाल,कैलाश लाल बरनवाल, दयानंद गुप्ता,सुनील राणा, मुकेश कुमार,अजीत बरनवाल,शंभू बरनवाल, पुष्पा देवी, नमिता बरनवाल,सुरेश यादव,राजेंद्र यादव,कैलाश राणा,सविता बरनवाल, कविता देवी, रामदेव राणा, सुदामा देवी, बिंदेश्वरी देवी,लक्ष्मी देवी,नूतन कुमारी, कृतिका आयरन, सुधा देवी,सुमित्रा देवी,चिंता देवी, रेखा देवी,खुशबू कुमारी, विमला देवी, प्रेमलता देवी, सुनीता देवी सुशीला देवी,ललिता देवी,अनीता देवी, रेणु देवी,मंजू देवी आदि लोग मौजूद रहे.

# बचरा हाई स्कूल के बच्चो ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा हाई स्कूल के बच्चो ने शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाला।इस रैली में काफी संख्या मे स्कूली बच्चे और शिक्षक सहित जन प्रतिनिधि शामिल हुए।जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह स्कूल के बच्चो द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।यह रैली बचरा आवासीय कॉलोनी का भ्रमण करते हुए बचरा चार नंबर चौक पर पहुंची,जहां रैली नुक्कड़ सभा मे तब्दील हो गया।नुक्कड़ सभा के माध्यम से बच्चो ने लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया।सभा मे लोगो को वोट का अधिकार की जानकारी दी।साथ ही अपने मत का प्रयोग करने के बारे मे बताया गया।नुक्कड़ सभा मे बच्चों द्वारा तरह-तरह का नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।मुखिया गुंजन सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव मे अधिक से अधिक मताधिकार कराने और वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई है,जो पुरे कालोनी का भ्रमण कर लोगो को वोट के प्रति जागरुक करने का काम कर रही है।नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बचरा क्षेत्र में आगामी 20 मई को सभी मतदाताओ से वोट करने की अपील की गई।इस मौके पर काफी संख्या में स्कूली बच्चों के अलावा शिक्षक और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन नें डीसी डीएसई को ज्ञापन सौंपा

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, डोमचांच के संरक्षक सुनील कुमार सिन्हा, अध्यक्ष विवेक इन्द्र गुरु, उपाध्यक्ष पंकज कुमार कन्धवे, सचिव शिवकुमार मेहता और सह कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार मेहता ने शनिवार को कोडरमा समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त, कोडरमा और जिला शिक्षा पदाधिकारी, कोडरमा को निजी विद्यालयों के कक्षा केजी से कक्षा अष्टम तक प्रातः कालीन समय तालिका के अनुसार पूर्वाहन 10ः00 बजे तक चलाने की अनुमति के लिए एक ज्ञापन सौपा. ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रभारी सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार को भी ईमेल किया गया. ज्ञापन में बताया गया कि विगत 29 अप्रैल 2024 को प्रभारी सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के पत्रांक 58 के द्वारा 30 अप्रैल 2024 से अगले आदेश तक सभी कोटि के विद्यालयों में कक्षा केजी से अष्टम तक अत्यधिक गर्मी एवं लू का हवाला देते हुए पठन-पाठन स्थगित किया गया , लेकिन विद्यालय में शिक्षकों को बुलाया गया है और नवम से ऊपर के कक्षाओं की पढ़ाई जारी रखी गई है, जिससे विद्यालय संचालकों के सम्मुख कई संकट उत्पन्न हो गए हैं.


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## बिजली विभाग ने आटा चक्की का बिल भेजा 18 लाख, उपभोक्ता के उड़े होश

**राजनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री के गृह जिला में बिजली विभाग के पदाधिकारीयों की कार्यशैली का एक नमूना देखने को मिला जब एक साधारण उपभोक्ता का बिजली बिल 18 लाख आया। जहाँ एक ओर सरकार बिजली बिल माफी की बात करती है। तो वहीं दूसरी ओर एक आम आदमी का बिजली बिल 18 लाख आ रहा है। मामला राजनगर प्रखंड के हेंसल गाँव का है। जब मधुसूदन गोप के घर में महीने का बिजली बिल 18 लाख आ गया। जिससे मधुसूदन गोप और उसके परिवार के सदस्य काफी चिंतित है। वहीं मधुसूदन अपना बिजली बिल सुधार करवाने के लिए पिछले 10 महीनों से कार्यालय के चक्कर काट रहे है।जानकारी के अनुसार मधुसूदन गोप अपने घर मे ही लघु उद्योग स्थापित कर छोटा सा गेंहू पीसने वाली मशीन (आटा मशीन) लगा कर किसी प्रकार अपने परिवार का पेट पाल रहा है। उन्होंने अपना बिजली कनेक्शन( कॉमर्शियल लाईन) ले लिया। उस वक्त उनका 5 केवी बिजली लोड थी। उस समय 3 से 5 हजार बिल आया करता था। और व प्रतिमाह अपना बिजली बिल समय पर भुकतान करते थे। जिसके बाद 8 केवी लोड सप्लाई ले ली। 8 केवी लोड सप्लाई लेने के दूसरे महीने ही उसे 1,59,136 का बिल आ गया। जिसे सुधार करवाने के लिए मधुसूदन गोप ने विभाग को आवेदन भी किया। लेकिन बिल में सुधार नही किया गया,पिछले 10 महीने से लगातार कार्यलय का चक्कर लगाते रहे,लेकिन कोई समाधान नही हुआ।और अब उन्होंने जब अपना बिल ऑनलाइन के माध्यम से देखा तो उनके होश ही उड़ गए। अब उनका बिजली बिल लगभग 18 लाख आ गया है। वहीं उन्होंने मीडिया के माध्यम से सरकार एवं बिजली विभाग से बिजली बिल सुधार की गुहार लगाई है।



## हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी के चेयरपर्सन रुचि नरेंद्रन ने कैप्टन धनंजय मिश्रा को किया सम्मानित

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी (एचएसजे) द्वारा टाटा यूएसआईएल के पूर्व सीनियर जीएम कैप्टन धनंजय मिश्रा का अभिनंदन किया गया। सोसायटी की चेयरपर्सन रुचि नरेंद्रन ने कैप्टन धनंजय मिश्रा का स्वागत करते हुए कैप्टन धनंजय मिश्रा के समाज में योगदान के बारे में जानकारी दी। सोसायटी की अध्यक्ष सुमिता नूपुर ने कैप्टन धनंजय मिश्रा के साथ अपने अनुभव व्यक्त किये।सोसायटी के उपाध्यक्ष बरेन मैती ने कैप्टन धनंजय मिश्रा के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब वह सोसायटी के सचिव और कैप्टन धनंजय मिश्रा सोसायटी के अध्यक्ष थे, दोनों ने मिलकर काम किया और समाज के लिए बहुत कुछ हासिल किया और इसे एक सोसायटी के रूप में पंजीकृत कराया। इन सबका श्रेय कैप्टन मिश्रा को जाता है। सोसायटी की महासचिव अनुराधा महापात्रा ने कैप्टन मिश्रा को सोसायटी के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। कैप्टन मिश्रा ने समाज के साथ अपने अनुभव साझा किए और समाज के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे।।उन्होंने एचएसजे को आगामी वार्षिक पुष्प शो और राष्ट्रीय गुलाब सम्मेलनों के लिए अपने पूर्ण समर्थन का भी आश्वासन दिया। कैप्टन मिश्रा को प्रशंसा चिन्ह भी भेंट किया गया। इस सम्मान कार्यक्रम के दौरान लगभग 30 ईसी सदस्य उपस्थित थे।



## सरायकेला बाजार क्षेत्र में खुला इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जोबा मांझी का चुनावी कार्यालय

**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला नगरपंचायत क्षेत्र में शनिवार की संध्या सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जोबा मांझी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन झामुमो जिलाध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो, जिला परिषद अध्यक्ष सह झामुमो नेता सोनाराम बोदरा एवं कांग्रेस नेता राज बागची द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष डॉ शिवेंदु महतो ने कहा कि यह चुनाव विचारधारा की लडाई है। सिंहभूम सीट से झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी की भारी बहुमत से जीत सुनिश्चीत करना है इसके लिए सभी कार्यकर्त्ता कमर कस चुके हैं। भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा वह लोकतंत्र की हत्या करना चाहती है। जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने कहा कि उन्होंने 1991 की जीत को दोहराने की बात कहते हुए कहा कि सरायकेला विस से इस बार रिकार्ड वोट की बढत झामुमो को मिलेगी जो पुरे संसदीय क्षेत्र में निर्णायक साबित होगी।कांग्रेसी नेता राज बागची ने कहा कि सांसद गीता कोड़ा ने अपने पांच वर्षो के कार्यकाल में कुछ भी नही किया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सानद कुमार आचार्य,नगरध्यक्ष झामुमो बडबाबु सिंहदेव, लीपु महांती, कांग्रेसी नेता सत्यकिंकर दाश उर्फ रूईदाश, टुकुन भंज, राजेन मुर्मू, सुधीर महतो सहित काफी संख्या में झामुमो एवं कांग्रेस के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।



## बासंती गागराई ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष में किया प्रचार

**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव की तिथि जैसे-जैसे सामने पहुंच रही है चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। इसी के तहत शनिवार को खरसावां विधायक दशरथ गागराई के धर्म पत्नी सह समाजसेवी बासंती गागराई ने अपने टीम व समर्थकों के साथ खुंटपानी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव की दौरा कर खुंटी लोकसभा के महागठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष में प्रचार प्रसार करते हुए मतदान करने की अपील की।इस संबंध में श्रीमती गागराई ने बताया कि इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी कालीचरण मुंडा की साफ सुथरी स्वच्छ ईमानदारी छवि के कारण आम जनता उनके पक्ष में है। उन्होंने कहा कि 30 वर्षो से खुंटी लोकसभा की जनता ठगा महसूस कर रही है?। क्षेत्र के गंभीर सवालों को लोकसभा में नहीं उठाया गया और ना ही वह आवाज सड़कों पर भी सुनाई दी । साथ ही आदिवासियों का अपना हक अधिकार से संचित रखा गया है। इस दौरान मुख्य रूप से बासंती गागराई जीप सदस्य जमुना तियु पुर्व प्रमुख रजनी बानरा समेत काफी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# ग्राम सभा के नाम पर बालू चालान काटने के खिलाफ जांच में जुटे आला अधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में ग्राम सभा के माध्यम से बालू का चालान काटे जाने की सूचना पर चांडिल एसडीएम शुभ्रा रानी, जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी एवं सीओ दीपक प्रसाद द्वारा जांच किया गया। पदाधिकारियों का टीम ईचागढ़ के हाड़ात गांव पहुंचे व गांव के ग्राम प्रधान व सार्वजनिक सम्पदा प्रवंधन समिति के अध्यक्ष के घर पहुंचे। पुलिस बल के साथ पदाधिकारियों को देखते ही दोनों फरार हो गया। वहीं पदाधिकारियों का टीम कुकड़ु के तिरूलडीह थाना भी पहुंचे व ग्राम सभा के माध्यम से अवैध बालू चालान का मामला पर निगरानी रखने का तिरूलडीह थाना प्रभारी को निर्देश भी दिए। वहीं हाड़ात गांव के ग्राम प्रधान बुधु सिंह मुण्डा एवं सार्वजनिक सम्पदा प्रवंधन समिति के अध्यक्ष गोलक बिहारी सिंह मुण्डा के हस्ताक्षर युक्त चालान के संबंध में जांच पड़ताल किया गया। बताया जा रहा है कि खनन पदाधिकारी व एसडीएम द्वारा सीओ दीपक प्रसाद को ईचागढ़ थाना में ग्राम प्रधान, अध्यक्ष व अवैध बालू चालान के खेल में शामिल व्यक्तियों पर मामला दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। बताया जा रहा है कि ग्राम सभा के माध्यम से पंचायत उपबंध अधिनियम 1996 खान एवं भूतत्व विभाग की अधिसूचना 26 जुलाई 2004 संशोधन 2017का प्रावधान झारखंड पंचायत का उपबंध 2022 संवैधानिक प्रावधानों के आलोक में चालान संख्या, वाहन मालिक का नाम,मात्रा , शुल्क,बस्तु का नाम लिखा हुआ चालान निर्गत किया जाता है। इस संबंध में पदाधिकारियों को चालान रसीद भी हाथ लगी है। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि मामला गंभीर है और इस पर आवश्यक कार्रवाई किया जा रहा है। हालांकि खबर लिखे जाने तक किसी के ऊपर मामला दर्ज नहीं किया गया है।



# इमरान खान : जमशेदपुर एफसी से भारतीय टीम तक का सफर

**- विश्व कप 2026 के शुरुआती ज्वाइंट क्वालिफिकेशन राउंड 2 मैचों के लिए भुवनेश्वर कैंप के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों में शामिल**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी के प्रतिभाशाली मिडफील्डर इमरान खान ने कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के शुरुआती ज्वाइंट क्वालिफिकेशन राउंड 2 मैचों के लिए भुवनेश्वर कैंप के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों में जगह बनाने सफल रहे हैं. यह दूसरी बार है जब खान को भारतीय राष्ट्रीय टीम के लिए बुलाया गया है, जो भारतीय फुटबॉल में उनकी बढ़ती प्रमुखता को दर्शाता है.

संभावित खिलाड़ियों में खान का चयन जमशेदपुर एफसी के लिए उनके शानदार प्रदर्शन का प्रमाण है, जहां उन्होंने दो गोल और दो असिस्ट के साथ हाल की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. मैदान पर उनकी लगातार बेहतर करने की क्षमता किसी की नजर से नहीं छूटी है, जिससे उन्हें चयनकर्ताओं और प्रशंसकों से समान रूप से पहचान मिली है.

इम्फाल के पास एक छोटे से गांव कैरंग ममांग लेईकाई से ताल्लुक रखने वाले खान की यात्रा समर्पण और दृढ़ता की शक्ति का प्रतीक है. साधारण शुरुआत से राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने तक का उनका सफर, किसी के सपनों को हासिल करने में कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है.

भारत 10 मई को ओडिशा की राजधानी में अपना प्रशिक्षण शिविर शुरू करेगा. ब्लू टाइगर्स 6 जून को कोलकाता में कुवैत से भिड़ेगा और फिर 11 जून को ग्रुप ए के अपने आखिरी दो मैचों में कतर से दोहा में भिड़ेगा. भारत फिलहाल चार मैचों में चार अंक लेकर ग्रुप में दूसरे स्थान पर है. ग्रुप की शीर्ष दो टीमें फीफा विश्व कप क्वालीफायर के राउंड 3 के लिए क्वालीफाई करेंगी और एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 में अपना स्थान पक्का करेंगी.

खान के लिए, यह अवसर सिर्फ व्यक्तिगत सफलता से कहीं बढ़कर है. यह अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाने और देश भर के फुटबॉलरों को प्रेरित करने का मौका है. अपनी फुटबॉल यात्रा के इस नए अध्याय की शुरुआत करते हुए, खान अपने साथ एक राष्ट्र की उम्मीदों और सपनों को लेकर चल रहे हैं, जो उनकी उल्लेखनीय कहानी के अगले अध्याय को देखने के लिए उत्सुक हैं.




# हैशटैग मैं भी इलेक्शन एंबेसडर के सफल आयोजन को लेकर मीडिया प्रतिनिधियों के साथ एसडीओ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** अनुमंडल कार्यालय सरायकेला के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति की अध्यक्षता तथा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार के उपस्थिति में जिले के विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों की एक बैठक हुई। बैठक में आगामी 07 मई 2024 को सोशल मीडिया हैशटैग मैं भी इलेक्शन एंबेसडर अभियान के सफल संचालन एवं क्षेत्रवासियों की इस अभियान में वृहत्तर सहभागिता को लेकर परिचर्चा का आयोजन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों से कहा गया कि आज के समय में सूचनाओं के आदान प्रदान एवं प्रसार में मीडिया का सक्रिय योगदान है। लोकसभा आम निर्वाचन में व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी 07 मई को संध्या 06 से 08 बजे के मध्य सभी सोशल मीडिया हैंडल्स पर सोशल मीडिया कैंपेन चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें स्वीप के तहत विभिन्न स्टेकहोल्डर्स यथा विद्यालय के विद्यार्थियों, सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर्स, चैंबर ऑफ कॉमर्स, लेबर यूनियन, एनयूएलएम, जेएसएलपीएस, कॉर्पोरेट्स, यूएलबी, बीएजी के अलावा आपकी भी भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। सभी के परस्पर सहयोग से मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जायेगा है एवं वीडियो, फोटो, पेंटिंग आदि को हैशटैग मैं हूं इलेक्शन एंबेसडर के साथ संध्या 06 से 08 बजे के बीच अपने अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपलोड किया जायेगा। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से इस अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने तथा अन्य लोगो को भी अपने स्तर से प्रेरित करने का अपील किया।



# अधिकारियों की लापरवाही से लैम्पस के लाभुकों को चार साल बाद भी नहीं मिला बकाया राशि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** लैम्पस अधिकारियों की लापरवाही के कारण गम्हरिया और आदित्यपुर लैम्पस के हजारों लाभुकों को करीब चार साल के बकाया राशि का अबतक भुगतान नही हो पाया है। उन लाभुकों ने लगभग ढाई करोड़ रुपए लैम्पस में जमा किए थे। लेकिन उनके जमा राशि का एक प्रतिशत राशि भी उन्हें अब तक नहीं मिल पाया है। उन बकाएदारों में अधिकतर छोटे-मोटे व्यापारी हैं जो भविष्य में पूंजी निवेश को लेकर लैम्पस में खाता खुलवाकर राशि जमा किया था। अब राशि के अभाव में उनका व्यापार भी बन्द होने के कगार पर है। बीते वर्ष 2022 में तत्कालीन जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा इस मामले में कड़ा निर्णय लेते हुए लैम्पस से ऋण लेने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की थी। उस कार्रवाई के तहत करीब 250 ऋणधारकों को नोटिस भेजा गया था। साथ ही, 36 ऋणधारकों के विरुद्ध बॉडी वारंट भी जारी किया गया था। लेकिन बाद में इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। विदित है कि लैम्पस से ऋण लेकर बकाएदार कई वर्षों से सोए हुए हैं। उन्होंने अपने ऋण अदायगी का एक भी किश्त जमा नहीं किया है। सहकारिता विभाग ने भी अब उन पर शिकंजा कसना बंद कर दिया है। नीलाम पत्र पदाधिकारी सह जिला सहकारिता पदाधिकारी ने वर्ष 2022 में सभी बकाएदारों के विरुद्ध बॉडी वारंट जारी करते हुए कांड्रा, गम्हरिया और आदित्यपुर पुलिस को उन बकाएदारों की सूची सौंप कर कार्रवाई का आदेश दिया था। उस समय वर्षों से ऋण लेकर चुकता नहीं करने वाले लाभुकों में खलबली मच गई थी। दूसरी ओर अपने जमा पैसे की वापसी के लिए प्रतिदिन लैम्पस का चक्कर काटने वाले खाताधारकों के मन में भी बॉडी वारंट जारी होते ही पैसे वापस मिलने की आस जगी थी। ज्ञात हो कि कांड्रा लैम्पस से भी सैकड़ों लाभुकों ने करीब 10 से 15 वर्ष पूर्व ऋण के रूप में एक बड़ी राशि ली थी। लेकिन बाद में उनके द्वारा ना तो किस्त के रूप में रकम वापसी की गई और ना ही ऋण चुकाने के प्रति बकाएदारों ने दिलचस्पी दिखाई। इसी प्रकार, आदित्यपुर लैम्प्स में भी पूर्व के सहकारिता पदाधिकारी द्वारा अपने सगे संबंधियों में बांटे गए ऋण के कारण क्षेत्र के करीब 350 रोजमर्रा का व्यवसाय करने वाले लोगों के पैसे लैम्पस के खाता में फंसा हुआ हैं। वर्तमान में आदित्यपुर लैम्पस में ताला लटका है और वहां का सारा काम गम्हरिया लैम्पस से हो रहा है।

## डिमना लेक से सटे गेरुआ गांव के एक प्लांट में लगी भीषण आग

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डिमना लेक से सटे बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत गेरुआ गांव स्थित विपिन दुबे के प्लांट (तेल मिल) में शनिवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई थी। इसकी सूचना पुलिस व अग्निशमन विभाग को दिए जाने के बाद एक घंटे के अंदर एमजीएम मेडिकल कॉलेज में मौजूद दमकल वाहन पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद दोपहर साढ़े 12 बजे तक आग पर काबू पा लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार कई एकड़ जमीन में बने जमशेदपुर निवासी विपिन दुबे के प्लांट के अंदर काफी संख्या में ड्रम रखा हुआ था जिसमें अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ होने की वजह से अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। यह आग धीरे धीरे गेरुआ के जंगल की ओर फैलने लगी थी लेकिन ग्रामीणों एवं दमकल विभाग के कर्मियों की सूझबूझ से एक बड़ा खतरा टल गया। बोड़ाम थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि बाउंड्री के अंदर ड्रम में पेंट रखा हुआ था जिसमें आग लगने पर विकराल रूप धारण कर लिया था। इस घटना में कितनी क्षति हुई है इसकी जांच करने से ही पता चल सकेगा।



## माहलीपाड़ा में हरिनाम संकीर्तन में सपत्नीक शामिल हुए खगेन चंद्र महतो

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के कमलपुर पंचायत अंतर्गत माहलीपाड़ा गांव में हर साल की भांति इस साल भी सोलोआना कमेटी की ओर से चौबीस प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ शुक्रवार से हो गई है। संकीर्तन महायज्ञ में जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो धर्मपत्नी बिंदु वाला महतो के साथ शामिल होकर मंदिर में मत्था टेकते हुए क्षेत्र की खुशहाली कामना की। जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने बताया कि तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के लिए पूरे क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो गई है। उन्होंने बताया कि संकीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से छह कीर्तन मंडलियां शामिल होकर प्रस्तुति दें रहे हैं। महायज्ञ में आसपास गांव से काफी संख्या में श्रद्धालुओं पहुंच कर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इस दौरान मुख्य रूप से श्रावण राजवाड़, कृष्णपद महतो, ग्राम प्रधान हरेण महतो, पवन महतो,जीतु महतो, सुनील महतो, रामप्रसाद महतो, किरीटी महतो आदि लोग उपस्थित थे।



## चक्रधरपुर रेल मंडल डीआरएम ने गम्हरिया रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम अरुण जे राठौर द्वारा शनिवार को गम्हरिया रेलवे स्टेशन का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने वहां अमृत भारत योजना के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। हालांकि निरीक्षण के दौरान कई खामियां पाई गई जिसे दुरुस्त करने का उन्होंने निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने गम्हरिया स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा भी लिया और आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए सभी कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि अमृत भारत योजना के तहत चक्रधरपुर रेल मंडल के 15 स्टेशनों का चयन किया गया है जहां युद्धस्तर पर काम चल रहा है। इस दौरान उनके साथ सीनियर डीएन कपिश चंद्र गुप्ता, एईएम एच के महापात्रा के अलावा बीओएम, एडीआरएम, एआरएम समेत कई रेल अधिकारी मौजूद थे।



## बंगला जात्रा कार्यक्रम का भाजपा नेता विनोद राय ने किया उद्घाटन

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के तुलीनडीह ग्राम में बंगला जात्रा सांस्कृतिक अनुष्ठान का आयोजन किया । जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह ईचागढ़ विधानसभा के भाजपा नेता बिनोद राय ने फीता कटकर कार्यकर्म का उदघाटन किया। बंगला जात्रा में दर्शकों का काफी भीड़ भाड़ रहा। वहीं मुख्य अतिथि बिनोद राय ने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर को बचाए रखना है। मौके पर नागेश्वर मांझी, गुरुपद गोप, सुग्रीव महतो, निधु कुमार, चंद्रशेखर मुंडा आदि उपस्थित थे।



## कमलपुर थाना प्रभारी ने काटिन बाजार में अवैध शराब के खिलाफ चलाया अभियान

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार कमलपुर थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर ने क्षेत्र में लगातार अवैध शराब के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को काटिन बाजार स्थित होटल एवं ढाबा में थाना प्रभारी ने अवैध विदेशी शराब के खिलाफ अभियान चलाया। जिसमें किसी तरह सफलता नही मिल पाई है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले ही अवैध शराब के कारोबार में लिप्त जमशेदपुर निवासी तीन लोगों को पकड़कर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त करने के लिए कमलपुर पुलिस लगातार अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके पहले ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित कई भट्ठियों को तोड़कर विनष्ट किया गया है। अभियान में थाना के सशत्र बल भी शामिल थे।

# जमशेदपुर लोकसभा के लिए 9 प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** निर्वाची पदाधिकारी 09-जमशेदपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र अनन्य मित्तल के समक्ष शनिवार को 9 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों में जी. जयराम दास, निर्दलीय, ज्ञान सागर प्रसाद, निर्दलीय, इंद्रदेव प्रसाद, निर्दलीय, शेख अखिरुद्दीन, बहुजन महा पार्टी, सनका महतो, एसयूसीआई (कम्युनिस्ट), जितेंद्र सिंह, निर्दलीय, पार्वती किस्कु, निर्दलीय, साधु चरण पाल, निर्दलीय और सुकुमार सोरेन, भारत आदिवासी पार्टी। जमशेदपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से अबतक मुख्य पार्टी भाजपा और इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी के अलावा कुल बीस लोगों ने नामांकन दाखिल किया है।

विचार मंथन

संपादकीय

## मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा

**जाति** के आधार पर राजनीतिक रोटियां सेंकने की कोशिश कर रही कांग्रेस को अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चारों ओर से बेनकाब कर दिया है। कांग्रेस अकसर भाजपा पर आरक्षण विरोधी होने का आरोप लगाती है, जबकि यथार्थ कुछ और है। भाजपा ने कभी भी अनुसूचित जाति-जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को हाथ नहीं लगाया है। जबकि कांग्रेस ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर सदैव टेड़ी नजर रखी है। संविधान में कहीं भी धर्म के आधार पर आरक्षण दिए जाने की नीति नहीं है। लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग में शामिल करके, पिछड़ा वर्ग के बंधुओं का हिस्सा मुसलमानों को दिया है। राहुल गांधी ने पिछले कुछ समय से पिछड़ा वर्ग का राग बहुत आलापा था। यहाँ तक कि केंद्र में ओबीसी सचिवों की संख्या का मामला उठाकर अपनी सरकारों की नाकामी को मोदी सरकार के माथे पर मढ़ने का प्रयास भी किया था। कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी को जवाब देना चाहिए कि उनकी पार्टी की सरकारों ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को मुस्लिम समुदाय को क्यों दिया? मुस्लिम समुदाय तो कथित तौर पर समानता एवं भाईचारे का संप्रदाय है, फिर वहाँ पिछड़ा वर्ग कहाँ से आया? राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की व्यवस्था के विरुद्ध जाकर मुसलमानों को आरक्षण देने का विचार क्यों आया? क्या यह मुस्लिम तुष्टीकरण की उपज है? लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगरा से कांग्रेस पर जबर्दस्त हमला बोला है। उन्होंने कहा कि "अब कांग्रेस ने ठान लिया है कि वह धर्म के आधार पर आरक्षण लाकर रहेगी। इसके लिए कांग्रेस ने तरीका निकाला है कि 27 प्रतिशत का ओबीसी का जो कोटा है, उसमें से कुछ चोरी कर लिया जाए। उसे छीन लिया जाए और धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया जाए"। वास्तव में देखा जाए तो कांग्रेस का कृत्य संविधान, आरक्षण एवं पिछड़े वर्ग के विरोधी होने के तौर पर दिखायी दे रहा है। क्योंकि भारत का संविधान धर्म के आरधर पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है। यदि संविधान की मूल भावना के विरुद्ध जाकर काम किया जाता है, तब यह न केवल संविधान का अपमान होगा अपितु बाबा साहब का भी अपमान होगा। प्रधानमंत्री मोदी के ये आरोप खोखले नहीं हैं। कांग्रेस विभिन्न राज्यों में धर्म के आधार पर आरक्षण की वकालत करती है और कई राज्यों में वह इसे लागू कर चुकी है। केंद्र स्तर पर भी मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग में आरक्षण की सुविधा प्राप्त है। कर्नाटक, केरल और आंध्र प्रदेश में कांग्रेस ने विभिन्न समय में तमाम मुसलमानों को ओबीसी में डालकर उनको आरक्षण दिया है। जरा सोचिए, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को बाँटने का यह काम किस नियत के साथ किया गया होगा? राजनीतिक गलियारों में कहा जा रहा है कि संविधान और आरक्षण को यदि किसी से खतरा है तो वह है कांग्रेस। कांग्रेस ने सैय्यद, शेख, पठान और मुगल जैसी जातियों को राज्यों में पिछड़ा वर्ग में शामिल करके संविधान की मूल भावना के विरुद्ध कार्य किया। अब कांग्रेस के कई नेता सभी मुसलमान जातियों को ओबीसी यानी सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा बता रहे हैं। यदि सभी मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग में शामिल कर दिया गया, तब पिछड़ा वर्ग के बंधुओं की क्या स्थिति होगी, यह किसी से छिपी बात नहीं है। याद रखें कि केवल भाजपा ही यह दावा एवं वादा करती है कि उसकी सरकार बनी तो धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। यदि कांग्रेस की नीयत में खोट नहीं है, तब उसके नेताओं को भी आगे आकर कहना चाहिए कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो धर्म के नाम पर दिया गया आरक्षण समाप्त किया जाएगा और भविष्य में ऐसी कोई नीति नहीं बनाई जाएगी, जिससे पिछड़ा वर्ग के बंधुओं का अधिकार मारा जाए।

भाजपा ने कभी भी अनुसूचित जाति-जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को हाथ नहीं लगाया है। जबकि कांग्रेस ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर सदैव टेड़ी नजर रखी है। संविधान में कहीं भी धर्म के आधार पर आरक्षण दिए जाने की नीति नहीं है। लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग में शामिल करके, पिछड़ा वर्ग के बंधुओं का हिस्सा मुसलमानों को दिया है। राहुल गांधी ने पिछले कुछ समय से पिछड़ा वर्ग का राग बहुत आलापा था। यहाँ तक कि केंद्र में ओबीसी सचिवों की संख्या का मामला उठाकर अपनी सरकारों की नाकामी को मोदी सरकार के माथे पर मढ़ने का प्रयास भी किया था। कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी को जवाब देना चाहिए कि उनकी पार्टी की सरकारों ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को मुस्लिम समुदाय को क्यों दिया? मुस्लिम समुदाय तो कथित तौर पर समानता एवं भाईचारे का संप्रदाय है, फिर वहाँ पिछड़ा वर्ग कहाँ से आया? राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की व्यवस्था के विरुद्ध जाकर मुसलमानों को आरक्षण देने का विचार क्यों आया? क्या यह मुस्लिम तुष्टीकरण की उपज है? लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगरा से कांग्रेस पर जबर्दस्त हमला बोला है।

### कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति के सर्वे का वादा किया

## विरासत टैक्स एवं निजी सम्पत्ति सर्वे पर संकट में घिरी कांग्रेस

**लोकसभा** चुनाव में कांग्रेस जनता के बीच जिस तरह के मुद्दों को लेकर चर्चा में हैं, उनमें देश विकास से अधिक मुक्त की रेवड़यिा बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधा देने की बातें हैं तो 'विरासत टैक्स' के नाम पर जनता की गाड़ी कमाई को हड़पने के सुझाव है। ऐसी विरोधीभासी सोच एवं योजनाएं कांग्रेस की अपरिपक्व एवं स्वार्थप्रेरित राजनीति को ही उजागर करती है। इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के विश्वस्त सलाहकार सैम पित्रोदा ने चुनावी समर में अपने ताजा बयान में विरासत टैक्स की वकालत की है। उन्होंने अमेरिका में लागू इस टैक्स की पैरवी करते हुए भारत के लिये उपयोगी बताया। सैम ने अपने बयान पर विवाद बढ़ता देख सफाई दी है, तो कांग्रेस ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया है। लेकिन राजनीति की इन कुचालों एवं ऐसे बयानों में कांग्रेस का इरादा जनता की मेहनत की कमाई की संगठित लूट और वैध लूट ही नजर आता है। सैम पित्रोदा के बयान में कांग्रेस की सोच एवं संकल्प ही नहीं दिखा बल्कि कांग्रेस की भावी योजनाओं की परतें भी खुली है। भले ही इस बयान ने कांग्रेस के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हो, लेकिन जनता को मूर्ख समझ हर बार हंगामा खड़ा करना कांग्रेस की नीति एवं नियत रही है। सैम ऐसे ही विवादास्पद बयानों से पूर्व में भी चर्चा में रहे हैं। अमेरिका में विरासत टैक्स जैसी अनेक स्थितियां एवं कानून हैं जो भारत में नहीं है क्योंकि हर देश की अपनी स्थितियां होती है। सैम के इस बयान ने इसलिए तूल पकड़ लिया, क्योंकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति के सर्वे का वादा किया है। इसकी व्याख्या भाजपा पहले से ही इस रूप में कर रही है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का आकलन करके संपन्न-सक्षम लोगों की संपदा का एक हिस्सा लेने का इरादा रखती है। चूंकि सैम पित्रोदा का कथन कुछ इसी ओर संकेत करता दिख रहा था, इसलिए भाजपा ने नए सिरे से उनके बयान को मुद्दा बना दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो कहा जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर विरासत का बोझ लाद देगी।'



कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी और जिन्दगी के बाद भी कह कर मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी यह कह दिया कि यदि कांग्रेस वैसा कुछ करने का नहीं सोच रही है, जैसा सैम पित्रोदा कह रहे हैं तो वह अपने घोषणा पत्र से संपत्ति के सर्वेक्षण वाली बात हटाए।' निश्चित ही कांग्रेस की संपत्ति के सर्वेक्षण की बात में गहरे अर्थ, संदेह एवं शंकाएं निहित हैं। राजननेताओं के बयानों पर राजनीति होना लोकतंत्र का एक हिस्सा है, लेकिन जनता के हितों पर आघात करना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतन्त्र में सतत्‌रूप से अमीर-गरीब का विमर्श चलता रहता है, गरीबों के हित की बात करके अधिसंख्य मतदाताओं को लुभाना राजनीतिक चतुराई है, लेकिन जनता को बांटना एवं अलग-अलग खेमों में खड़ा करना, लोकतंत्र को कमजोर करता है। मगर भारत का मतदाता अब इतना सुविज्ञ एवं समझदार हैं कि वे राजनेताओं की मंशा को समझकर उस समय आगे बढ़कर नेतृत्व खुद संभाल लेते हैं जब नेतागण अपना पथ भूल जाते हैं। भारत के चुनावों का इतिहास इसका गवाह रहा है। इसलिए राजनैतिक विमर्श चाहे जितना गर्त में चला जाये मगर मतदाता की सूझबूझ, जागरूकता एवं विवेक कभी मंद नहीं पड़ती। भले ही सैम पित्रोदा अमेरिका का उदाहरण देकर उस पर भारत में बहस की जरूरत जता रहे थे, लेकिन उन्हें गलत समय ऐसा उदाहरण नहीं देना चाहिए था, जो तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह भारत की परिस्थितियों के लिये सही न हो और जिसके विवाद का विषय बनने की भरी-पूरी संभावनाएं हो। यह तो कांग्रेस ही जाने कि वह संपत्ति के सर्वे के जरिये क्या हासिल करना चाहती है, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि देश में आर्थिक असमानता कम करने की आवश्यकता है। इसके बाद भी इस आवश्यकता की पूर्ति न तो वामपंथी सोच वाले तौर-तरीकों से की जा सकती है और न ही उन उपायों से, जो समाज में विभाजन पैदा करें। जो भी निर्धन-वंचित हैं या सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछडे.हैं, उनके उत्थान की अतिरिक्त चिंता की जानी चाहिए, लेकिन बिना उनका जाति, मजहब देखे, बिना विभाजन की राजनीति को किये। सैम पित्रोदा, राजनीति की दुनिया में यह नाम कोई नया नहीं है, कांग्रेस के शासन में तकनीकी एवं आधुनिक विकास के वे पुरोध रहे हैं। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के सलाहकार रह चुके पित्रोदा इस समय राहुल के खास लोगों में से एक हैं। पित्रोदा अपने काम से कम अपने बयानों के चलते ज्यादा चर्चे में रहते हैं। उनके बयान अक्सर कांग्रेस के लिए भी सरदर्द बनते रहे हैं। पित्रोदा के अनेक बयान पहले भी विवाद एवं कांग्रेस के सिरदर्द की वजह बन चुके हैं। साल 2019 में ही उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि मिडिल क्लास को स्वार्थी नहीं होना चाहिए। उन्हें अधिक से अधिक टैक्स देने के लिए तैयार रहना चाहिए। मध्यमवर्गीय परिवार को रोजगार और अधिक अवसर मिलेंगे। इस बयान ने भी कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ाई थीं और पार्टी को डैमेज कंट्रोल करना पड़ा था। पित्रोदा यहीं नहीं रुके, उन्होंने 2019 के ही पुलवामा हमले पर कहा था कि ऐसे हमले तो होते रहते हैं, मुंबई में भी हमला हुआ था। निश्चित ही कांग्रेस के शासन में ऐसे हमले एवं साम्प्रदायिक दंगे होते ही रहते थे। उन्होंने बालाकोट एयरस्ट्राइक ऑपरेशन पर सबूत मांगे थे। सैम पित्रोदा के बयान एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र के निजी सम्पत्ति सर्वे की बात में अवश्य ही रिश्ता है, जिसने पूरे देश के सामने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट कर दिया है कि निजी संपत्ति का सर्वे कर निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालकर वह इस धन को अपने वोट बैंक में बांटना चाहती है।

देश विकास से अधिक मुक्त की रेवड़यिा बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधा देने की बातें हैं तो 'विरासत टैक्स' के नाम पर जनता की गाड़ी कमाई को हड़पने के सुझाव है। ऐसी विरोधीभासी सोच एवं योजनाएं कांग्रेस की अपरिपक्व एवं स्वार्थप्रेरित राजनीति को ही उजागर करती है। इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के विश्वस्त सलाहकार सैम पित्रोदा ने चुनावी समर में अपने ताजा बयान में विरासत टैक्स की वकालत की है। उन्होंने अमेरिका में लागू इस टैक्स की पैरवी करते हुए भारत के लिये उपयोगी बताया। सैम ने अपने बयान पर विवाद बढ़ता देख सफाई दी है, तो कांग्रेस ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया है।

दृष्टि कोण

## कम मतदान होने का सच वही नहीं जो बताया जा रहा है

**कम** मतदान होने का सच वही नहीं जो बताया जा रहा है लोकसभा चुनाव के पहले चरण के 102 स्थानों का लोकसभा चुनाव संपन्न होने के कईं तरह के आकलन सामने आ रहे हैं। इस दौर में नौ राज्यों तमिलनाडु, उत्तराखंड, अरुणाचल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम ,नगालैंड, सिक्किम तथा तीन वेंद्र शासित प्रदेशों अंडमान, लक्षद्वीप और पुडुचेरी का मतदान संपन्न हो चुका है। हिदी भाषी राज्यों के दृष्टि से देखे तो ऐसे 35 स्थान का चुनाव संपन्न हुआ है जिनमें बिहार के चार, मध्य प्रदेश के 6, राजस्थान के 12, उत्तर प्रदेश के आठ और उत्तराखंड के पांच स्थान शामिल हैं। दक्षिण के राज्य तमिलनाडु के सभी 39 स्थानों पर मतदान संपन्न हो चुका है। माना जा रहा था कि देश के एक बड़े क्षेत्र में मतदान के बाद इसकी प्रवृत्तियों का आकलन करना थोड़ा आसान हो जाएगा। लेकिन मतदान के बाद आम टिप्पणी यही है कि प्रवृत्तियों का आकलन कठिन हुआ है। बहरहाल, इसकी सबसे बड़ी विशेषता रही कि पामि बंगाल को छोड़कर कहीं भी किसी तरह की हिसा की घटना नहीं हुईं। यह बताता है कि देश का चुनाव तंत्र बिल्वुल सहज, सामान्य और सुव्यवस्थित अवस्था में काम कर रहा है। इसका अर्थ यह भी है कि हम कम अवधि और कम चरणों में भी लोकसभा चुनाव को समाप्त कर सकते हैं। सबसे ज्यादा चर्चा मतदान प्रतिशत कम होने को लेकर है और कईं तरह के आकलन किया जा रहे हैं। हालांकि तथ्य नहीं है कि सभी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत ज्यादा गिरा है। पामि बंगाल और त्रिपुरा में ज्यादा मतदान हुए तो बिहार और उत्तराखंड में अत्यंत कम। इन दो राज्यों में भी अलग-अलग क्षेत्र को देखें तो कहीं ज्यादा तो कहीं कम मतदान हुआ है। एक बार राज्य, मतदान प्रतिशत को देखें। उत्तर प्रदेश में 2019 के 63.88 के मुकाबले 60.25}, उत्तराखंड में 61.88 प्रतिशत के मुकाबले 55.89}, मध्य प्रदेश में 67.08}, छत्तीसगढ़ में 65.80 की जगह 67.56 प्रतिशत, राजस्थान में 63.71 की जगह 57.26 प्रतिशत, बिहार में 53.47} की जगह 48.88}, पामि बंगाल में 83.7 9} की जगह 80.55}, महाराष्ट्र में 63.04} की जगह 61.87} तमिलनाडु के सभी 39 क्षेत्र में 69.46 प्रतिशत, असम में 78.23} की जगह, 75.95}, अरुणाचल में 67} की जगह 72.74}, मणिपुर में 78.20} की जगह 72.117}, मेघालय में 67.15} की जगह 74.5 0}, मिजोरम में 63.02} की जगह 56. 6 0}, नागालैंड में 83.12 प्रतिशत की जगह 56.91}, त्रिपुरा में 83.12} की जगह 81.62} सिक्किम में 78.119} की जगह 80.003}, पुडुचेरी में 81.19} की जगह 78.80}, अंडमान निकोबार में 64.85} की जगह 63.99}, लक्षद्वीप में 84.96} की जगह 83.88}, जम्मू कश्मीर में 57.35 प्रतिशत की जगह 68 प्रतिशत मतदान हुआ। तो एक- दो स्थान को छोड़कर ज्यादातर जगहों में मतदान गिरा है। उत्तर प्रदेश में 2019 के मुकाबले लगभग 5.30 प्रतिशत कम मतदान हुआ। सबसे अधिक 83.88 प्रतिशत मतदान लक्षद्वीप सीट पर तो बंगाल के जलपाईंगुड़ी में 82.15} मतदान हुआ। हिसा के शिकार मणिपुर में मतदान कम नहीं माना जा सकता है। वुल मिलाकर इन क्षेत्रों में 2019 में औसत मतदान 69.43} से ज्यादा हुआ था। चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़ों के अनुसार यह करीब 68.29 प्रतिशत है। यानी करीब 1.14} कम मतदान हुआ है। तो राष्ट्रीय स्तर पर मतदान में ज्यादा गिरावट नहीं है । 2019 लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा मतदान हुआ था। तो यह माना जा सकता है कि लोकसभा चुनाव में इससे ज्यादा मतदान की संभावना शायद अभी नहीं है। नागालैंड में इसलिए मतदान प्रतिशत ज्यादा गिरा क्योंकि छह जिलों में ईंस्टर्न नगालैंड पीपुल्स प्रंट (ईंएनपीओ) ने अलग राज्य की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया था। इन छह जिलों के 20 विधानसभा क्षेत्रों में चार लाख से अधिक मतदाता हैं। जब इतनी संख्या में मतदाता मत डालेंगे नहीं तो उसे गिरना ही है। इसे मतदान की प्रवृत्ति नहीं मान सकते। करीब डेढ़ दशक पहले मतदान घटने का अर्थ सत्तारूढ़ घटक की विजय तथा बढ़ने का अर्थ पराजय के रूप में लिया जाता था और प्रायः ऐसा देखा भी गया। कितु 2010 के बाद प्रवृत्ति बदली है। मतदान बढ़ने के बावजूद सरकारें वापस आईं हैं और घटने के बावजूद गईं है। इसलिए इसके आधार पर कोईं एक निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। दूसरे, हर जगह मतदान प्रतिशत ज्यादा गिर भी नहीं है। तीसरे, बंगाल में साफ दिखाईं दे रहा है कि दोनों पक्षों के मतदाताओं में एक दूसरे को हराने और जीताने की प्रतिस्पर्धा है। संदेशखाली से लेकर अन्य मामलों के कारण वहां हिदुओं के बड़े समूह के अंदर ममता बनजा को लेकर आव्रोश है। सबसे ज्यादा चर्चा उत्तर प्रदेश की है तो जरा क्षेत्र के हिसाब से देखें कि कहां कितना मतदान हुआ। सहारनपुर में पिछली बार 70.87} हुआ था जबकि इस बार 68.99}, पीलीभीत में 67.41 की जगह 63.70, मुरादाबाद में 65.46 की जगह 62.05, वैराना में 67.45 की जगह 61.5 , नगीना में 63.66 की जगह असर दशमलव 54, मुजफ्फरनगर में 80.42 की जगह 58.5, बिजनौर में 66.022 की जगह 58.21 और रामपुर में 63.01 की जगह 55.75} मतदान हुआ।

कुछ अलग

## एक देश, एक वैक्सीन.. तीन दाम

**एक** मईं से 18 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों के लिए वैक्सीनेशन खुलने से पहले वेंद्र सरकार के निर्देश के मुताबिक सीरम इंस्टीट्यूट ने रेट जारी कर दिए। वंपनी राज्य सरकारों को 400 रुपए और निजी अस्पतालों को 600 रुपए प्राति डोज की दर से वैक्सीन देगी। वंपनी की इस घोषणा के बाद से ही वैक्सीन के दाम पर बवाल मच गया। दरअसल सीरम अब तक वेंद्र सरकार को 150 रुपए प्राति डोज की दर से वैक्सीन दे रही और समझौते के मुताबिक जुलाईं तक इसी रेट पर देती रहेगी। राज्य सरकारों के लिए ज्यादा दाम रखने पर विपक्षी दल वेंद्र सरकार पर हमलावर हो गए हैं। यही नहीं, निजी अस्पतालों के लिए नए रेट जारी होने से अब प्राइवेट में टीका लगवाने वाले 45 पार के लोग व प्रांटलाइन वर्वर्स को भी ज्यादा दाम चुकाने होंगे। अब तक इन सभी को प्राइवेट अस्पतालों में 250 रुपए प्राति डोज पर वैक्सीन लग रही थी। इसमें 150 रुपए वैक्सीन की कीमत और 100 रुपए लॉजिस्टिक चार्ज था। वंपनी के नए रेट हूबहू लागू हुए तो लॉजिस्टिक चार्ज के साथ एक डोज 700 रुपए की पड़ेगी। 45ऋ के जो लोग निजी अस्पताल में पहली डोज 250 रुपए में लगवा चुके हैं, उनकी दूसरी डोज भी अब बढ़ी हुईं कीमत पर लगेगी। हालांकि वेंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी का कहना है कि वेंद्र सरकार की ओर से सरकारी अस्पतालों और सरकारी टीकाकरण वेंद्रों में 45ऋ के लोगों और प्रांटलाइन वर्वर्स को मुफ्त में ही वैक्सीन लगाईं जाएगी। सीरम इंस्टीट्यूट की वैक्सीन कोविशील्ड के दाम को लेकर महाराष्ट्र के सत्तापक्ष एवं विपक्ष में रार छिड़ गईं है। वेंद्र सरकार के लिए कोविशील्ड के दाम कम एवं राज्यों के लिए ज्यादा रखे जाने पर राकांपा व कांग्रोस ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। महाराष्ट्र के महाविकास अघाड़ी सरकार के मंत्री नवाब मलिक ने सवाल उठाया है कि सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा उत्पादित कोविशील्ड वैक्सीन वेंद्र सरकार को 150 रुपए में, जबकि राज्य सरकारों को 400 रुपए में क्यों दी जा रही है? बता दें कि खुले बाजार में इसकी कीमत 600 रुपए प्राति खुराक निर्धारित की गईं है। मलिक ने पूछा है कि एक वैक्सीन, एक देश और तीन दाम क्यों हैं? अलग-अलग ग्राहकों के लिए अलग-अलग दाम क्यों हैं। इसका उत्तर सीरम को देना चाहिए। हालांकि सीरम के सीईंओ अदार पूनावला ने अपने बयान में तीन विदेशी वैक्सीन के दाम भी बताए हैं, जो भारत में खुले बाजार के लिए दी जाने वाली कोविशील्ड की तुलना में अधिक ही है। इनमें अमेरिकी वैक्सीन की कीमत 1500 रुपए एवं रूस की वैक्सीन की कीमत 350 रुपए बताईं गईं है। बता दें कि पूनावाला द्वारा जारी इस बयान पर कांग्रोस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी तंज कसा है। उन्होंने ट्वीट में इस बयान को नत्थी करते हुए लिखा है कि आपदा देश की, अवसर मोदी मित्रों का, अन्याय वेंद्र का। राहुल के इस बयान का जवाब देते हुए महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत दादा पाटिल ने कहा है कि कोरोना ने शायद राहुल गांधी के दिमाग पर असर डाला है। इसीलिए वह अनर्गल प्रालाप कर रहे हैं।महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे के अनुसार सीरम इंस्टीट्यूट ने राज्य सरकार को बता दिया है कि वह 24 मईं से पहले वैक्सीन नहीं दे पाएंगे, क्योंकि वेंद्र के साथ उसने एक करार कर रखा है। इसीलिए महाराष्ट्र सरकार अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए विदेशी वैक्सीन निर्माताओं से बात करने का विचार कर रही है।

देश दुनीया से

## देश को संदेश देने में नाकाम रही विपक्ष की रांची रैली

**विपक्षी** दलों की झारखंड की राजधानी रांची में हुई महारैली देश को कोई स्पष्ट संदेश नहीं दे सकी। हांलाकि इससे बड़ी उम्मीद थी। उम्मीद थीं कि राजनैतिक दल अपने चुनाव घोषणा पत्र अब तक प्रस्तुत कर चुके हैं। इस रैली में वे कॉमन मिनीमम कार्यक्रम जारी कर सकतें हैं किंतु ऐसा कुछ नही हुआ। हर बार की तरह सिर्फ भाषण तक ही सीमित रही रैली। झारखंड की राजधानी रांची में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने 'उलगुलान न्याय महारैली' का नाम दिया गया है। इस दौरान मंच में बड़े-बड़े दिग्गज नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही मंच पर दो खाली कुर्सियां रखी गईं। एक जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए और दूसरी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए। उनकी जगह केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मंच साझा किया। भारी संख्या में लोग रैली में पहुंचे रैली के दौरान भीड़ ने 'जेल का ताले टूटेंगे, हेमंत सोरेन छूटेंगे' और 'झारखंड झुकेगा नहीं' जैसे नारे लगाए। झारखंड की राजधानी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास होने के बावजूद भारी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए। चिलचिलाती गर्मी के बीच सभी रैली के समर्थन जुटे रहे। 'उलगुलान' शब्द, जिसका अर्थ क्रांति है। इसे आदिवासियों के अधिकारों के लिए अंग्रेजों के खिलाफ बिरसा मुंडा की लड़ाई के दौरान गढ़ा गया था। हेमंत सोरेन को कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। इसी केंद्रीय एजेंसी ने 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को शराब नीति घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार भी किया था। हालांकि, झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और आप सुप्रीमो के लिए कुर्सियां खाली रखी गई थीं, लेकिन उनकी पत्नियां कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल मंच पर बैठी थीं। कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल का भाषण मुख्यतः अपने पतियों की गिरफ्तारी के विरोध में था। दोनों का दावा था कि उनके पतियों को केंद्र की मोदी सरकार ने गलत ढंग से गिरफ्तार कराया हुआ है। केंद्र की मोदी सरकार विपक्ष की आवाज दबा देना चाहती है। इसके लिए सबको एकजुट होना होगा। रैली में नेताओं का यह भी आरोप था कि केंद्र में भाजपा फिर लौटी तो देश से लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। रैली में शामिल नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगातार झूठ बोलने, गारंटी के नाम पर लोगों को ठगने, लोकतंत्र को कमज़ोर करने और जुमलों के सहारे राजनीति करने के आरोप लगाए। नेताओं ने कहा कि देश में बेरोज़गारी चरम पर है और प्रधानमंत्री मोदी का हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा हवा में घूम रहा है। देश में पहले चरण के मतदान के ठीक अगले दिन आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में बीजेपी की हवा निकल गई है। उन्होंने कहा कि वे 400 पार की बात करते हैं लेकिन 180-190 सीटों से आगे नहीं जाने वाले। इसलिए, वोट देना ज़रूरी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, "पहले चरण में ही उत्तर प्रदेश में इनकी हालत ख़राब हो गई है और जब यूपी इन्हें हटा सकता है, तो आप क्यों नहीं। यह देश मोदी की नहीं, संविधान की गारंटी चाहता है।" जबकि झारखंड में मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने इस रैली को पूरी तरह फ्लॉप करार दिया है। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा, "इनके मंच पर भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं का जमावड़ा हुआ और ये भ्रष्टाचार उन्मूलन की बात करते हैं. यह हास्यास्पद है।" प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा, "इनका दावा था कि रैली में पांच लाख लोग शामिल होंगे लेकिन आए बमुश्किल 10-15 हज़ार लोग। उनमें आपस में मारपीट हुई। ये लोग सिर्फ़ सत्ता में आने के लिए एक मंच पर आए थे। रैली में सिर्फ़ परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों की भागीदारी थी, इसलिए इसे सुपर फ़्लॉप कहा जाना चाहिए।" हालांकि उलगुलान न्याय महारैली में लोगों की खासी भागीदारी देखी गई। झारखंड के सुदूर इलाक़ों से लोग बसों, गाड़ियों और ट्रेनों से रांची पहुंचे। ऐसे लोगों को लाने के विशेष इंतज़ाम किए गए थे। रैली स्थल पर लोगों की भीड़ देर शाम तक जमी रही। उलगुलान रैली में शामिल होने आई कार्यकर्ताओं की भीड़ में दो गुटों के बीच झड़प हो गयी। कुर्सियां भी तोड़ी गई। ये मारपीट, ये हुडदंग कोई अच्छा संदेश नही दे सकें।




झारखंड की राजधानी रांची में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने 'उलगुलान न्याय महारैली' का नाम दिया गया है। इस दौरान मंच में बड़े-बड़े दिग्गज नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही मंच पर दो खाली कुर्सियां रखी गईं। एक जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए और दूसरी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए। उनकी जगह केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मंच साझा किया। भारी संख्या में लोग रैली में पहुंचे रैली के दौरान भीड़ ने 'जेल का ताले टूटेंगे, हेमंत सोरेन छूटेंगे' और 'झारखंड झुकेगा नहीं' जैसे नारे लगाए। झारखंड की राजधानी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास होने के बावजूद भारी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए।

आप का नजरीया

## 'विरासत कर' ने बढ़ाई कांग्रेस की मुसीबत

**'संपत्ति** बंटवारे' की घोषणा पर घिरी कांग्रेस थोड़ा-बहुत संभल पाती कि उससे पहले ही 'विरासत कर' ने उसकी मुसीबत को और बढ़ा दिया है। कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी के नजदीकी एवं इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने चुनावी माहौल में 'विरासत कर' पर बयान देकर चुनावी गर्मी को और बढ़ा दिया है। सैम पित्रोदा अपने बयानों से पहले भी कांग्रेस को मुश्किल में डाल चुके हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान भी उन्होंने अपने विचारों से कांग्रेस का भारी नुकसान करा दिया था। फिलहाल, सैम पित्रोदा ने अमेरिका के 'विरासत कर' वाली व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा है कि ''अमेरिका में विरासत कर लगता है। अगर किसी के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है और जब उसकी मृत्यु हो जाती है तो इसमें से केवल 45 प्रतिशत उसके बच्चों को मिल सकती है। शेष 55 प्रतिशत संपत्ति सरकार के पास चली जाती है। भारत में ऐसा कानून नहीं है। अगर किसी की संपत्ति 10 अरब है और वह मर जाता है, तो उसके बच्चों को 10 अरब मिलते हैं और जनता को कुछ नहीं मिलता... लोगों को इस तरह के मुद्दों पर चर्चा करनी होगी। मुझे नहीं पता कि अंत में निष्कर्ष क्या होगा, लेकिन जब हम धन के पुनर्वितरण के बारे में बात करते हैं, तो हम नई नीतियों और नए कार्यक्रमों के बारे में बात कर रहे हैं जो लोगों के हित में हैं, न कि केवल अति-अमीरों के हित में हैं"। सैम पित्रोदा का यह बयान 'संपत्ति बंटवारे' की उसी मानसिकता की ओर संकेत कर रहा है, जिसका उल्लेख राहुल गांधी ने किया और जो कांग्रेस के घोषणा-पत्र का हिस्सा है। कांग्रेस के घोषण-पत्र और उसके नेताओं के बयानों की शृंखला का विश्लेषण करके कहा जा सकता है कि कांग्रेस में कहीं न कहीं संपत्ति के पुनर्वितरण पर विचार चल रहा है। यह अतार्किक सोच है। यह सोच समाज में अराजकता और उदासीनता का संचार कर सकती है। बहरहाल, संपत्ति बंटवारे के मसले पर घिरी कांग्रेस सैम पित्रोदा के बयान से पल्ला झाड़ रही है लेकिन यह इतना आसान भी नहीं है। क्योंकि अब देश की जनता को संपत्ति बंटवारे के विचार में एक शृंखला दिखायी देने लगी है। संपत्ति बंटवारे के विचार से केवल धनाड्य लोग ही नहीं डरते हैं, अपितु परिश्रमी एवं गरीब व्यक्ति भी डरता है। यही कारण है कि कम्युनिस्ट इस सोच को कहीं भी सफलता से क्रियान्वित करके नहीं दिखा सके हैं। उन्होंने केवल जनता का भरोसा एवं अपने पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए इस प्रकार की कल्पनाएं दुनियाभर में बेची हैं। अब वे यही काम कांग्रेस की पीठ पर चढ़कर भारत में करने का प्रयास कर रहे हैं। इधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सैम पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस की सोच पर हमला बोल दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में मतदाताओं को संबोधित करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा है कि "अब कांग्रेस माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाने की सोच रही है।

**संक्षिप्त खबरें**

## चतरा लोक सभा से 31 उम्मीदवारों में से 23 का नामांकन पत्र सही 8 का हुआ रद्द

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए दिनांक 26.04.2024 से 03.05.2024 तक नाम निर्देशन की तिथि निर्धारित थी। जिसमें कुल 31 उम्मीदवारों ने अपना नाम निर्देशन पत्र निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलाप के समक्ष दाखिल किया था। शनिवार को नाम निर्देशन पत्र का स्क्रूटनी किया गया। स्क्रूटनी में 23 प्रत्याशियों का नाम निर्देशन पत्र वैद्य पाया गया वहीं 08 प्रत्याशियों का त्रुटिपूर्ण रहने के कारण नाम निर्देशन पत्र रद्द किया गया। नाम निर्देशन पत्र रद्द होने वाले उम्मीदवारों के नाम ये है- सीताराम सिंह, रूपेश उरांव, नब्बू भुइयां, अनुज कुमार, उमेश गंझु, राजेश कुमार सिंह, सुचित्रा सिन्हा, अशेष सिंह का नाम शामिल है।

## खबर प्रकाशित करने पर पत्रकार के साथ मारपीट मोबाइल व नगद राशि लूटा, प्राथमिकी हुआ दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** खबर प्रकाशित करने पर दैनिक अखबार प्रभात मंत्र के पत्रकार मोकिम अंसारी को प्रगति सेंट्रल स्कूल कुट्टी के संचालकों ने शनिवार को जमकर मारपीट की है। जिससे पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में पत्रकार के भाई तबारक अंसारी घटनास्थल से उठाकर थाना लाया। जिसके बाद घायल पत्रकार का इलाज रेफरल अस्पताल में किया गया। इस संबंध में पत्रकार ने सिमरिया थाना में आवेदन देकर प्राथमिक दर्ज करवाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने कहा कि तीन मई को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के आदेश के बावजूद स्कूल खुले रहने पर प्रगति सेंट्रल स्कूल कुट्टी और श्रीराम कृष्ण परमहंस स्कूल से संबंधित खबर चार मई को प्रकाशित किए थे। खबर छपने के बाद मेरे मोबाइल पर सुबह सात बजे डाड़ी गांव के नरेश महतो फोन कर स्कूल बुलाया था। करीब साढ़े आठ बजे स्कूल पहुंचते ही पहले से घात लगाये बैठे डाड़ी गांव के योगेंद्र महतो सहित चार पांच आदमी हम पर हमला बोल दिया। बाइक पर ही रहने के कारण अपना बचाव नहीं कर पाए। इस दौरान लोग मेरे साथ बुरी तरह से मारपीट की। पॉकेट में रखे वीवो 34 का मोबाइल फोन, 22 सौ रूपये लूट लिए। बाइक सहित जमीन पर गिर जाने से बेहोशी की हालत में छोड़कर हमलावार भाग गये। इस बीच मेरा भाई तबारक पीछे से सिमरिया आ रहा था, वह उठाकर सिमरिया थाना पहुंचाया। पत्रकार ने इसकी प्रतिलिपि एसडीओ और एसडीपीओ सिमरिया को दी है। एसडीपीओ ने आश्वासन दिया की जल्द आरोपियों के खिलाफ करवाई की जाएगी।

## मतदाता जागरूकता से संबंधित कस्तूरबा के बच्चीयां ने निकाली रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के बच्चियों ने शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली है। यह कार्य वार्डन बिंदु पोद्दार के नेतृत्व में किया गया। जहां कई नारे लगाए गए।पहले मतदान फिर जलपान मेरा वोट मेरा अधिकार का नारा बच्चियों ने लगा रही थीं।एवं मतदाता जागरूकता रैली स्कूल से मुख्य चौक होते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया है। साथ ही साथ मतदाताओं को बताने के कई प्रतियोगिता कार्यक्रम भी बच्चियों ने किया है। जिसमें पत्र लेखन प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता निबंध लेखन प्रतियोगिता स्लोगन लेखन प्रतियोगिता सेल्स प्वाइंट मोड बाय स्टूडेंट प्रतियोगिता चित्रकला मतदाता जागरूकता में मेहंदी छपाई का रस्म भी बच्चियों ने किया है।सभी कार्य मतदाताओं को जागरूक करने के लिए की है। मौके पर उपस्थित बिआरसी कृष्ण मुरारी पांडेय शिक्षिका मंजू कुमारी एवं बच्चियां शामिल थे।

## कूप निर्माण कार्य पूर्ण करने में जुटे है लाभुक, मनरेगा कर्मियो का मिल रहा सहयोग



**कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनरेगा के तहत ग्रामीणों को रोजगार देने एवं गांव में उपयोगी परिसंपत्तियों का निर्माण करने के उद्देश्य से मनरेगा अंतर्गत बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना से स्वीकृत कूप को लाभुक निर्माण कार्य पूरा करने में युद्ध स्तर पर जुटे हुए हैं। लाभुकों का कहना है की बारिश होने के बाद कूप की गहराई करने में समस्या उत्पन्न होने लगता है। इसलिए मनरेगा कर्मियों को भी फिलहाल अन्य योजनाओं के अपेक्षा ज्यादा से ज्यादा मजदूर को कूप कार्य मे लगाना चाहिए ताकी लाभुकों को ससमय कार्य पूरा करने में सहुलियत मिल सके। वही मनरेगा बीपीओ अजय सिन्हा ने कहा की डिमांड के अनुसार मनरेगा मजदूरों को कूप कार्य में लगाया जा रहा है, प्रखण्ड में कूप कार्य को शत प्रतिशत पूरा करने के लिए विभागीय सहयोग किया जा रहा है।

## कस्तूरबा की छात्राओं ने मतदाता जागरुकता को लेकर निकाली प्रभात फेरी, बनाई रंगोली



**कुन्दा,चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने शनिवार को विद्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली बनाकर मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया, साथ ही जागरूकता को लेकर विद्यालय से मेन चौक, बेल चौक, ब्लॉक कार्यालय, समेत पूरे नगर भर्मण करते हुए पुनः विद्यालय तक प्रभात फेरी निकली गई। प्रभात फेरी के दौरान छात्राओं ने अपना कर्तव्य निभाएंगे सबसे पहले मतदान कराएंगे सहित कई स्लोगन को दुहरा कर मतदाताओं को जागरूक किया। वही यह कार्यक्रम वार्डन इंदु भारती के देखरेख में आयोजित की गई। मौके पर छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से लोगों को 20 मई को मतदान करने की अपील की।जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## मतदाता जागरूकता हेतु इटखोरी साल्वे बूथ 209 के नोडल पदाधिकारी ने बीएजी के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटखोरी :** जिले के वैसे बूथ जहां पूर्व में निर्वाचन के दौरान मतदान प्रतिशत कम हुआ था। उन बूथों पर अधिक से अधिक मतदान हो इस उद्देश्य से कुल ऐसे 50 बूथ चिन्हित किए गए हैं और प्रत्येक बूथ के लिए मतदाता जागरूकता हेतु नोडल पदाधिकारी भी बनाए गए है जो बूथ पर अलग अलग दिन तीन बार जाएंगे और कम मतदान प्रतिशत के कारण की जानकारी लेंगे, बूथ जागरुकता टीम के साथ बैठक, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराएंगे। इसी निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार इटखोरी प्रखंड के साल्वे बूथ नंबर 209 के नोडल पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत मतदान केंद्र पहुंच कर बूथ जागरूकता टीम के साथ बैठक किया एवं वर्तमान में कुल कितने मतदाता है और कम मतदान प्रतिशत का कारण क्या है की विस्तृत जानकारी ली साथ ही वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने पर विचार -विमर्श चर्चा एवं मतदाताओं के सुझाव प्राप्त किए गए। उन्होंने बताया कि 2019 के लोकसभा निर्वाचन के दौरान 209 बूथ पर कुल 41 प्रतिशत मतदान हुआ था। अधिक से अधिक मतदान हो इसलिए बूथ जागरूकता टीम मतदाताओं के साथ बैठक की। इस दौरान डीएसओ मनिंदर भगत बीडीओ, सोमनाथ बांकुर मुखिया आरती देवी, बीएलओ सोनी कुमारी, पारा टीचर अनिता कुमारी, सुमित्रा कुमारी, पंचायत सचिव अरविन्द उरांव, रोजगार सेवक रामदेव पासवान, पीडीएस डीलर ब्राह्मणदेव यादव एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## टंडवा भाजपा उतरी जोन की बैठक हुई सम्पन्न, काली चरण सिंह के पक्ष में भारी मतदान पर बनी रणनीति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा) :** भारतीय जनता पार्टी टंडवा मंडल उतरी जोन की बैठक मिश्रौल में मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन प्रभारी ईश्वर दयाल पांडेय ने किया। बैठक में विशेष रूप से टंडवा मंडल प्रभारी अनामिका देवी, अक्षयवट पांडेय व प्रमोद सिंह उपस्थित थे। बैठक में टंडवा उतरी जोन में पड़ने वाले पदमपुर, धनगडा, मिश्रौल, नावाडीह उर्फ तेलियाडीह,कबरा और पोकला उर्फ काशियाडीह पंचायत (शक्ति केन्द्र) के संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्षों के साथ भाजपा प्रत्याशी काली चरण सिंह के पक्ष में एकतरफा भारी मतदान कैसे हो, इस पर रणनीति बनाई गई। उपस्थित सबों ने चतरा के स्थानीय (लोकल) प्रत्याशी को सभी बूथों पर भारी मतदान कराने के लिए संकल्पित हुए। इस मौके पर विशेष रूप में मुखिया संघ जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश प्रसाद साहू, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील चौरसिया, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रमेश राणा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष बेबी देवी, संजू देवी, राजीव कुमार, पूर्व मुखिया गजेन्द्र साहू, शिव प्रसाद गुप्ता, हेमराज साहू, विजय साहू, ऋषिकेश तिवारी, अभिषेक राज, मूंशी साहू, जय प्रकाश तिवारी, रामदास राणा, मैनेजर उरांव, राम चन्द्र गुप्ता,सुरेन्द्र साहू, पारस सिंह, दिलीप महतो, सचिन ठाकुर, सुशील कुमार विद्यार्थी व अन्य उपस्थित थे।

## पानी पटाने के लिए हुए विवाद में मारपीट, चार घायल

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मारंगलोइया पंचायत स्तिथ कोलपटिया ग्राम में पानी पटाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में जमकर मारपीट हुई जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष से रामदेव यादव 38 वर्ष पिता स्व प्रभु यादव, सजंय यादव 30 वर्ष पिता स्व. शंकर यादव वहीं दूसरे पक्ष से विशेश्वर यादव 50 वर्ष पिता सोहर यादव एवं उसका पुत्र आदित्य यादव 22 वर्ष पिता विशेश्वर यादव सभी ग्राम कोलपटिया थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रामदेव यादव अपने खेत में पानी पटवन के लिए रोड के बीच से होकर पाइप बिछाया था। और पानी पटवन कर रहा था इसी दौरान दूसरे पक्ष के विशेश्वर यादव के परिवार के कृष्णा यादव ने पाइप पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। जिससे पाइप क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके बाद दोनों ओर से कहा सुनी हुई। और घटना मारपीट में तब्दील हो गयी। लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी डंडे एवं टांगी से हमला बोल दिया जिसमें चार लोग घायल हो गए ।वही दोनो तरफ से मारपीट करने में शामिल लोगों में विजय यादव, राहुल यादव, प्रभु यादव तीनों पिता शुक्र यादव, समल यादव पिता स्व. प्रभु यादव, रामदेव यादव पिता स्व. प्रभु यादव, संजय यादव कमलेश यादव पिता स्व.शंकर यादव लालू यादव पिता रामदेव यादव, भोला पांडे, भुनेश्वर पांडे पिता अनिरूद्ध पांडे, प्रदीप यादव, गोविंद यादव पिता फानून यादव सभी ग्राम कोलपटिया थाना बालूमाथ निवासी के नाम शामिल है। घटना के बाद सभी घायलों को परिजनों द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं घटना के बाद दोनों पक्ष के लोगों ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग किया है।

## प्रखंड प्रशासन ने चलाया जागरूकता अभियान, मतदान करने की अपील की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव एवं अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने शनिवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न टोला मोहल्ला में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। एवं मतदाताओं को मतदान देने के लिए पर्ची का वितरण किया ।मौके पर बोलते हुए बीडीओ सोमा उराँव ने कहा कि मतदान के दिन आप पहले मतदान करें उसके बाद जलपान करे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपका एक मत से सरकार अच्छी सरकार बन सकती है। वही अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने कहा आप अपने वोट का महत्व को समझे। अपने-अपने टोलो मोहल्ले में जो कोई जागरुक व्यक्ति हैं। वह अपने आसपास के लोगों को वोट देने के लिए जागरूक करें एवं मतदान अवश्य करने पर सहयोग करें। इस दौरान कई लोगों को मतदान देने के लिए मत पर्ची का वितरण किया गया। इस मौके अंचल निरीक्षक अनिल कुमार, आंगनबाड़ी सेविका सुलेखा कुमारी समेत कई प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## विद्यालय में अनुशासन आवश्यक : तृप्ति भारती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मुख्यमंत्री उत्कृष्ठ विद्यालय में शनिवार को नये सत्र के छात्रों का स्वागत सह प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या तृप्ति भारती, वरीय शिक्षक विद्युत ओझा व नरेंद्र पांडेय समेंत अन्य शिक्षकों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के छात्र व छात्राओं के द्वारा सामुहिक रूप से गाये गये स्वागत गीत से किया गया।विषय प्रवेश कराते हुए प्राचार्या भारती ने कहा कि विद्यालय में अनुशासन बहुत ही आवश्यक है।विद्यालय का चहुमंखी विकास तभी संभव है जब न सिर्फ छात्र वरन शिक्षक भी विद्यालय में अनुशासन में रहें। उन्होंने अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील अभिभावकों से की। कहा कि विद्यालय में कम से कम 75 प्रतिशत हाजरी आवश्यक है। आगे कहा कि बच्चों की शिक्षा में जितना महत्वपूर्ण रोल शिक्षकों का होता है, उतना ही अभिभावकों का भी होता है। उन्होंने बताया कि नये सत्र में विद्यालय में कुल 240 छात्र व छात्राओं का नामांकन किया गया है।कक्षा छह से नौ तक में नामांकन के लिए कुल 1500 फार्म का वितरण किया गया था। जिसमें 1300 छात्रों ने परीक्षा दी थी।इनमें से कुल 240 चयनित किये गये।उन्होंने बताया कि पहले विद्यालय में नौ से 12 वीं तक की पढ़ाई होती थी, लेकिन इस नये सत्र में कक्षा छह से आठ तक जोड़े गये हैं। इस प्रकार विद्यालय को एक महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी गयी है। उन्होंने बताया आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को बेहतर शिक्षा देने के उदेश्य से सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ मुख्यमंत्री उत्कृष्ठ विद्यालयों की परिकल्पना की गयी है।हर एक बच्चे में नैसर्गिक प्रतिभा होती है।नरेंद्र पांडेय ने विद्यालय की गतिविधियों से अभिभावकों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कक्षा छह से आठ तक के बच्चों की आगामी सोमवार से ऑनलाइन कक्षायें ली जायेगीं। जबकि कक्षा नौ से 12 वीं तक कक्षायें सुबह सात से 11 बजे तक संचालित की जायेगी। उन्होंने कहा कि आज से दस साल पहले तक यह विद्यालय संसाधन विहिन था, लेकिन आज बहुमंजिला भवन व खेल ग्राउंड के साथ साथ अन्य सभी संसाधन उपलब्ध हैं। एक विषय के कई-कई शिक्षक हैं। 14 स्मार्ट क्लासेस संचालित होती है।कार्यक्रम में कक्षा 12 वीं की छात्राओं ने मनमोहक परंपरागत आदिवासी लोकनृत्य प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में इस वर्ष मैट्रिक व इंटर के टॉप टेन छात्रों को मेडल व उपहार दे कर सम्मानित किया गया।मंच का संचालन निलेश चंद्र मिश्र व समीर टोप्पो ने किया।मौके पर विद्यालय के छात्र, शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे।

## बनहरदी कोल खनन परियोजना के द्वारा शिविर लगाकर किया गया चश्मा वितरण



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के चेतर पंचायत के आन ग्राम में शनिवार को बनहरदी कोयला खनन परियोजना के द्वारा शिविर लगाकर चश्मा का वितरण किया गया। जहां मुख्य रूप से श्री के. चंद्रशेखर, महाप्रबंधक, बनहरदी कोयला खनन परियोजना, संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (पी वी यू एन एल) उपस्थित थे। वहीं बनहरदी कोयला खनन परियोजना क्षेत्र में आने वाले सभी गांवों को शामिल करते हुए ग्राम आन के स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र में ग्रामीणों का विशेषज्ञों से नेत्र परीक्षण कराया गया था। नेत्र विशेषज्ञ के सलाह के आधार पर 122 मरीजों को चस्मा का वितरण किया गया। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से राजन भगत (समाज सेवी), एम चंद्रसेगर (अपर महाप्रबंधक), अमरेश चंद्र राउल (उप महाप्रबंधक) विनेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (आर एंड आर) भानु प्रकाश, (वरिष्ठ महाप्रबंधक), सुबोध जॉन पूर्ती, (वरिष्ठ महाप्रबंधक), शुभंकर मंडल, अबीर नाथ लाल, अमित द्विवेदी का मुख्य योगदान रहा।

## आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शौचालय निर्माण में भारी अनियमितता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** आसन्न लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और सुविधायुक्त तरीके से कराने को लेकर बूथ स्तर से लेकर क्लस्टर तक आवागमन, पेयजल आपूर्ति, बिजली, शौच की सुविधाएं हर संभव देने को लेकर जिला प्रशासन काफी हद तक सक्रिय है जिसे लेकर बरवाडीह के मॉडल विद्यालय के समीप पीएचईडी विभाग द्वारा टेंडर का लाखों की लागत से शौचालय निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें भारी अनियमितता बरती जा रही है। जहां शौचालय निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं हो रहा है। शौचालय निर्माण कार्य में बंग्ला ईट का प्रयोग किया जा रहा है। वहीं निम्न स्तर का सीमेंट से दस अनुपात एक के मसाले का उपयोग ईट जोड़ाई में हो रहा है। जहां शौचालय के प्लिंथ में एक भी स्टील नहीं दिया गया है। वहीं दीवार में पानी भी नहीं डाला जा रहा है।इस संबंध में सहायक अभियंता प्रशांत कुमार पांडेय ने बताया कि प्लिंथ में स्टील डालने का कोई प्रावधान नहीं है।बताया जा रहा है कि शौचालय निर्माण कार्य संवेदक द्वारा किसी दूसरे तीसरे व्यक्ति को पेटी कॉन्ट्रैक्ट में दिया गया है। वहीं मजदूरों की मानें तो निर्माण कार्य एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करना है जिसे लेकर आनन फानन में घटिया निर्माण किया जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि चुनाव सम्पन्न होने के बाद शौचालय में ताला जड़ दिया जाएगा फिर शौचालय किसी काम का नहीं होगा यही वजह है कि बस ढांचा खड़ा करना है। बताते चलें कि प्रखंड बरवाडीह में आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पीएचईडी और भवन विभाग से कई शौचालय का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

## सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ने मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर कार्यक्रम के संबंध में दी जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे प्रेस वार्ता कर मैंभीलेक्शनम्बस्साडोर कार्यक्रम का आयोजन कर फ्यूचर वोटर्स/युवा मतदाता तथा उनके पैरेंट्स को मतदान के प्रति जागरूक के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया. जहाँ 07 मई 2024 को शाम 06 बजे 08 बजे तक ईसीआई द्वारा मैंभीलेक्शनम्बस्साडोर कार्यक्रम को लेकर सोशल मीडिया कैंपेन चलाया जायेगा. लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी योग्य मतदाताओं को मतदान हेतु जागरुक करने के उद्देश्य से चुनाव आयोग द्वारा मैंभीलेक्शनम्बस्साडोर कार्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सभी बीएलओ को मतदाता सूची पर्ची, रजिस्टर, वोट के लिए आमंत्रण पत्र वितरण करने सम्बंधित जानकारी दिया. साथ ही बताया की प्रपत्र 1 मे पुराने मतदाता पहचान पत्र व फोटो होने पर अगली बार स्मार्ट वोटर आईडी कार्ड दिया जायेगा. आमंत्रण पत्र के साथ एक बुकलेट दी जाएगी जिसमे वोट कैसे और क्यों देना है इसकी विस्तृत जानकारी दी गई है. प्रपत्र 2 मे किस मतदाता का वोटर आईडी कार्ड नहीं है वैसे मतदाताओं को वोटर आईडी कार्ड बनवाया जायेगा. स्पेशल कैम्पन के माध्यम से हर बूथ मे एवरनेश ग्रुप (बैग ) 10 से 15 मेंबर को स्पेशल मीटिंग मे वोट देने जरूर जायेंगे को लेकर शपथ दिलाकर अन्य वोटरों को अधिक से अधिक जागरूक किया जायेगा.प्रत्येक बीएलओ से संपर्क कर चुनाव सम्बंधित कार्य का समाचार और फोटो लेकर शोशल मिडिया मे चलाने की अपील की.मौके पर अलोक दुबे, चंदन कुमार, कपिलदेव सिंह सहित अन्य कर्मी मौजूद थे.

## मतदान करने अपने-अपने बुथ पर जरूर जायें : मनोज तिवारी



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत अस्सी फीसदी हो और सभी लोग मतदान करने अपने अपने बूथों में जरूर जाएंगे इसी लक्ष्य को लेकर शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी ने सदर प्रखंड के मुरूप नेवाड़ी भालू गाड़ी ग्राम पहुंचे और मतदाताओं के घर घर जाकर मतदाता पर्ची निमंत्रण पत्र और मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया।साथ ही 20 मई को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक अपने मतदान केंद्र पर अपने सभी परिवार के साथ जाकर मत देने का अनुरोध किया।साथ ही साथ मतदाता को समझाते हुए कहा की अगर वोटर कार्ड नहीं है तो भी बैंक पासबुक आधार कार्ड पैन कार्ड जॉब कार्ड मनरेगा कार्ड राशन कार्ड आदि कोई दस्तावेज को लेकर बूथ पर जाकर मतदान जरूर करेंगे। उनके द्वारा समझाए गए बातों को समझ कर सभी मतदाता ने एक स्वर में बोला की मतदान करने हम जरूर जायेंगे।अपने गांव के आसपास के लोगों को भी इसके बारे में समझा कर उनको भी मतदान कराने के लिए ले जाएंगे।इस अवसर पर बीएलओ शीला देवी प्रभा देवी सविता देवी गीता देवी बीएलओ पर्यवेक्षक अतुल कुमार पूनम देवी आदि उपस्थित थे।गौर तलब है की उपायुक्त के निर्देशानुसार लातेहार जिले के सभी बूथों में मतदाता पर्ची का वितरण निमंत्रण पत्र और मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण का कार्य शुरू किया जा चुका है।

## महागठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल की जीत सुनिश्चित करने को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** कांग्रेस पार्टी कार्यालय बरही में लोकसभा निर्वाचन हेतु महागठबंधन के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीत दिलाने को लेकर बूथ कमेटी की समीक्षा व अधूरे कार्यो को पूरा करने हेतु पार्टी एवं गठबंधन के समर्पित कार्यकर्ता की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत प्रभारी नियुक्त किया गया। जिसमें पंचमाधव पंचायत के लिए इकबाल रजा, रसोइया धमना के लिए रिजवान अली, कोनरा के लिए कार्तिक पासवान, भंडारों के लिए रघुवीर यादव, कोल्हुआकला के लिए दसरथ यादव, गौरियाकरमा के लिए देवचंद यादव, करियातपुर के लिए मनोहर यादव, बरसोत के लिए मनोज रविदास, बरही पूर्वी के लिए उदय केशरी, खोड़ाहर के लिए अशोक सिंह, विजैया के लिए रोहित कुमार यादव, धनवार के लिए मो वारिस अंसारी, डपोक के लिए देवलाल कुशवाहा, मलकोको के लिए राजेन्द्र प्रसाद यादव, बेन्दगी के लिए यमुना प्रसाद यादव सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

# बीमारी का बहाना बनाकर किया लाखों का फर्जीवाड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के रमुआ में पति की बीमारी के नाम पर दो दर्जन से अधिक महिलाओं से लाखों रुपये कर्ज के नाम पर लेकर रमुआ की एक महिला डेजी सिन्हा एवं उसके परिवार पर लगा है। विष्णुगढ़ थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार शीला देवी पति अर्जुन प्रसाद रमुआ,पो. विष्णुगढ़ , थाना विष्णुगढ़ जिला हज़ारीबाग उम्र 35 वर्ष ने नामजद आरोपी बनाया है।आवेदन के अनुसार शीला देवी ने बताया कि दर्जनों महिलाएं मिलकर अनेको महिला मंडल रमुआ में चलाते है,जिसमे शामिल एक महिला डेजी सिन्हा,पति राजकुमार सिन्हा, रमुआ, पो.+थाना विष्णुगढ़ हज़ारीबाग,उम्र लगभग 48 वर्ष ने अपने पति की गंभीर का बहाना बनाकर अपने पूरे परिवार से मिलवाकर बीमारी की बात उनलोगों





के द्वारा सही बताया गया। डेजी सिन्हा एवं उसके परिजनों ने राजकुमार सिन्हा के इलाज में लाखों रुपये की खर्च की बात कही इस प्रकार मदद के नाम पर झाँसे में लेकर मेरी जमापूंजी तथा माइक्रो फाइनेंस कंपनी से लोन लेकर कुल आठ लाख रुपये दे दिए । 30 अप्रैल 2024 को जब डेजी सिन्हा सपरिवार घर छोड कर भाग गई तो, जानकारी मिलने पर मैं जब उसके घर गई तो पाया उसके घर के बाहर दरवाजे पर ताला लगा हुआ है। उसके घर के बाहर अन्य महिला मंडल के सदस्य दर्जनों की संख्या में उपस्थित थी,और उन सबो ने भी यही बात दुहराई। अन्य महिलाओं में जिसमे ज्योति देवी 8,00,000 लाख रुपये,यशोदा देवी 4,00,000 लाख रुपये ,मालती देवी 3,60,000 लाख रुपये,रीना देवी 2,00,000 लाख रुपये,उर्मिला देवी 3,00,000 लाख रुपये,सुनीता देवी 4,00,000 लाख रुपये,सीमा देवी 8,00,000 लाख रुपये,रूपा देवी,4,00,000 लाख रुपये,सीता देवी 1,00,000 लाख रुपये,सीमा देवी 1,50,000 लाख रुपये, प्रीति देवी 1,00,000 लाख रुपये,पार्वती देवी 2,00,000 लाख प्रमिला देवी 1,00,000 लाख रुपये,चिंता देवी 1,00,000 लाख रुपये, पुष्पा देवी 7,00,000 लाख रुपये, पूनम देवी 2,50,000 लाख रुपये,द्रौपदी देवी 1,00,000 लाख रुपये, रीता देवी 2,00,000 लाख रुपये,मसोमात आरती 1,00,000 लाख रुपये,तेतरी देवी 1,00,000 लाख रुपये,गीता देवी 2,00,000 लाख रुपये, निर्मला देवी 2,00,000 लाख रुपये, मंजू देवी 1,00,000 लाख रुपये,बबिता देवी 1,00,000 लाख रुपये समेत सभी महिलाओं ने कुल 71,60,000 लाख रुपये लेकर परिवार सहित झाँसे में देकर फरार होने का आरोप लगाया।

## युवक ने की आत्महत्या, पिता ने लगाया पुलिस प्रताड़ना का आरोप



**हजारीबाग :** बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र के सिरका मोहल्ला निवासी भोला पासवान पिता नारायण पासवान द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।इस संबंध में मृतक के पिता नारायण पासवान ने लिखित आवेदन दिया है। मृतक के पॉकेट से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है जिसमें उसने अपने मृत्यु के पीछे अपने परिवार वालों का हाथ नहीं होने की बात लिखी है। आवेदन के अनुसार शुक्रवार दिन सुबह 6:30 बजे को पुलिस भोला पासवान को थाने ले गई। भोला पासवान के ऊपर बाइक के ऊपर रखे मोबाइल को उठाने का आरोप था। भोला पासवान ने सुबह 7:30 बजे ही मोबाइल जमा करवा दिया था। उसके बावजूद भी उसे शाम 7:30 बजे तक हथकड़ी से बांधकर रखा गया। इस घटना से आहत होकर उसने फांसी लगा लिया। इस संबंध में बड़ा बाजार ओपी प्रभारी बिट्टू रजक ने बताया कि भुक्तभोगी जब तक अपना कंप्लेंट वापस नहीं लेगा उसे जेल भेजने के पक्ष में रहेगा तो उसे कैसे छोड़ा जाएगा। भुक्तभोगी के कंप्लेंट वापस लेने के बाद ही आरोपी को छोड़ा गया।

## लुंदरू में कान्यकुब्ज ज्योतिषि ब्रह्मण संघ ने मनाया परशुराम जयंती समारोह



**टाटीझरिया :** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड अंतर्गत लुंदरु ग्राम के देवी मंडप में ज्योतिषी कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासंघ की बैठक गिरिजानंद पांडेय की अध्यक्षता में बैठक की गई । जिसमें प्रदेश अध्यक्ष केदार नाथ पंडा के साथ प्रदेश एवम जिला के पदाधिकारी गण शामिल हुए बैठक में उपस्थित सभी विप्र गण भगवान परशुराम के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पूजा किए सभी ने बारी बारी से भगवान परशुराम को पुष्प अर्पित किया उसके बाद सलाहकार समिति के सदस्य दिवंगत लखन लाल तिवारी को एक मिनट का मौन रखा गया प्रदेश अध्यक्ष श्री पंडा ने कहा की ब्राह्मणों की एकता और उनके समस्या को लेकर मैं तात्पर्य हूं , जहां हमारी जरूरत पड़ेगा मैं हर समय आप सबों के साथ हूं मुझे आप सबों ने जो दायित्व सौंपा है मैं उसे पूरा करूंगा सिर्फ आप सभी का साथ और हौसला चाहिए प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र पांडेय ने कहा की आज इचाक के लुंदरू में के बैठक में उपस्थित सभी विप्र गण को कहता हूं यदि ब्रह्मण समाज में एकता का परिचय देना है तो प्रदेश अध्यक्ष के हाथो को मजबूत करे और कोई भी कार्य करने से पहले बैठक कर निर्णय ले ।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में समर्थ भारत कॉन्क्लेव का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में शनिवार को विकसित भारत के निर्माण में कौशल विकास, वित्तीय समावेशन और सामाजिक उद्यमिता की भूमिका को लेकर वार्षिक सम्मेलन समर्थ कॉन्क्लेव का आयोजन आईसेक्ट एवं एनसीएसडीई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें झारखंड, बिहार समेत विभिन्न राज्यों से जुड़े आईसेक्ट ग्रूप ऑफ यूनिवर्सिटीज के प्रतिनिधि शरीक हुए। केनरा बैंक सर्किल ऑफिस रांची के असिस्टेंट मैनेजर प्रमोद कुमार, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, केनरा बैंक के हजारीबाग एजीएम जया कृष्णा, डॉ सीवी रमण विश्वविद्यालय, वैशाली, बिहार के कुलसचिव डॉ ब्रजेश सिंह, प्रो वीसी डॉ बसंत सिंह, आईसेक्ट के बिहार/झारखंड जोनल हेड अंबरीश कुमार, एफआई आईसेक्ट के नेशनल हेड सिद्धार्थ डोगरे समेत अन्य विशेष अतिथियों के हाथों दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बता दें कि उद्यमियों को मिली वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के उभरते क्षेत्रों की जानकारी भारत के अग्रणी सामाजिक उद्यम आईसेक्ट की ओर से देश भर के लघु उद्यमियों को सशक्त बनाने के प्रयास के तहत बीते 30 अप्रैल से आगामी 25 मई तक भारत के 19 राज्यों में राज्य सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। यह कॉन्क्लेव विकसित भारत के निर्माण के हमारे साझा मिशन में एक साथ आने, सीखने और सहयोग करने का एक अनूठा मंच है। इस अवसर पर अपने वक्तव्य में विशेष अतिथि केनरा बैंक सर्किल ऑफिस रांची के असिस्टेंट मैनेजर प्रमोद कुमार ने कहा कि सामाजिक उद्यमिता और कौशल विकास देश में समावेशी विकास प्राप्त करने के लिए दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं।

## एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने पीपरवार और केरेडारी भाजपा मंडल के 25 गांवों में किया जनसंपर्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शनिवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पिपरवार और केरेडारी भाजपा मंडल क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों का तुफानी दौरा किया। इस दौरान सभी गांवों में भाजपा और मनीष जायसवाल के प्रति लोगों में रुझान दिखा और मनीष जायसवाल के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटे और उन्हें अपना आशिर्वाद देते हुए चुनाव में पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के साथ भाजपा और आजसू कार्यकर्ता भी बड़े ही उत्साह के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनके साथ चल रहें थे। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने चतरा जिला अंर्तगत पिपरवार भाजपा मंडल के बचरा से शनिवार की सुबह अपने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की और देर रात केरेडारी के जोरदार में आयोजित महायज्ञ में सम्मीलित होकर समापन किया।

## खतियानी परिवार की बैठक में लोकसभा उम्मीदवारों की कथनी पर संशय व्यक्त किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** खतियानी परिवार की बैठक मो हकीम की अध्यक्षता में सदर हज़ारीबाग के ग्राम चपवा में हुई।बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक में खेद व्यक्त किया गया कि पिछले कई सप्ताह से परिवार की ओर से पक्ष विपक्ष के उम्मीदवारो से ज्वलंत मुद्दों पर जवाब मांगा जा रहा है जिसका माकूल जवाब नही मिला है।आज की बैठक में सईद अहमद,मो साबिर,बोधी साव,मो अशिक,सुरेश महतो,शम्भू ठाकुर बिन्दू देवी,रीता देवी समेत अन्य साथी भी उपस्थित थें।

## भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में परिवार ने किया चुनावी मैदान में सक्रिय योगदान



**बड़कागांव :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में उनकी मां विद्या जायसवाल, पत्नी निशा जायसवाल और देवरानी ट्विंकल जायसवाल चुनावी मैदान में उतर गई गई। शनिवार को इन सभी ने भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रेणुका साहू के नेतृत्व में हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के बड़कागांव प्रखंड के आधा दर्जन गांवों में डोर टू डोर चुनाव कैंपेन किया और भाजपा एवं मनीष जायसवाल के समर्थन में कमल फूल छाप पर वोट देकर जीताने का अपील किया। इनके साथ बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता, समर्थन और विशेष नुक्कट नाटक की टीम चल रही थी। नुक्कड़ नाटक के जरीये पिछले करीब 10 सालों के मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दिया गया। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल की मां विद्या जायसवाल, पत्नी निशा जायसवाल और देवरानी ट्विंकल जायसवाल का नापो खुर्द, बादम, हरली, विश्रामपुर, मिर्जापुर और कांडतरी के ग्रामीणों ने गर्मजोशी से फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया और भाजपा के समर्थन में मतदान करने का अपील किया।

## जिप सदस्य यासमीन निशा ने ग्रामीणों से नदी और जल बचाने की अपील की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** पश्चिमी जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने नदी और जल संकट को लेकर कई नदियों का भ्रमण किया और वस्तु स्थिति से अवगत हुई। नदियों की काफी बुरी स्थिति देख जिप सदस्य ने मंथन शुरू कर दिया है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि नदियों से हो रहे बालू उठाव का दुष्परिणाम नदियों पर देखा जा रहा है। नदियां अब मैदान का रूप ले ले रही है जिसके कारण हमें पेयजल समस्या से भी जुझना पड़ रहा है। जलस्तर बहुत ही नीचे चला गया है। सिंचाई की तो दूर की बात पानी पीना लोगों के लिए मुश्किल हो गया है। बालू का खनन होने से सभी गांव खतरे में पड़ गया है। इसलिए गांव के एक-एक ग्रामीण की जिम्मेवारी है नदियों से बालू का खनन रोके रांची हजारीबाग अनियंत्र दूसरे शहर बालू जाने नहीं दे। नदी बचाओ जल बचाओ तभी जीवन संभव है।

## सड़क अतिक्रमण के कारन गई एक बालक की जान







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही चौक पर सड़क अतिक्रमण के कारण एक 10 वर्षीय बालक की वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई। घटना शुक्रवार की रात 9:30 बजे की है। मल्लाह टोली निवासी शिवा निषाद का 10 वर्षीय पुत्र समर निषाद बरही चौक से अपना घर जा रहा था। बरही चौक पर एक्सिस बैंक के सामने एक कार जेएच 01 डीक्यू 3076 रुकी और ड्राइवर ने कार की गेट खोल दी। कार के गेट के झटके से झटके से बालक समर सड़क पर गिर गया और पीछे से आ रहा टेलर ट्रक ने उसे चपेट में ले लिया। गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए बरही अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। समर के परिजन गंभीर स्थिति को देखते हुए एंबुलेंस से रांची ले गए।

रांची में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी मौत की खबर मिलते ही दुर्घटना से गुस्साए लोगों ने कार को सड़क पर पलट दिया और कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया। मौके पर पुलिस ने टेलर और कार के ड्राइवर को हिरासत में ले लिया।शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद बालक समर का शव आते ही परिजन दहाड़ मार मार कर रोने लगे। बालक समर बरही भामाशाह विद्यालय में कक्षा 5वीं का छात्र था। समर की असामयिक मौत पर भामाशाह विद्यालय के बच्चों ने शोक सभा कर उसे श्रद्धांजलि दी। सड़क पर अतिक्रमण के कारण पिछले 7 माह में गया रोड एक्सिस बैंक के पास एक महिला और दो बच्चों की मौत हो चुकी है।

**अतिक्रमण पर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर**

10 वर्षीय बालक समर की हादसे में हुई मौत के बाद प्रशासन शनिवार को एक्शन में आयी। दिन के 11 बजे से शाम 6 बजे तक अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर चलाया। बरही चौक के सर्विस रोड से अतिक्रमण कर बनाए गए निर्माण को दो दो बुलडोजर लगाकर हटाया गया। प्रशासन ने अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी भी दी कि दुबारा अतिक्रमण करने पर आर्थिक दंड के साथ साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।अतिक्रमण हटाने में एसडीओ जोहन टुडु, एसडीपीओ एसीपी सुरजीत कुमार, सीओ रामनारायण खलखो, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार सहित पुलिस सशस्त्र बल के दर्जनों जवान शामिल थे।

## हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी संजय कुमार मेहता का नामांकन हुआ स्वीकृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** जेबीकेएसएस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने हज़ारीबाग लोकसभा से अपना नामांकन पर्चा भरा है। शनिवार को स्क्रूटनी में संजय द्वारा भरे गए 4 सेट में सभी पत्र निर्वाचन कार्यालय हज़ारीबाग द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है। स्थानीयता, विस्थापन, पुनर्वास सहित झारखंडी मुद्दों पर मुखरता से आवाज बुलंद करने वाले संजय इस चुनावी मैदान में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वो लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से मिल रहे हैं। शुक्रवार और शनिवार को उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड में दर्जनों गांव पंचायत का दौरा कर लोगों से आशीर्वाद लिया। संबोधित कर जनसमर्थन की अपील किया। क्षेत्रवासियों के लिए संजय का संघर्ष हज़ारीबाग सहित पूरे झारखंड में अलग संदेश दिया है। युवा, महिलाएं और आम जनमानस में उत्साह चरम पर है। प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने कहा है कि झारखंड की राजनीति में जो राजनीतिक परिपाटी चल रही है उसमें बदलाव जरूरी है। किसान, मजदूर और गरीब का बेटा - बेटी में नेतृत्व की बागडोर देने का वक्त आ गया है। इस बार जेबीकेएसएस के जितने भी साथी चुनावी मैदान में है। सबका साथ दीजिए। आशीर्वाद देकर संसद भवन भेजिए। तभी आपके हक और अधिकारों की बाद संसद भवन में गूंजेगी। स्थानीयता और झारखंडी मुद्दों की आवाज बुलंद होगी। संजय ने कहा है कि झारखंड को बचाने की इस लड़ाई में सबका सहयोग जरूरी है। संघर्ष करते हुए हम सभी आगे बढ़ रहे हैं। इस बार जनता को जागरूक होकर मतदान करना है। बदलाव की गाथा लिखना है।

## भामाशाह विद्या मंदिर के स्कूल छात्र समर के निधन पर किया शोक



**बरही :** शनिवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के कक्षा पंचम में पढ़ने वाले छात्र भैया समर निषाद पिता शिवा निषाद मल्लाहटोली बरही का देहांत हो गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि भैया समर निषाद एक होनहार छात्र थे। विद्यालय के सभी भैया बहन आचार्य दिदियां ने शोक सभा का आयोजन कर अपनी नम आँखों से श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## मिशन हॉस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज द्वारा चिश्तिया मोहल्ला में लगाया गया निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप

**हजारीबाग :** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन हॉस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल द्वारा शहर के चिश्तिया मोहल्ला अजमेरी मस्जिद के समीप निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। मेडिकल चेकअप कैंप समाजसेवी बाबर कुरैशी एवं मोहम्मद आरिफ़ के संयुक्त पहल पर लगाया गया। कैंप में सामान्य स्वास्थ्य का जांच, दांत का जांच, आंख का जांच, बीपी का जांच एवं ब्लड का जांच के साथ अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा उपचार किया गया। जिसमें मेडिकल एंव आंख का चेकअप 174 जरूरतमंद एवं मरीजों को हुआ। डेंटल का चेकअप 70 जरूरतमंद एवं मरीजों को हुआ।

## जीएम इंटर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता पर वाद विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जीएम इंटर महाविद्यालय,इचाक में मतदाता जागरूकता पर डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि आनंद कुमार सिन्हा पूर्व मेंटोर चाणक्य आई एस एकेडमी,हजारीबाग और आकाश रंजन सिंह कैरियर स्टडी प्वाइंट के निदेशक उपस्थित हुए। महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता विषय पर विद्यार्थियों में डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी शिक्षक सभी संकाय के विद्यार्थीगण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों में से प्रतिमा कुमारी, अनुबला कुमारी, अंजली कुमारी, मोनिका कुमारी, आदित्य कुमार, मनोज कुमार समेत अन्य विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लिए प्रतिमा कुमारी ने पक्ष में कहा कि हमें शिक्षित नितिवान तथा समानता का भाव रखने वाले जनप्रतिनिधि चुनना चाहिए वहीं विपक्ष में उदाहरण स्वरूप अनुबला ने कहा कि हमें शिक्षित नीतिवान तथा समानता के भाव रखने वाले जनप्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए । अगर सही जनप्रतिनिधि का चुनाव नही करते है,तो देश के विकास हेतु कुछ बेहतर कार्य कर पाने में असमर्थ होते हैं। वे जनप्रतिनिधि केवल अपना विकास करते हैं। अतः इस बार हम सभी मिल कर सही जनप्रतिनिधि का चुनाव अपने-अपने क्षेत्र के लिए करे और शत प्रतिशत मतदान करे। इसी प्रकार अन्य प्रतिभागियों ने भी बारी-बारी से अपना मत व्यक्त किया। इस डिवेट प्रतियोगिता में शामिल विषय को विस्तारित करते हुए आनंद कुमार सिन्हा ने कहा कि मतदान हमारे लिए अति आवश्यक है, क्योंकि हम अपने मताधिकार से ही शिक्षित, नीतिवान तथा सामानता का भाव रखने वाले जनप्रतिनिधि का चुनाव कर सकेंगे। जिससे समाज के सभी वर्गो का समान विकास हो सके।

## विद्यालय में प्राप्त ज्ञान और संस्कार से जीवन को उन्नत बनाए : अजय कुमार तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली की वंदना सभा में विद्या विकास समिति, झारखंड के प्रदेश सचिव,अजय कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन एवं माता सरस्वती वंदना करने के उपरांत भैया- बहनों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि अभी जैक दसवीं परीक्षा 2024 का जो रिजल्ट आया है उसमें सात स्टेट टॉपर सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों के विद्यार्थी हैं द्य आप सभी भैया बहन- भी उत्कृष्ट पढ़- लिख कर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जीत का परचम लहराएंगे द्य मुझे ऐसा विश्वास है द्य उन्होंने कहा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने आपको जो संस्कार ,अनुशासन एवं गुणवत्ता शिक्षा दी जा है। आप जीवन में उसका अनुपालन करें द्य आप सभी सादगी ,सद्विचार ,अनुशासन,समय पालन का संकल्प लेकर देश सेवा का संकल्प लें द्य मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर राजीव रंजन, आचार्य बंधु -भगिनी एवं भैया- बहन उपस्थित थें।

## जय प्रकाश भाई पटेल का टाटीझरिया क्षेत्र में तूफानी जनसंपर्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग़ ।** लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल लगातार पंचायतों और प्रखंडों का दौरा कर जनसंपर्क करने में लगे हुए हैं. इस क्रम में शनिवार को उन्होंने टाटीझरिया प्रखंड का दौरा किया. दर्जन से अधिक पंचायतों का भ्रमण कर कांग्रेस के पक्ष में हाथ छाप पर वोट डालने की अपील की. इस दौरान ग्रामीणों ने भी उन्हें गले लगा और सर पर हाथ फेर समर्थन दिया और कांग्रेस को भारी मतों से जिताने का भरोसा दिलाया. सांसद प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल का जगह-जगह कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया जा रहा था. कांग्रेस, झामुमो, आप और लेफ्ट पार्टी के सैंकड़ो कार्यकर्ता उनके साथ चल रहे थे. जेपी भाई पटेल का जोश दोपहर की भारी गर्मी में भी कम नहीं हुआ. इसके इतर गाँव वालों उनसे अधिक जोश दिखाई दिया. वह जहाँ कहीं भी गए, बड़े गर्मजोशी के स्वागत कर स्नेहपूर्ण उन्हें सुना गया. जनसंपर्क के दौरान जेपी भाई पटेल ने कांग्रेस के न्यायपत्र से लोगों को रूबरू करवाते हुए कहा कि, कांग्रेस देश के हर वर्ग को ध्यान में रख कर विकास कार्य करने में विशवास रखती है. इसलिए हमने युवा, महिला, पिछड़ा, किसान, मजदूर सभी के लिए न्यायपत्र में न्याय देने की बात कही है. उन्होंने भाजपा प्रत्याशी पर भी जोरदार हमला बोला. कहा, भाजपा प्रत्याशी व्यवसायी है. सिर्फ धंधा करना जानते हैं. शराब, बालू, कोयला का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सभी व्यवसाय में वो खुद को ऊपर देखना चाहते हैं. कहा पैसे के बल पर उन्होंने टिकट भी खरीदने का काम किया है. उनकी शराब की कंपनी के नाम से चार करोड़ रूपये के इलेक्टोरल बांड के माध्यम से भाजपा को दिया गया है जिसके बाद भाजपा ने उन्हें टिकट दे दिया. धंधेबाजों को सिर्फ धंधा करने वाली भाजपा ही टिकेट दे सकती है. जनसंपर्क अभियान में सुरेंद्र प्रसाद यादव ,शिबू प्रसाद सोनी, बोधी महतो, अरुण कुमार रजक, शंकर राय, योधि प्रसाद यादव, अर्जुन राणा, अनिल कुमार राय, जय कुमार महतो, जलेसर महतो, मुबारक अंसारी, जगदीश यादव, लक्ष्मण यादव, सरफुद्दीन अंसारी, गौतम कुशवाहा आदि थे।

# सीसीएल के नये सीएमडी ने उरीमारी के तीनों परियोजनाओं का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल के नये सीएमडी निलेंदू कुमार सिंह ने शनिवार को बरकासयाल क्षेत्र कि उरीमारी परियोजना,बिरसा परियोजना, न्यू बिरसा परियोजना व सीएचपी साइलो का निरीक्षण किया। वहीं निरीक्षण के उपरांत सीएमडी निलेंदू कुमार सिंह का महाप्रबंधक कार्यालय में जीएम अजय सिंह व उनकी टीम के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद ही सीएमडी निलेंदू कुमार सिंह व महाप्रबंधक अजय सिंह ने प्रक्षेत्र में हो रहे कार्यो का निरीक्षण कर जायजा लिया। नये सीएमडी निलेंदू कुमार सिंह ने कोयला उत्पादन, संप्रेषण और सेफ्टी को लेकर परियोजना पदाधिकारीयो व खान प्रबंधक को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। वहीं परियोजना से संबंधित समस्याओ से अवगत हुए और समस्याओं पर यथासंभव समाधान करने का भरोसा दिलाया। वहीं उन्होंने सुरक्षित रूप से कोयला उत्पादन पर जोर देने की बात कही। बता दें कि सीसीएल के नये सीएमडी निलेंदू कुमार सिंह का उरीमारी परियोजना से खास नाता रहा है। उन्होंने अपनी नौकरी की शुरुआत सन 1989 में सीसीएल से की थी। श्री सिंह ने उरीमारी परियोजना में खान प्रबंधक के पद पर 2011 में रहकर अपनी सेवाएं दी हैं। वहीं इस निरीक्षण में महाप्रबंधक अजय सिंह,एसओ इएंडएम अमरेन्द्र कुमार, उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार, बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास, हेन्देगीर पीओ रामेश्वर मुंडा, भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी मनोज पाठक आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।





# भीषण गर्मी में लू की चपेट में आने से एक व्यक्ति की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** गोला थाना क्षेत्र के हुप्पू पंचायत स्थित बयांग गाँव निवासी मटुक लाल महतो, पिता - अरजलाल महतो, उम्र 53 वर्ष की शुक्रवार को ईलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई। इस संबंध में उनके परिजनों ने बताया कि प्रत्येक दिन की भाँति शुक्रवार को भी मटुक लाल महतो अपने घर से मवेशियों को पानी पिलाने के लिए टाँड़ की ओर ले गए थे। इस दौरान चिलचिलाती धूप की वजह से वे लू की चपेट में आ गए तथा वे गिरकर बेहोश हो गए। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी घर वालों को दी। तत्पश्चात घर वाले वहाँ पहुँचकर उसे इलाज़ के लिए गोला के एक निजी अस्पताल में ले गए जहाँ उसकी बिगड़ती हुई स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स में ईलाज के दरम्यान उसकी मौत हो गई। मृत्यु के पश्चात घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

## डीएवी बरकाकाना बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रयासरत हैं



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी बरकाकाना बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में बच्चों को विभिन्न संगीत, नृत्य , जूडो कराटे एवं किकबॉक्सिंग की तैयारी करवाई जाती है। झारखंड में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाती हैं इस प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से प्रतिभागी भाग लेते हैं। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में किक बॉक्सिंग में बरकाकाना के शुभम ने स्वर्ण पदक एवं हर्षदीप ने रजत पदक प्राप्त किया। जिस विद्यालय की प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य मुस्तफा मस्जिद ने पदक प्रदान करते हुए कहा , कि बच्चों का इस स्तर पर पहुंचकर प्रदर्शन करना ही बहुत महत्वपूर्ण बात है। विद्यालय परिवार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में भी हर संभव प्रयास करता रहेगा।

## ज्ञान महिला समिति के द्वारा वार्ड नंबर 3 सौदागर मोहल्ला में मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ज्ञान महिला समिति के द्वारा वार्ड नंबर 3 सौदागर मोहल्ला में मतदान जागरूकता अभियान के तहत बुजुर्ग महिलाओं को पांव पूजन कर फूलों की वर्षा कर 20 मई को लोकसभा महापर्व में मतदान करने की अपील की गई ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने कहा कि पूरे रामगढ़ जिले में गांव शहर टोला मोहल्ला में मतदान जागरूकता अभियान के तहत बुजुर्ग महिलाओं को जिनका उम्र 80 पार है वैसी बुजुर्ग महिलाओं को चिन्हित कर पाव पूजन फूलों की वर्षा कर पहले मतदान फिर जलपान एवं मतदान करने को लेकर जागरुक एवं अपील किया जा रहा है बुजुर्ग महिलाओं ने भी कहा कि हम सभी बुजुर्ग महिलाएं मतदान जरूर करेंगे विनोद जायसवाल के द्वारा बुजुर्ग मां को पांव पूछना फूलों की वर्षा करना यह जीवन में पहली बार देखने को मिल रहा है ना सरकार के द्वारा ना जिला प्रशासन के द्वारा नेताओं के द्वारा महिलाओं को सम्मान दिया जाता है सिर्फ नेट जिला प्रशासन टेंपो वाहन से मतदान करने के जागरूक किया जाता है ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल मतदान को लेकर मतदान जागरूक को लेकर बुजुर्ग महिलाओं को सम्मान दे रहे हैं पांव पूजने का कार्य कर रहे हैं फूलों की वर्षा कर रहे हैं हम सभी बुजुर्ग महिलाएं विनोद जायसवाल के कार्यो से प्रभावित होकर 20 मई को लोकसभा चुनाव महापर्व में मतदान करने जरूर जाएंगे इस मौके पर दर्जनों महिलाएं शामिल थी।

## स्वीप अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में नोडल पदाधिकारी मतदाता जागरूकता कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के निर्देशानुसार सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विक्रम सोनी के द्वारा शानिवार को महर्षि परमहंस बी ए ड कॉलेज में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता को लेकर उपस्थित सभी बच्चों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाया गया इसके उपरांत आगामी 20 मई 2024 को अपने अपने आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करने का अपील किया गया। मतदाता जागरूकता हेतु बनाए गए पोस्ट के माध्यम से वोट करेगा रामगढ़, 20 मई चुनाव का पर्व देश का गर्व÷ #MainBhiElectionAmbassador थीम के तहत मतदाता मतदान करने के प्रति मतदाताओं को जागरूक किया गया। मौके पर विक्रम सोनी ने सभी विद्यार्थियों व मतदाताओं से आगामी 7 मई को आयोजित होने वाले #MainBhiElectionAmbassador आभियान के संबंध में जानकारी दी साथ ही सभी से आगामी 7 मई को संध्या 6:00 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित महा अभियान में हिस्सा लेने की अपील की वही उन्हकने सभी को अभियान के तहत अपने-अपने सोशल साइट पर मतदाता जागरूकता सेल्फी के साथ हैश टैग #MainBhiElectionAmbassador के साथ कंटेंट अपलोड करने की जककनकारी दी। मौके पर मुख्य रूप से पीपीआई फेलो श्वेता वर्मा, प्राचार्य डॉ जी आर चोरिया, शिक्षक नीलकमल सिंह, जय झा, संजू उरांव, दिनेश बरमुंडा दिनेश बरमुंडा, जनसंपर्क कार्यालय से नीतीश कुमार पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

# दामोदर पुल पर हो रहे हजारों लीटर पानी बर्बाद की खबर पर सीसीएल प्रबंधन ने लिया संज्ञान

### ♦प्रभात मंत्र के खबर का हुआ असर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल से उरीमारी को जोड़ने वाले दामोदर नदी पुल पर पाइप लिकेज की वजह से हो रहे प्रतिदिन हजारों लीटर पानी की बर्बादी मामले पर शनिवार को सीसीएल प्रबंधन ने संज्ञान लिया है। तीन मई के संस्करण में आपके अपने प्रभात मंत्र अखबार ने इस खबर को प्रमुखता से उठाया था। जिसमें उरीमारी दामोदर पुल पर बह कर बर्बाद हो रहा है प्रतिदिन हजारों लीटर पानी सीसीएल प्रबंधन मौन,बढ़ती गर्मी में पानी कि बर्बादी लोगों को मुसीबत में डाल सकती है। दामोदर नदी का जलस्तर भी घट चुका है। वहीं यह खबर छपने के बाद सीसीएल प्रबंधन हरकत में आई। वहीं सीसीएल सीवील विभाग के द्वारा लिंकेज पाइप का मरम्मत का काम शनिवार के सुबह से ही लगाया गया। जहां खराब पाइप को बदल कर नई पाइप लगाई गई है। वहीं इसके सुरक्षा को लेकर दो परतों में पाइप को वेल्डिंग कर सुरक्षित किया गया है। जिससे भविष्य में पाइप लिकेज की समस्या ना हो।



उरीमारी दामोदर पुल पर बह कर बर्बाद हो रहा है हजारो लीटर पानी, सीसीएल प्रबंधन मौन



# जेएसपी पतरातू में कार्यरत पदाधिकारी की पुत्री बनी लेफ्टिनेंट डॉक्टर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** जेएसपी पतरातू में डेप्युटी मैनेजर के पद पर कार्यरत प्रशांत उपाध्याय की सुपुत्री वंशिका उपाध्याय का आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कंप्लीट करने और पासिंग आउट परेड के बाद तत्काल उनका जॉइनिंग लेफ्टिनेंट डॉक्टर के पद पर हुआ है। वंशिका के इस उपलब्धि पर पतरातू के जेएसपी ग्रुप में हर्ष का माहौल है एवं उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। जेएसपी पतरातू में कार्यरत प्रशांत उपाध्याय की सुपुत्री वंशिका उपाध्याय ने इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल कर पूरे पतरातू जेएसपी परिवार को गौरवान्वित महसूस करने का एक सुअवसर प्रदान किया है। यह जेएसपी परिवार के लिए बहुत ही गौरव की बात है। वही प्रशांत उपाध्याय का मानना है कि मेरी पुत्री की इस उपलब्धि के पीछे उसकी कड़ी मेहनत और मेरी धर्मपत्नी का पूर्ण सहयोग तथा अपने काम के प्रति वंशिका का डेडीकेशन है। निश्चित तौर पर एक पिता के तौर पर अपनी पुत्री के इस उपलब्धि पर मैं बहुत गर्व महसूस कर रहा हूँ।

# सेल संचालन समिति के अध्यक्ष नितिश कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ से सुरक्षा की लगाई गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** रामगढ़ जिले के सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र में चल रहे सयाल डी परियोजना के सेल संचालन समिति सौंदा बस्ती के अध्यक्ष नितिश कुमार ने शनिवार को रामगढ़ पुलिस अधीक्षक डा बिमल कुमार से मिलकर उन्हें आवेदन सौंप अपनी जान-माल व सुरक्षा की गुहार लगाई है। वहीं नितिश ने अपने आवेदन में लिखा है कि मैं नितीश कुमार पिता तारा प्रसाद, ग्राम सौंदा बस्ती, थाना- भुरकुंडा, जिला- रामगढ़ का निवासी हूं और साथ ही सेल संचालन समिति, सौंदा बस्ती के अध्यक्ष पद पर हूं तथा पूर्व में में सौंदा बस्ती संघर्ष फाउंडेशन के पद पर भी रहा हूं।उपरोक्त विषय में कहना है कि मैंने दयानंद प्रसाद पूर्व मुखिया सौंदा बस्ती, पिता स्व. राजकिशोर प्रसाद, ग्राम- सौंदा बस्ती, थाना भुरकुंडा, जिला रामगढ़ के कार्यकाल 14वें वित्त में हुवे कार्यो कि जानकारी मैने उसे आरटीआई के मध्यम से ली थी तब से वो गांव के चौक चौराहों पर मुझे गाली गलौज तथा धमकी दिया करता था जिसकी लिखित शिकायत मैने जिला उपायुक्त रामगढ़ से कि थी। वहीं आरटीआई के माध्यम से मिली जानकारी पर मैंने प्रधानमंत्री आवास, इंदिरा आवास तथा शौचालय में हुई अनियमितता पर एक जांच का आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी, पतरातू में दिया जिसकी जांच भी हुई तब से पूर्व मुखिया द्वारा हर समय मेरे खिलाफ गांव में तरह तरह कि बाते करने लगा और जान से मारने कि धमकी देने लगा जिसकी मौखिक जानकारी मैंने पुलिस निरीक्षक भुरकुंडा व उपायुक्त महोदया को देते रहा। वही वर्तमान में पूर्व मुखिया द्वारा गांव समाज में मेरे खिलाफ यह सिद्ध करने में लगा हुआ है कि में असमाजिक संगठनों से जुड़ा हुआ हूं तथा मैं पूर्व मुखिया को धमकी दिलवाता हू। लेकिन इसके कारण समाज में मेरी छवि धूमिल हो रही हैं। और साथ ही साथ मुझे ऐसी आशंका है कि पूर्व में मेरे द्वारा जांच गए आवेदन पर दुश्मनी निकालने के धय से मुझे नुकसान पहुंचाने के लिए सोची समझी रणनिति के साथ पूर्व मुखिया कार्य कर रहा है।वहीं पूर्व मुखिया के संदर्भ में कहना है कि दयानंद प्रसाद के द्वारा आय दिन चौक चौराहों पर किसी को भी गाली गलौज करते रहता है और पूर्व में एक अपराधिक मामले कि जांच उनके नाम कि चल रही हैं जिसके कारण मेरी आशंका को नकारा नहीं जा सकता है। वहीं सेल समिति के अध्यक्ष नितिश कुमार ने अपनी सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे और मेरे परिवार कि सुरक्षा तय कि जाए साथ ही भविष्य में मेरे साथ कोई भी अनहोनी होती है जिसमे मेरे जान माल कि क्षती होती है तो इस आवेदन को ही मेरा बयान मानते हुए पूर्व मुखिया दयानंद प्रसाद के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही किया जाए। वहीं नितिश ने आवेदन कि छायाप्रति भुरकुंडा पुलिस को भी दी है

# रामगढ़ कॉलेज इग्नू अध्ययन केन्द्र परिचयात्मक सत्र का हुआआयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ महाविद्यालय इग्नू अध्ययन केन्द्र (3648) में जनवरी 2024 सत्र के शिक्षार्थियों का परिचायत्मक सत्र का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता डॉ. रतना पाण्डे , निदेशक एवं प्राचार्याग रामगढ़ महाविद्यालय ने किया। डॉ. बक्शी ओम प्रकाश सिन्हा , कोङ्ग्ऑर्डिनेटरग इग्नू अध्ययन केन्द्र ने सभी अतिथियों एवं शिक्षार्थियों का स्वागत किया तथा इग्नू से शिक्षा प्राप्ति के महत्व का विस्तार से प्रकाश डालाग उन्होंने यह बताया कि रामगढ़ केन्द्र में मास्टर डिग्री में हिन्दीग इतिहासग समाजशास्त्रग कॉमर्स एवं राजनीति विज्ञान की पढ़ाई हो रही है। साथ ही सर्टिफिकेट कोर्स में आपदा प्रबंधनग पर्यावरण विज्ञान एवं फंक्शनल इंग्लिस की पढ़ाई होती है। स्नातक में कला विषय एवं कॉमर्स में सभी विषयों की पढ़ाई इस अध्ययन केन्द्र में हो रही है। डॉ. रतना पाण्डे ने इग्नू अध्ययन केन्द्र की विशेषता बताते हुए कहा कि दूरस्त शिक्षा इतना महत्त्वपूर्ण है कि यह संजीवनी बूटी का काम करता है जो छूटी हुई पढ़ाई को फिर से आरंभ करने का अवसर प्रदान करता है। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों को शिक्षा का अवसर प्रदान करता है।शिक्षार्थियों ने भी प्रश्नों का जवाब पाकर संतुष्टि व्यक्त की। कोऑडिनेटर ने उनके प्रश्नों का जवाब दिया। विपीन कुमार भुतपूर्व छात्र ने भी अपना विचार एवं रामगढ़ कॉलेज अध्ययन केन्द्र से संवधित जानकारी छात्रो के बीच साझा की। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बक्शी ओम प्रकाश सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में डॉ. रामाज्ञा सिंह , डॉ एस0 पी0 दांगीग डॉ0 माधुरी श्रीवास्तवग डॉ0 हीना कौशरग बिरेन्द्र उराँवग शिवानंदग चंदन कुमारग राकेश रोशनग आदि उपस्थित थे।

# एनटीपीसी मजदूर यूनियन ने एनटीपीसी प्रबंधन को सौपा शिकायत-पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** शनिवार को एनटीपीसी मजदूर यूनियन (एटक) की ओर से एनटीपीसी पब्लिक इनफॉरमेशन सेंटर विभाग में 60 मजदूरों का नाम सौपा गया है। जिन्हे दो माह का वेतन बकाया है। जिसे लेकर यूनियन की तरफ से एक शिकायत पत्र दिया गया है। इस शिकायत पत्र के माध्यम से प्रबंधन से मांग कि गई है कि जो 60 मजदूर भेल के द्वारा संचालित एजेंसी बैकबोन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड मे कार्यरत थे। उन सभी मजदूरों का दो महीने का बकाया वेतन जल्द से जल्द भुगतान किया जाए। वही कामरेड मनोज कुमार महतो ने कहा की आए दिन मजदूरों द्वारा शिकायत मिलती है कि एजेंसियों के द्वारा मजदूरों की सैलरी, इपीएफ और न्यूनतम मजदूरी आदि को लेकर समस्याएं है। मौके पर नसीम अंसारी, जय नंदन सिंह, अर्जुन महतो, अर्जुन प्रसाद, सुरेंद्र ठाकुर और राजू पाल आदि उपस्थित थे

# जामा मस्जिद गोलपार में एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जामा मस्जिद गोलपार में झारखंड राज्य हज कमेटी रांची के आदेशानुसार शनिवार को मदरसा मजहरे हसनात जमा मस्जिद गोलपर रामगढ़ में एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मौलाना हाजी मो.हबीब आलम रिजवी ने किया। हज प्रशिक्षण के दौरान 2024 ई. में हज में जाने वाले हज यात्रियों को मौलाना हाजी अबुल कलाम साहब ने घर से लेकर एयरपोर्ट, जेद्दा, मक्का, मदीना और सफाङ्मरवा आदि सारे अरकान की जानकारी दी। वही रांची से सरफराज अहमद ने भी विस्तार से हज की जानकारी दी।हजरत मुक्ति मो0 इजहार अहमद साहब अमजदी ने मसाईल की रोशनी में मुकम्मल जानकारी दी। प्रशिक्षण का आगाज कारी अब्दुल्ला रजवी ने तिलावते कुरआन से किया। जबकि जनाब इमतियाज अम्बर साहब ने नाते पाक पेश किया। बताया गया कि इस वर्ष जिला रामगढ़ से 76 हाजी हज पे जाएंगे। प्रशिक्षण का संचालक जनाब कारी मुशताक अहमद रजवी ने किया। उन्होंने बताया कि अल्लाह के मेह?मान होते है हज यात्री। प्रशिक्षण में मौलाना सउद आलम, हाजी रईस साहब ने सम्बोधित किया। प्रशिक्षण के बाद हाजियों का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण के लिए डॉक्टरों की टीम मोजूद रही। हाजी बदरे आलम की देख रेख में टीका करण कार्य पुरा हुवा। प्रशिक्षण को कामयाब बनाने में मौलाना अब्दुल वहाब हबीबी, कारी सरफराज अहमद, कारी अताउल मुस्तफा, कारी गुलाम हैदर, हाफिज वसीम अकाम जनाब फजलु खान, ऐ. मजीद, वजूलहक खान, हाजी रईस खान, जमील कुरैशी मुख्तार आलम, वसीम कुरेशी, अजीमुल्ला कुरैशी, मो. शहाबुद्दीन आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।





# जनता का प्यार, धनबाद है तैयार इस बार कांग्रेस सरकार : अनुपमा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का सघन जनसंपर्क अभियान बोकारो विधानसभा से प्रारंभ हुआ। बाद में बोकारो आवासीय कार्यालय में जनता दरबार में आए हुए असहाय गरीब मजदूर का प्रत्याशी ने दुखड़ा सुना। मौके पर अनुपमा सिंह ने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिला तो लोगों की अपेक्षाओं पर खरी उतरेंगे। बोकारो विधानसभा अंतर्गत चास जैक हैप्पीनेस में अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी सदस्यों के साथ बैठक हुई। कानूनविदो ने देश में कांग्रेस राज में बेहतर कानूनी सेवाओं एवं सुविधाओं पर विश्वास जताया। वहीं धनबाद प्रखंड के पुटकी सियालगुदरी स्थित दुर्गा मंदिर में अनुपमा ने पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सियालगुदरी की मुखिया ममता चौधरी धनबाद के पूर्व प्रमुख भानु प्रताप एवं प्रखंड अध्यक्ष पप्पू कुमार पासवान के अलावा अन्य मौजूद थे। यहां ग्रामीणों ने कहा कि महिला प्रत्याशी को ही वोट करेंगे क्योंकि महिला ही चूल्हे से लेकर घर के बजट को ईमानदारी पूर्वक चलाती है। इस जन संपर्क के दौरान अनुपमा सिंह ने कहा कि महागठबंधन के पक्ष में मतदान करें ताकि आपके सपने को साकार कर सकें। कांग्रेस जो कहती है वह करती है। प्रत्येक महीने घर की एक महिला को साढ़े आठ हजार रुपए दिए जाएंगे। विवेकानंद नगर, न्यू कॉलोनी, नियोगी मोहल्ला, पुलिस लाइन, डोम पाड़ा, कार्मिक नगर, न्यू मुरली नगर, कृष्णा नगर, सेंट्रल हॉस्पिटल के पीछे का क्षेत्र, कुसुम विहार, चांदमारी कोलियरी, कांटाघर के पास, यादव टोला आदि स्थानों पर अनुपमा सिंह ने कई सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर दिनेश पासवान, अजय हाडी, सोनू सिंह, मुरारी, प्रदीप सिंह, मृत्युंजय सिंह, विपिन यादव, दीपक यादव आदि मौजूद थे। उक्त सारी जानकारी प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका ने दी है।

# गेस्ट हाउस में छापेमारी कर पुलिस ने तीन अपराधियों को दबोचा

## एक पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, एक कार और तीन मोबाइल जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गोविंदपुर थाना क्षेत्र मे खालसा होटल के निकट एक गेस्ट हाउस में धनबाद पुलिस ने छापेमारी कर तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने पिस्टल और गोली भी बरामद किया है। साथ ही तीन एंड्रायड फोन और एक कार भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार तीनों अपराधी इलाके में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

**सिटी एसपी ने की अपराधियों की गिरफ्तारी की पुष्टि :-** सिटी एसपी अजित कुमार ने अपराधियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि गोविंदपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर खालसा होटल के निकट शांति गेस्ट हाउस में कुछ युवक ठहरे हुए हैं, जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में गेस्ट हाउस में छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, एक कार और तीन मोबाइल जब्त किया गया है।

**गिरफ्तार तीनों अपराधी गिरिडीह जिला के हैं निवासी :-** गिरफ्तार सभी अपराधी गिरिडीह जिले के रहने वाले है।

गिरफ्तार अपराधियों में मो इमरान, संजू कुमार और मो जमशेद शामिल है। सिटी एसपी अजित कुमार ने कहा कि तीनों अपराधी गेस्ट हाउस में बैठकर किसी बड़ी अपराध की योजना बना रहे थे।

**गिरफ्तार एक अपराधी का रहा है पुराना क्रिमिनल रिकॉर्ड :-** सिटी एसपी ने बताया कि गिरफ्तार तीन अपराधियों में से एक पर लूट और डकैती के कई मामले कई जिलों के अलग-अलग थानों में दर्ज है। पुलिस गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि अपराधियों का प्लान क्या था।

## इण्डिया गठबंधन झामुमो ने महुदा में किया तैयारी बैठक का आयोजन



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा में इण्डिया गठबन्धन के गिरिडीह लोक सभा के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के नामांकन की तैयारी को लेकर महुदा मे बैठक किया गया ढ्ढ इस अवसर पर झामुमो को नेता अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी ने बताया की 6 मई को मथुरा महतो के नामांकन बोकारो मे होगा, जिसमे हजारो लोग भाग लेगें। सुबह आठ बजे महुदा मोड़ स्थित स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के आदमकद प्रतिमा पर मल्यार्पण करेगें उसके बाद काफिला के साथ बोकारो के लिए प्रस्थान करेगें ।ढ्ढ मौके पर मो0 अहसनुल्लाह अन्सारी निर्मल कुमार रवानी अनुज कुमार महतो, गंगाधर महतो, डॉ0 उमेश महतो, समीम शैख, सगीर शैख, अकबर शैख, मेहन्दी हसन, अनवर अन्सारी, कुलदीप दास, दिलिप दास, भोला प्रसाद दास, मुन्ना अन्सारी, मनोज कुमार महतो, मिठु महतो, अजय कुमार ग्याली, प्रदीप कुमार पाण्डे, गुलाम मुस्तफा, अजय कुमार महतो, हुलास रवानी, पुर्व पंसस चन्दना कुमारी रवानी, भागीरथ दास, आदि मौजुद थे।

## महुदा के कुंजी में मतदाताओं को जागरूक करने पर किया गया चर्चा



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के तेलमोचो पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुंजी में शनिवार को इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब की बैठक हुई। बैठक में 2024 लोकसभा चुनाव में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने में स्कूली छात्र -छात्राओं की भूमिका पर चर्चा की गई। मतदान बढ़ाने के लिए बैठक में शामिल छात्रों को %पहले मतदान, फिर जलपान थीम पर अपने अभिभावकों व परिवार के अन्य मतदाताओं को जागरूक जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रागिनी कुमारी ने मतदान का महत्व समझाते हुए छात्रों से कहा कि वे स्वयं भी भावी मतदाता हैं। अभी वे अपने अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करें। बैठक में मोहत्शिम उस्मानी, नीरद वरण तिवारी, आरती खवास, कुमारी जागृति, बसंत प्रसाद, प्रिया कुमारी, मधुमिता दास, संजय कुमार महतो,सागर महतो, मो साबिर हुसैन, सुमन कुमारी, निर्मला, पुष्पा कुमारी, अंजना कुमारी, रंजीत कुमार पंडा, साजदा खातून, रूमा कुमारी सिन्हा, राजेश कुमार महतो, प्रशिक्षु शिक्षिका नीलम कुमारी और सहायक अमित कुमार महतो आदि मौजूद थे।

## झामुमो नेता के निधन पर पहुंचे टुंडी विधायक परिजनों को दिया सांत्वना



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के हेसागढ़ा निवासी झामुमो के वरिष्ठ कार्यकर्ता बिनोद मुर्मू के आकस्मिक निधन की खबर सुनकर उनके निजी आवास पहुंचे जहां शोकाकुल परिवारों से मिले और इस दुःख की घड़ी में हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, जलील, अजीमुद्दीन अंसारी, समेत कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरिया प्रखंड मुख्यालय में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया प्रखण्ड मुख्यालय मे जे एस एल पी एस एवम् संस्कार फाउंडेशन के संयुक्त तत्वधान में मतदाता जागरूकता मोमबत्ती रैली सारिया थाना से लेकर सारिया बाजार मे भ्रमन किय गया रेली का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पु रज्क ने किया। रैली मे कई जागरूकता नारे लगाया गया -पहले मतदान फिर जलपान,लोकतंत्र मे हिस्सेदारी हम सब की जिम्मेवारी, मतदान कब- 20 मई जब। सरीखे जागरूकता नारा लगाया गया वंही मतदाताओ को प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की मतदान प्रतिशत बढ़ाना हम सबकी जिम्मेवारी है इसका निर्वाहन करने के लिए प्रेरित किये इस मौके पर थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह पंचायती राज पदाधिकारी संजय बरनवाल नजीर तासीन अंसारी, दीपक चरण सिंह जन सेवक दीपक चरण सिंह, संस्कार फाउंडेशन के सचिव अमित कुमार वर्मा जेएसएलपीएस जयप्रकाश वर्मा रीना देवी संध्या देवी गायत्री देवी, अंजनी देवी विमला देवी रिंकी देवी सुनीता देवी सुदामा देवी लक्ष्मी सहित कई लोग उपस्थित थे।




# असर्फी कैंसर संस्थान ने धनबाद पब्लिक स्कूल में चलाया जागरुकता अभियान



**कैंसर से बचाव की दी गई जानकारी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** असर्फी कैंसर संस्थान ने धनबाद पब्लिक स्कूल में कैंसर जागरूकता अभियान चलाया। इसमें सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने भाग लिया। असर्फी कैंसर संस्थान की हेड एंड नेक सर्जिकल ऑन्कोलोजिस्ट डॉ मोनिका गुप्ता और रेडिएशन ऑन्कोलोजिस्ट डॉ विप्लव मिश्रा ने ऑडियो-वीडियो के जरिए कैंसर के प्रति छात्राओं को जागरुक किया। डॉ मोनिका गुप्ता ने कहा कि कैंसर कोशिकाओं का रोग है। इसके शिकार सिर्फ वयस्क नहीं बल्कि युवा भी हो रहे हैं। कैंसर के लिए आनुवंशिक कारणों के साथ-साथ आधुनिक जीवन शैली भी जिम्मेवार है। आधुनिक जीवन शैली में सिगरेट, शराब, गुटखा, तंबाकू का सेवन है। कैंसर को डिटेक्ट करने के लिए बायोप्सी जांच कराना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कैंसर के इलाज की जो सुविधा मेट्रोपोलिटन शहरों में उपलब्ध है वही सुविधा धनबाद के असर्फी कैंसर संस्थान में भी उपलब्ध है। मौके पर असर्फी कैंसर के कॉरपोरेट हेड संतोष सिंह, धनबाद पब्लिक स्कूल की प्राचार्या पूर्णिमा शील, रीता राय, बबीना चटर्जी, अर्णव सरकार समेत अन्य मौजूद थे।

# अक्रोशित ग्रामीणों ने मोटरसाइकिल से ले जा रहे कई टन अवैध कोयला को पकड़ कर किया पुलिस के हवाले



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** धनबाद जिले के महुदा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलमोच्चो-कुंजी मार्ग पर ग्रामीणों ने मोटरसाइकिल से ले जा रहे अवैध कोयलों को पकड़कर किया महुदा पुलिस के हवाले।

कोयला तस्करी के विरुद्ध ग्रामिणों ने जबरदस्त आक्रोश था ग्रामीणों का कहना है की मोटरसाइकिल सवार तेज रफ्तार से कोयला लदे बाइक को ले जाते है जिसके कारण दुर्घटना घटित होती हैं । इस दौरान ग्रामीणों ने बोरों मे भरे लगभग कई टन कोयला, पकड़ाकर पुलिस के हवाले किया। कुछ कोयला को लोग जलावन के लिए ले गए। बताया जाता हैं की ग्रामिणो के इस कार्रवाई से धनबाद एवं निकटवर्ती बोकारो जिला के कोयला तस्करों मे हड़कंप मच गया है। ग्रामिणों द्वारा की गयी इस कार्रवाई के दौरान तस्करो ने लोगों को बुरे परिणाम की धमकी देते मोर्चाबदी किये परन्तू ग्रामिणों की एकजुटता के आगे तस्करों की नही चली। वगैर नं0 प्लेट बाले वाहनों से लदे कोयलो को जहाँ-तहाँ फेक भाग खड़े हुए, इस बीच लोगो ने कई लोगो को पकड़कर रखा। इस दौरान लोगो ने स्थानीय पुलिस को खबर दी जिसके बाद प्रशासन ने औपचारिक कार्रवाई किया। पकड़े गए अवैध कोयला को पुलिस ट्रेक्टर से महुदा थाना ले गई। बताया जाता हैं कि फुलारीटॉड, मधूवन, पिपराटॉड, खरखरी, पतराकुल्ही, के विभिन्न इलाकों से प्रतिदिन सैकड़ों दुपहिये वाहनों से कोयलों को बोकारो जिला भेजा जाता हैं।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे ढुलू महतो, कहा...

# किसी भी कार्यकर्ता की मेहनत बेकार नहीं जाएगी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शनिवार को बस्ताकोला वर्मा बंगला में मंडल अध्यक्ष स्व. अनिल सिंह की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता की मेहनत बेकार नहीं जाने दी जाएगी। हर कार्यकर्ता के लिए खड़ा रहूंगा। विभिन्न समाज और क्लब ने प्रत्याशी का स्वागत किया। ढुलू ने कहा कि जो आज मेरे साथ खड़े हैं, कल मैं उनके दरवाजे पर खड़ा नजर आऊंगा। सिर्फ आवाज देने की जरूरत है। किसी भी कंपनी की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। इस दौरान बस्ताकोला मोड़, इंडस्ट्री ग्राउंड, संजय चाय दुकान, डोम बस्ती, भुइंया बस्ती, एना विवेकानंद क्लब, बाउरी समाज, हरि मंदिर कमिटी, ऐना वारियर्स क्लब, श्री श्री नरसिंह दलदल अखाड़ा द्वारा स्वागत किया गया।

मौके पर जिलाध्यक्ष श्रवण राय, राजकुमार अग्रवाल, रामबालक मुखिया, संतोष शर्मा, बप्पी बाउरी, तरुण राय, रामदेव शर्मा, संजय रवानी, काजू राय, बिपिन मंडल, मधेसर चंद्रवंशी, हीरा प्रसाद, संजय साव, सूरज भुइंया, राजेश बाउरी मास्टर, गणेश भुइंया, रोहित भुइंया, रोहित बाध्यकार, छोटू बाध्यकार, सागर बाध्यकार, दारा सिंह, सोनू साव, राजेश बाउरी, श्रीकांत बाउरी, अरुण सिंह, नरेश सिंह, दयासागर पांडे, गोपाल प्रसाद, कल्लू रवानी, सोहन बाउरी, बिट्टू दुग्गू, राहुल सहानी, मोनू श्रीवास्तव, अरुण शर्मा, सोनू राउत आदि उपस्थित थे।

**समाहरणालय हजारीबाग**
**कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई**
**(समाज कल्याण शाखा)**

आम–सूचना



एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक– 27.03.2024 को एक नवजात शिशु (बालक) उम्र–01 दिन, रंग–गोरा, ऊँचाई–01 फीट 03 इंच, वजन–2.400 किलोग्राम लावारिश अवस्था में आनंदपूरी, हजारीबाग में पाया गया है। वर्तमान में बाल कल्याण समिति, हजारीबाग के आदेशानुसार उक्त बालिका को विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्था (SAA), सृजन फाउंडेशन, हजारीबाग में आश्रय दिया गया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उक्त शिशु के जैविक माता–पिता अथवा विधिक संरक्षक को ज्ञात हो तो कृपया इसकी सूचना नीचे अंकित फोन नम्बर या पत्ते पर समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर दावा प्रस्तुत करें। दावा प्रस्तुत करने के लिए दिये गये समय–सीमा के समाप्ति के पश्चात् शिशु पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं दतकग्रहण मार्गदर्शिका 2022 के नियम 6 के उपनियम 13 के अंतर्गत शिशु को दतकग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति द्वारा कानूनी रुप से मुक्त घोषित कर दिया जायेगा।

संपर्क करें :– बाल कल्याण समिति, शहरी बाल विकास परियोजना भवन, पूराना समाहरणालय परिसर, हजारीबाग। दूरभाष संख्या– 9852346416, 8709652876, 8340290562, 9905564137

ह0/– जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग
ह0/– उप विकास आयुक्त, हजारीबाग
ह0/– उपायुक्त, हजारीबाग

PR 324413 Social Welfare,Women and Child Development(24-25).D

## कल्पना सोरेन ने माझी हड़ाम के प्रतिनिधियों के साथ किया संवाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शनिवार को गिरिडीह के उत्सव उपवन में झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री के पत्नी कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा के 15 पंचायत के 68 गांव के माझी हड़ाम के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर उनकी समस्यायें सुनीं । इस दौरान गांडेय विधानसभा चुनाव पर चर्चा किया गया। इधर चर्चा के दौरान कल्पना सोरेन ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने झारखण्ड और आदिवासी समाज के साथ हमेशा छल और प्रपंच किया।

भाजपा को झारखण्ड से नफरत होती है। इसलिए इन्होंने झारखण्ड के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया। झारखण्डवासियों के बेटा और भाई हेमन्त जी को षड्यंत्रपूर्वक जेल में डालने का काम किया। लेकिन यह झारखण्ड है, यहां तानशाही ताकतों का षड्यंत्र नहीं चलेगी।मौके पर गांडेय विधानसभा क्षेत्र से सेकड़ो लोग उपस्थित थे।

## गिरिडीह प्रेस क्लब ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भगवान महावीर मेडिका अस्पताल रांची के सहयोग से गिरिडीह प्रेस क्लब ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। गोवर्धन लाल नर्सिंग होम गिरिडीह में आयोजित इस शिविर का उद्घाटन डॉ विकास लाल व प्रेस क्लब के महासचिव अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस शिविर में सौ से अधिक मरीजों का जांच व इलाज किया गया। मेडिका के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ रोहित कुमार ने शिविर में आए मरीजों की जांच व इलाज की। उन्होंने हृदय को स्वास्थ्य रखने को लेकर कई जरूरी सलाह मरीजों को दी। इस शिविर में आए मरीजों के लिए शुगर, बीपी व ईसीजी जांच की निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस दौरान टाइटन आई केयर की ओर से आधुनिक मशीनों से लोगों का नेत्र जांच भी किया गया।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, चतरा (प्रेक्षक एवं प्रोटोकोल कोषांग, लोक सभा आम चुनाव–2024)**

''आम–सूचना''

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आसन्न लोक सभा आम चुनाव–2024 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 04–चतरा लोक सभा क्षेत्र (26–सिमरिया, 27–चतरा, 73–मनिका, 74–लातेहार, 75–पांकी) के लिए सामान्य/व्यय एवं पुलिस प्रेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गयी है ।

अतएव आम–जन एवं सभी राजनैतिक दल अपनी शिकायतों एवं समस्या के निराकरण हेतु परिसदन भवन, चतरा के सभागार में सम्बन्धित प्रेक्षकों के समक्ष अथवा मोबाईल या ई–मेल के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है । इससे सम्बन्धित विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | प्रेक्षक का नाम | कमरा/भवन का नाम | मिलने का समय | सम्पर्क पदाधिकारी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Mr. Nikhil Nirmal, IAS<br>सामान्य प्रेक्षक मो0–6204946414<br>Email Id-chatraobs@gmail.com | परिसदन भवन, चतरा के सभागार में | 5:00 PM to 6:00 PM | श्री पियुस कुमार, प्राक्कलन पदाधिकारी, मो0–7985592968 |
| 2 | Mr. Saikat Basu, IRS<br>व्यय प्रेक्षक मो0–6200319653<br>Email Id-chatraexpenditureobserver@gmail.com | परिसदन भवन, चतरा के सभागार में | 5:00 PM to 6:00 PM | श्री रंजीत कुमार, राज्य कर पदाधिकारी, मो0–8368184996 |
| 3 | Mr. Gopesh Agrawal, IPS<br>पुलिस प्रेक्षक मो0–6206496097<br>Email Id-policeobserverchatrapc@gmail.com | परिसदन भवन, चतरा के सभागार में | 5:00 PM to 6:00 PM | श्री संदीप, पुलिस अवर निरीक्षक, मो0–8572830950 |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, चतरा ।

PR.NO.324401Election(24-25):D

# हिंडाल्को कंपनी के खिलाफ बड़े आंदोलन की शुरुआत की जाएगी : धीरज प्रसाद साहु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** निवर्तमान राज्यसभा सांसद सह ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक माननीय धीरज प्रसाद साहू के थाना रोड आवास में आज सभी ट्रक ऑनर एसोसिएशन की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में ट्रक परिचालन में आ रही परेशानियां एवं निर्धारित ट्रिप से बहुत कम ट्रिप मिलना एवं हिंडाल्को कंपनी द्वारा ट्रक मालिकों को परेशान करने संबंधी बातों पर चर्चा हुई एवं कंपनी के द्वारा इस क्षेत्र में बड़ी गाड़ियों का परिचालन करने का प्रयास का विरोध किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री धीरज प्रसाद साहू ने कहा की हिंडाल्को कंपनी की मनमानी अब नहीं चलने दी जाएगी। कंपनी बिना एसोसिएशन एवं संरक्षक से बात किए हुए छह चक्का ट्रक की जगह बड़े ट्रकों का परिचालन करना चाह रही है जिसका हम पुरजोर विरोध करते हैं। बड़े ट्रक चलने के कारण यहां के स्थानीय लोग बेरोजगार हो जाएंगे। ट्रक मालिक, चालक, सहचालक लोडर, अनलोडर, गैरज मलिक टायर दुकान, पेट्रोल पंप सहित हजारों के पेट पर लात मारने का काम कंपनी करना चाहती है और स्थानीय रैयतो का भी हक मारना चाहती है। हम किसी भी सूरत में स्थानीय लोगों का हक मारने नहीं देंगे,इसके लिए हम लोग जोरदार आंदोलन करेंगे। हिंडाल्को कंपनी का गेट का घेराव किया जाएगा, ट्रकों का परिचालन बंद किया जाएगा और हजारों हजार की संख्या में लोडर, अनलोडर, माइनर, ट्रक चालक, ट्रक मालिक, सहचालक एवं स्थानीय जनता के सहयोग से एक बड़े आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। बैठक को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से इंटक नेता सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्री अशोक यादव, लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, फिरोज राही, झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक एसोसिएशन के विजय जायसवाल, धर्मेंद्र कुमार, मुंद्रिका यादव, पाखर ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष मो.बबलू, कुदुस अंसारी, नजरुल हक, इंटक मजदूर यूनियन नेता उदय कुमार गुप्ता, अरविंद पाठक, हातिम अंसारी एवं चंदवा इंटक के नेता सत्येंद्र कुमार यादव, सहित अन्य लोगों ने बैठक को संबोधित किया। बैठक का संचालन लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मोहम्मद बबलू ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय, लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विनोद सिंह, अभय सिंह, रहमत अंसारी, राजेश शर्मा, संजीव शर्मा, एन कुजूर, शकील अंसारी, इनामुल अंसारी, तारिक खान, ननका विश्वकर्मा, तारकेश्वर महतो, झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन विमरला के पदाधिकारी शशिकांत दास,विनोद उरांव, मोहम्मद आदिल, दीपक शराफ, सुमित विश्वकर्मा, मोहम्मद नन्हे, मुकीम खान, प्रमोद मिश्रा, महबूब अंसारी, संतोष गुप्ता, मोहम्मद मिंटू, पवन सराफ, रंजीत डे, मिट्ठू कुँवर, जगदेव उरांव,सोनू विश्वकर्मा, मोहम्मद दाऊद, मिनहाज कुरैशी, मनीष केसरी, चंदन यादव, महेंद्र कुमार,पंकज सिंह, सुनील भगत, चंदवा ट्रक एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी संतोष साहू, राजेश विश्वकर्मा, जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता, मोहम्मद राजू, मोहम्मद गुड्डू, अफजल अंसारी सहित सैकड़ो की संख्या में ट्रक मालिक उपस्थित थे।

# डीसी सिमडेगा व एसपी सिमडेगा ने की आगामी चुनाव को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 की अंतिम तैयारियों का समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त महोदय ने प्रखंडवार प्रखंड विकास पदाधिकारियों से लोकसभा आम चुनाव 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संपन्न कराने की दिशा में किए गए अंतिम तैयारीयों की समीक्षा किया। उन्होंने क्लस्टर्स एवं मतदान केंद्रों पर क्या -क्या व्यवस्था सुनिश्चित किया गया जिसका प्रखंड वार जानकारी लिया। साथ ही परिवहन पदाधिकारी श्री ओमप्रकाश यादव द्वारा प्रत्येक बूथ में पोलिंग पार्टी के साथ बस की टैगिंग से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिस मतदान केंद्र पर बस नहीं पहुंच पायेगी एवं वहां पर छोटी गाड़ियों के साथ टैग किया गया है। उपायुक्त महोदय ने कहा कि मतदान के दिन मतदान से 90 मिनट पूर्व मॉक पोल का आयोजन किया जाना है जिसे ध्यान में रखते हुए सभी पोलिंग पार्टी को सही समय पर मतदान केंद्र पर पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे और मॉक पोल का रिपोर्ट समय देंगे। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी से कहां की क्लस्टर्स से लेकर मतदान केंद्र तक सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण रखेंगे मतदान दिवस के दिन किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो इसकी ध्यान रखेंगे। वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि हाथी प्रभावित मतदान केंद्र पर पोलिंग पार्टी को सुरक्षित रखने के लिए हाथी भगाने हेतु टीम का गठन किया गया है। जो लाइट एवं मसाला लेकर मतदान केंद्र के साथ टैग किया गया है। उन्होंने Hamar Hathi mobile application app आपके बारे में जानकारी दी, उन्होंने बताया कि यह मोबाइल एप्लीकेशन किस क्षेत्र में एवं कितनी दूरी पर हाथी है इसकी जानकारी प्रदान करती है। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## मैट्रिक व इंटर के सफल छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के अन्तर्गत नन्दलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु में मैट्रिक व इंटर के सफल छात्र छात्राओं को शिक्षक शिक्षिकाओं और विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित किया गया। झारखंड अविविद्यय परिषद द्वारा आयोजित परीक्षा में मैट्रिक तथा इंटर कला, विज्ञान और वाणिज्य में एक से दस तक सफल छात्र छात्राओं और अभिभावकों को डायरी, कलम तथा मेडल देकर सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना किया गया। वही प्रधानाध्यापिका सीमा नैनसी लकड़ा ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा की भविष्य में अपनी रुचि के अनुसार पढ़ाई करे और जीवन को सफल बनाएं और जन सेवा, समाज सेवा के कार्य में शिक्षा को सार्थक करे जिसे आस पड़ोस में रहने वाले अपने भाई बहनों में पढ़ाई व शिक्षा में रुचि जगाने का कार्य करे जिसे उनका भी जीवन स्तर ऊंचा हो सके साथ ही बच्चे बच्चियों को बताते हुए कहा की ज्ञान ही ऐसा चीज है जिसे जितना भी बांटा जाए वह उतना ही बढ़ता है। प्रधानाध्यापिका द्वारा सभी छात्र छात्राओं को प्रशासनिक सेवा, समाज सेवा सहित अन्य कार्यो के लिए शुभकामनाएं दिया गया। मौक पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रंजित उरांव, दिनेश साहु, शीला भगत, शिवनंदन साहु के अलावे सुरेश कुमार बाड़ा, बेंजामिन मिंज, संगीता बखला, अनिल उरांव, ममता कुमारी, विक्रम कुमार महतो, कंचन कुमारी, रीना बखला, दीपा चौधरी, सीमा कुजूर, सबिता टोप्पो, प्रीति पल्लवी सहित सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएं तथा अभिभावक उपस्थित थे।

## आगामी 17,18 और 19 मई को विशु सेन्दरा तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होगा : विनोद भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा आदिवासी सांस्कृतिक कला भवन कुटमू दरहा देशवाली कचहरी मोड़ में जिला पड़हा बेल के पदाधिकारियों द्वारा अवश्य बैठक आगामी विशु सेन्दरा में पारंपारिक स्वसशान पड़हा व्यवस्था को लेकर किया गया। बैठक बेल पड़हा विजय उरांव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में मुख्य रूप से गुमला जिला के सिसई प्रखंड के 22 पड़हा कोटवार के लोग इस विशु सेन्दरा कार्यक्रम में भाग लेंगे जैसे लातेहार, पलामू, रांची, लोहरदगा और गुमला जिला के पड़हा बेल के लोग शामिल होंगे। बेल पड़हा बैठक को संबोधित करते हुये विनोद भगत ने बताया कि आगामी 17,18 और 19 मई को तीन दिवसीय विशु सेन्दरा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखंड अंतर्गत कंडरा पतरा में तय किया गया है। उन्होंने ने कहा कि विशु सेन्दरा कार्यक्रम हमारे पूर्वजों का दिया हुआ इतिहास है इस इतिहास में आदिवासी समुदाय का महापंचायत फौसला का नियम और कानून तय किया जाता है। इसमें परामपरागत वेशभूषा सांस्कृतिक कला जैसे और भी अन्य कार्यो का भी आयोजन किया जाता है। विशु सेन्दरा साल में मनाया जाता है। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा के राष्ट्रीय महासचिव जलेश्वर उरांव ने बताया कि विशु सेन्दरा के द्वारा ही आदिवासी समुदाय के लिए जजमेंट कानून नियम बनाये जाते हैं, जो सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट जैसे फैसलों का सुनवाई किया जाता है। उन्होंने ने कहा कि विशु सेन्दरा में कई मुद्दों का समास्या का (निदान) निपटारा भी होता है। छात्र संघ अध्यक्ष अवधेश उरांव ने कहा कि विशु सेन्दरा कार्यक्रम में विधि व्यवस्था सुचारू रूप से किया जाएगा और सुव्यवस्थित ढंग से होगा।

## निर्वाचन कार्य में संगल्न पदाधिकारियों और कर्मियों ने किया पोस्टल बैलेट से मतदान



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम चुनाव, 2024 अंतर्गत निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारियों और कर्मियों ने आज जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय में बनाये गये दो मतदाता सुविधा केंद्रों में अपने मताधिकार का प्रयोग पोस्टल बैलेट के जरिये किया। पहला मतदाता सुविधा केंद्र 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों के लिए था जबकि दूसरा मतदाता सुविधा केंद्र 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र को छोड़ अन्य विधानसभा क्षेत्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करनेवाले पदाधिकारियों/ कर्मियों के लिए निर्धारित था। मतदाता सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट हेतु हेल्प डेस्क भी बनाया गया था। इस मौके पर ईडीसी/ पोस्टल बैलेट कोषांग की वरीय पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग व अन्य पदाधिकारीगण/कर्मीगण उपस्थित थे।

## पोलिंग पार्टियों को दिया गया प्रशिक्षण



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत निर्वाचन कार्य हेतु प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारियों/कर्मियों का प्रशिक्षण आज जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय में दो पालियों में आयोजित हुआ। इसमें कुल 560 मतदान पदाधिकारियों/कर्मियों (कुल 140 पोलिंग पार्टियों) को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा व अन्य मास्टर ट्रेनरों के द्वारा पोलिंग पार्टी के आपसी समन्वय के साथ मतदान की प्रक्रिया पूरी तरह त्रुटिरहित संपन्न कराने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कल दिनांक 05.05.2024 को भी संचालित होगा।

## महिला मंडल ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुड़ू-लोहरदगा :** शनिवार को कुडू प्रखंड स्थित शंख धारा महिला विकास मंडल के कार्यालय में आगामी लोकसभा के चुनाव में ग्रामीणों की भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन का प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में महिला मंडल के सदस्यों के द्वारा रंगोली, मेहंदी, स्लोगन, रैली, शपथ इत्यादि का कार्यक्रम किया गया तथा सभी ग्रामीणों को आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया, तथा सामूहिक शपथ लेकर मतदान का महत्व बताया गया। इस कार्यक्रम में पलाश जेएसएलपीएस रांची से केएमसी नोडल ज्योति प्रसाद, शंख धारा महिला विकास मंडल कुडू की बीएलएफ की अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संघ समन्वयक दीपक कुमार गुप्ता, जायका के टीएसओ विवेक गौतम, लेखापाल इकबाल कुरैशी, आजीविका समन्वयक धनंजय प्रजापति, क्षेत्रीय समन्वयक गणेश रविकांत, मनिता कुमारी, छोटू मांझी, प्रदीप कुमार जेंडर सीआरपी, एफएल सीआरपी, सीआरपी सहित महिला मंडल के सदस्य शामिल हुए।

## अरु से लड़की लापता पर मां ने कराई सनहा दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अरु से लड़की के लापता होने पर परिवार चिंतित मां ने थाना को कराया अवगत। थाना क्षेत्र के अरु निवासी स्वर्गीय शिबू राम की 40 वर्षीय पत्नी सकुन्ती देवी ने पुत्री के लापता होने की सूचना सेन्हा थाना में देते हुए बताई की 3 मई दिन गुरुवार को मेरी पुत्री नितिका कुमारी अपनी छोटी बहन के साथ घर में थी। और हमलोग काम करने गये हुए थे काम करने के बाद जब घर लौटे तो बड़ी बेटी नितिका कुमारी को नही देखने पर छोटी बेटी से पूछे तो बताई की आइसक्रीम खरीदने के लिए मुझे लेकर गई थी। और आइसक्रीम खरीदने के बाद मुझे बोली की तुम घर जाओ दुकान से कुछ समान खरीद कर आते है। उसके बाद वह घर नही आई। छोटी बेटी की बात सुन मां अपने परिवार तथा रिश्तेदारों में छानबीन कर पूछ ताछ भी किये परंतु निकिता का कोई सुराग नही मिलने पर सेन्हा थाना में अर्जी लगते हुए बताई की लापता पुत्री का रंग गोरा, लंबाई 4.6 इंच पहनावा सफेद कुर्ती, कथा लैगिस पैर में हवाई हिल चपल बताई। जिसे सनहा दर्ज करने तथा सकुशल बरामद करने का पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है। वही आवेदन को संज्ञान में लेते हुए पुलिस नियम संगत अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

## लोकसभा आम चुनाव के निमित कैरो प्रखंड के गुड़ि निवासी दिव्यांग महिला की हुई पहली होम वोटिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 04 अप्रैल शनिवार को लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित दिव्यांग महिला की हुई पहली होम वोटिंग। इस संबंध मे कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी श्री मति छन्दा भट्टाचार्य एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रघुनाथ मुंडा ने बताया कि प्रखंड के गुड़ि ग्राम पंचायत निवासी लीला कुमारी उम्र 37 वर्ष दिव्यांग महिला की पहली होम वोटिंग करायी गयी। मौके पर प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी श्री मति छन्दा भट्टाचार्य ने कहा कि आप सभी 13 मई को अपना अपना मताधिकार का प्रयोग अपने अपने नजदीकी मतदान केंद्र आकर अवश्य करें। बृद्ध मतदाताओं के लिये मतदान केंद्रो पर वाहन व्यवस्था एवं विकलांग के लिये मतदान के निमित व्हील चेयर की भी वयवस्था की गई हैं। मौके पर दिव्यांग महिला के होम मतदान पर अनेको मतदान कर्मी उपस्थित थे।

## प्रद्युम्न सिंह ने जल जीवन मिशन योजना में गड़बड़ी को लेकर विभाग को सौंपा ज्ञापन

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जल जीवन मिशन योजना के तहत कलस्टर एक से बाइस में घर-घर जल पहुँचाना है। लेकिन योजना प्राक्कलन के अनुसार नहीं होने के कारण हाथी का दांत साबित हो रहा है। सीएफआईबी के झारखंड प्रतिनिधि प्रदूमन सिंह ने इस संबंध में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग लोहरदगा से लिखित रूप से शिकायत किया है। और इसकी जाँच एक कमिटी बना कर करने की माँग किया है। शिकायत में श्री सिंह ने कहा है कि अधिकतर योजना में बोरिंग 120 से 160 फीट ही किया गया है। जो पाँच हजार की टंकी भरने में बोरिंग असमर्थ है। मुख्य पाइप लाइन में भी तीन फीट के जगह पर एक से डेढ़ फीट ही गड्ढा खोद कर पाइप बिछाया जा रहा है।

**इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत को विजय बनाने के लिए जेएमएम ने चलाया संपर्क अभियान**

# लोकप्रिय आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने वाली पार्टी भाजपा कों जवाब देने का वक्त आ गया : मुजम्मिल अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को प्रचंड मतों से विजय बनाने और गठबंधन धर्म निभाने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में शनिवार को पेसरार प्रखंड के विभिन्न गांवों का जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के टीम में झामुमो के जिला सचिव अनिल उरांव, युवा जिला अध्यक्ष अजय उरांव, पेशरार प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार ट्यूमु पंचायत अध्यक्ष जयराम खेरवार, बिनु भगत, मोजिबुल रहमान बबलू आदि शामिल थे। गांव में जनसंपर्क और बैठकों के दौरान जिलाध्यक्ष श्री अहमद ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 13 मई को होने वाली यह चुनाव प्रत्येक जनता के लिए काफी महत्वपूर्ण है। भाजपा और उसकी सहयोगी दलों ने देश में नफरत, लूट, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई को तो बेतहाशा बढ़ोतरी तो कर ही दी है। लोकतंत्र और संविधान को भी तार-तार कर दिया है। दिशोम गुरु माननीय सांसद शिबू सोरेन के पुत्र लोकप्रिय आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व काल में पूरे झारखंड में जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही थी, गरीब, आदिवासी, अल्पसंख्यकों, दलितों, पिछड़े वर्गो के कल्याण और चहुंमुखी विकास के लिए कार्य किए जा रहे थे, जिसे भजपा पचा नहीं पायी और इडी के जरिए झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेज दिया गया है। इसलिए यह चुनाव झारखंड की अस्मिता, देश का संविधान, आपसी भाईचारा को कायम रखने के लिए हमें इंडिया गठबंधन को मजबूती प्रदान करने के गठबंधन के प्रत्याशी श्री सुखदेव भगत को पंजा छाप में बटन दबा कर भारी मतों से जीत दिलाएं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सभी नागरिकों, ग्राम वासियों के लिए बेहद खास है। सत्ताधारी भाजपा जनता के असली मुद्दों से ध्यान भटका कर मंदिर मसजिद के मुद्दे उछाल कर देश में नफरत फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी के लोकप्रिय आदिवासी नेता माननीय पूर्व मुख्यमंत्री को जेल भेजने वाली पार्टी भाजपा से बदला लेने और उसे करारा जवाब देने का वक्त आ गया है। 13 मई को होने वाले चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी श्री सुखदेव भगत को पंजा छाप में बटन दबा कर भारी मतों से विजय बनाएं।

# भाजपा जिला कार्यालय एवं नगर कार्यालय का हुआ उदघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा मेन रोड में भारतीय जनता पार्टी चुनावी कार्यालय का उद्घाटन लोकसभा प्रभारी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सह पूर्व विधायक रविंद्र राय ने किया। मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की एक-एक कार्यकर्ता मोदी जी के संदेश को घर-घर तक लोगों के बीच पहुंचाएं और विकसित भारत के संकल्प में मोदी जी का साथ निभाने का आह्वान करें।साथ ही बूथों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगो को भाजपा के घोषणा पत्र को दोहराएं। साथ ही कांग्रेस और जेएमएम गठबंधन की सरकार की काले कारनामे को जनता के बीच बताने का कार्य करें। भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कार्यकर्ताओं को 13 तारीख के मतदान की तैयारी में जोर शोर से लगने का आह्वान किया साथ ही एक भी मतदाता वोट डालने से चुके ना इस पर ध्यान देने की बात कही । मौके पर लोकसभा सहसंयोजक ओमप्रकाश साहु ने कहा हम सभी कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को भारी बहुमत से जिताने के लिए बूथ को मजबूत करें। पूर्व मंत्री सह विधानसभा संयोजक विमला प्रधान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों को पहले मजबूत करें खासकर महिलाएं डोर टू डोर जाकर केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के लिए किए गए घोषणा को बताएं और मोदी जी और अर्जुन मुंडा के पक्ष में मतदान करने का आवाहन करें। जिला कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला सांसद प्रतिनिधि सह विधानसभा सहसंयोजक सुशील श्रीवास्तव ने कहा की सिमडेगा की जनता जागरूक है वो जानते है कि किस तरह झारखंड में गठबंधन सरकार आने से और पूर्व में केंद्र में कांग्रेस के सरकार के समय किस तरह से अराजक का माहौल था 2014 के बाद देश आर्थिक राजनीतिक और वैश्विक प्रगति के पथ पर अग्रसर है जनता 13 तारीख को ऐतिहासिक जीत के लिए कमर कर चुकी है सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों में जाकर आम जनों से मोदी जी का नमस्कार कह कर उनसे मतदान के लिए आग्रह करें।मौके पर सिमडेगा के पूर्व स्क्रसह भाजपा नेता राजीव रंजन ने कहा कि सिमडेगा के लोग शांतिप्रिय और जागरूक है वो प्रधानमंत्री मोदी जी एवं भाजपा के किए गए विकास कार्यों पर मोहर लगाएंगे और 13 तारीख को ऐतिहासिक कार्य करेंगे।

# कांग्रेस के डीएनए में है झूठ बोलकर जनता को गुमराह करना : नरेंद्र मोदी

## सिसई के कॉलेज मैदान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित जनसभा का हुआ आयोजन



राजेश गुप्ता @ प्रभात मंत्र

**लोहरदगा :** लोहरदगा गुमला जिला अंतर्गत सिसई के कॉलेज मैदान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में उमड़ी लाखों की जन सैलाब देख विपक्ष पूरी तरह से टूट गई है। और बौखलाहट में अनर्गल बयान बाजी पर उतर आई है। जनता जनार्दन कार्यक्रम के बाद मोदी जी को देश की विकास पुरुष की संज्ञा देते हुए लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी समीर उरांव को विजय दिलाते हुए नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन पूरी तरह से बना लिए हैं। मोदी जी का नारा अबकी बार 400 पार जिसमें लोहरदगा लोकसभा सीट जीताने को लेकर जनसभा में उपस्थित लाखों लोगों ने लिया संकल्प। जनसभा कार्यक्रम में जन सैलाब को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि झूठ बोलकर जनता को गुमराह करना कांग्रेस के डीएनए में है। कांग्रेस के राज में राशन सड़ता रहता था। आदिवासी क्षेत्रों के बच्चे भूख से मरते रहते थे और कांग्रेस अनाज गोदामों पर ताला लगाकर बैठ जाती थी। आप मोदी को लेकर आए। मोदी ने सारे अनाज गोदामों के ताले खुलवा दिए। आज देश में मुफ्त राशन की योजना चल रही है। और मैंने गारंटी दी है कि आने वाले 5 साल इसे और चलाऊंगा। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस,छ्रुरू और ढ्ढह्रढ्ढ गठबंधन वालों को आज भी ये बर्दाश्त नहीं हो रहा है कि ये गरीब मां का बेटा पीएम कैसे बन गया। इसलिए ये लोग मोदी के खिलाफ नए-नए झूठ फैलाते रहते हैं। आजकल इनका नया झूठ है-मोदी आएगा तो आरक्षण खत्म कर देगा,मोदी आएगा तो संविधान बदल देगा। अरे मूर्खों के सरदार,मोदी तो 10 साल से आया हुआ है और शान से सरकार चला रहा है। 10 साल में ये पाप मैंने नही किया है,क्योंकि मैं भारत के संविधान की भक्ति करता हूं,मैं बाबा साहेब अंबेडकर की पूजा करने वाले लोगों में से हूं। उन्होंने कहा की आज के तारीख में मां,बेटी,बहन के लिए विभिन्न तरहों के सुख सुविधा उपलब्ध कराए गए हैं जैसे उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन शौचालय प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे अन्य योजनाओं का लाभ आज देश की जनता ले रही वही फिर से भाजपा की सरकार बनाकर आप अपने अधूरे सपने को साकार करने में पूरा-पूरा सहयोग करें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस ने 70 सालों तक देश को लूट कर अपना खजाना भरने का काम किया है जो अब मोदी जी उसे काले धन को निकाल कर देश की विकास में लगा रहे हैं। उन्होंने ऐसे लुटेरो कांग्रेस पार्टी से सावधान रहने की बात कही है और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी समीर उरांव को वोट देकर मोदी जी को और मजबूत बनाएं ताकि आने वाले समय में देश की चौमुखी विकास और तेजी से कर सके। इस दौरान आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने कहा की यह चुनाव देश का प्रधानमंत्री चयन का है।आपके सामने एक तरफ 10 साल देश की सेवा करने वाले प्रधानमंत्री आपके पास है,लेकिन इस 10 साल में सामने वाला गठबंधन ने अपना नाम बदल लिया पहले यूपीए थे अब इंडिया गठबंधन बना लिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के सामने बहुत से नेता है मगर मोदी के सामने कोई हो अभी तक तय नहीं कर पाए हैं।जो न तो दल कर पाया है न ही गठबंधन यह तय नहीं कर पाया है और वो अनिश्चितताओं में भारत के मतदाताओं को बहलाने फुसलाने का काम कर रहे है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,सांसद सुदर्शन भगत,आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो,विधायक कोचे मुंडा,प्रवीण कुमार सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव लक्ष्मण बड़ाइक के अलावा एनडीए गठबंधन के अन्य नेता एवं लाखों जन सैलाब उपस्थित थे।



# भाजपा ने हर तबके के साथ किया धोखा : अखिलेश

**अखिलेश ने कहा कि किसानों की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। फसल की लागत नहीं निकल पा रही। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई।**

एजेंसी

**बदायूं :** बदायूं लोकसभा के सहसवान में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आदित्य यादव के समर्थन में अयोजित जनसभा में पहुंचे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंच से भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हवा बदल गई है। पहले दो चरण ने बीजेपी को पलट दिया है तीसरा चरण सफाया करेगा। बीजेपी के लोग नकली बातें करते हैं। इन्होंने हर एक तबके के साथ धोखा किया है। इस लोकसभा चुनाव में जनता इन्हें बाहर का रास्ता दिखाने जा रही है। अखिलेश ने कहा कि किसानों की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। फसल की लागत नहीं निकल पा रही। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। ये वही लोग हैं जो किसानों को एमएसपी नहीं दे रहे हैं, इंडिया (आईएनडीआईए) गठबंधन की सरकार बनते ही किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी मिलेगी।हम अपने किसान भाईयों को भरोसा देकर जा रहे हैं कि इंडिया गठबंधन और समाजवादियों की सरकार बनेगी तो आपका भी कर्ज माफ होगा। हम अपने नौजवानों को कहकर के जा रहे हैं कि गठबंधन की सरकार बनेगी तो हम अग्निवीर जैसी व्यवस्था को खत्म करेंगे और नौजवानों को फौज में पक्की नौकरी का इंतजाम करेंगे। इसके साथ ही अहिर रेजीमेंट भी बनाई जाएगी।मंच पर भतीजे अखिलेश के साथ चाचा शिवपाल यादव ने भाजपा पर जुबानी हमला किया। जनसभा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने बदायूं की जनता से लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी आदित्य यादव और गठबंधन को समर्थन देने और वोट करने की अपील की।



# लालू ने सिर्फ परिवारवाद को बढ़ावा दिया : नीतीश

एजेंसी

**पटना :** बिहार में मुंगेर लोकसभा सीट से जदयू उम्मीदवार ललन सिंह के पक्ष में शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जिनको 15 साल (लालू यादव) मौका मिला, उन्होंने कुछ काम नहीं किया और सिर्फ परिवार को ही आगे बढ़ाते रहे। मुंगेर लोकसभा सीट के राजग उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के समर्थन में वोट मांगने पहुंचे नीतीश ने हवेली खड़गपुर के खंड बिहारी में राजद सुप्रीमो लालू यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को 15 साल मौका मिला वह बिहार में क्या काम किए, सबको मालूम है। शाम होने के बाद लोग घर बाहर नहीं निकल पाते थे। इनके शासनकाल में लोग डरे रहते थे। वर्ष 2005 के पहले क्या हाल था। सिर्फ प्रचार करते रहते थे। हम ही बनवाए थे। गड़बड़ करने लगे तो हम ही छोड़ दिए। लालू ने पत्नी को सीएम बनाया। बाल-बच्चा को बनाया, परिवारवाद को बढ़ावा दिया। कांग्रेस भी परिवारवाद पर चल रही है।सीएम ने कहा कि पहले बिहार में सबसे ज्यादा हिंदू-मुस्लिम के बीच तनाव होता रहता था और हमें जब मौका मिला तो बिहार के हित में सिर्फ काम किया जो सबके सामने है। हमने 2005 में सबसे पहले कानून का राज्य कायम किया। सभी जगहों पर हिंदू-मुस्लिम मामले को समाप्त कर मुस्लिम समुदाय के लिए सभी जगहों पर कब्रिस्तान का घेराबंदी किया, मदरसे के लिए भी काम किया। उनके हित में कई काम किए लेकिन ये लोग तो सिर्फ नाम पर वोट का इस्तेमाल किया।अशोक महतो की पत्नी को मुंगेर लोकसभा सीट से राजद उम्मीदवार बनाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के लिए कोई ब्याह कर लिया और कोई जेल में रहे। ये सब कोई चुनाव लड़ेगा, इसका कोई मतलब है। आज बिहार में चारों तरफ विकास की रोशनी जगमगा रही है। चाहे वह पुल-पुलिया और सड़क मार्ग का मामला हो। सभी जगहों पर लगातार कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि मुंगेर में हर प्रकार का कार्य किया जा रहा है। भाजपा से हमारा संबंध पुराना है। बीच में इधर-उधर चले गए थे लेकिन अब हम कहीं नहीं जायेंगे।

# एक संत के हाथ में श्रीराम को सौंपी : अरुणा शंकर





**प्रधानमंत्री ने अपनों को हर घर जाकर जय श्री राम बोलने का काम सौंपा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को अयोध्या में श्री राम लला को विराजने के बाद पहली बार पलामू आगमन पर पूरे पलामू लोकसभा क्षेत्र के सनातनियों की ओर से अयोध्या से मंगाई गई प्रभु श्री राम के अष्टधातु द्वारा निर्मित मूर्ति तोहफे में दिया। भगवान श्री राम की मूर्ति को अपने हाथों मैं लेते हुए प्रधानमंत्री काफी भावुक नजर आए। इस अवसर पर पाटन विधायक पुष्पा देवी, मीरा पांडे, रूपा सिंह एवं कई महिला मंच पर उपस्थित थी। प्रथम महापौर ने कहा कि हम पलामू के सनातनियों के लिए यह गौरव का पल था। जब मैंने एक संत के हाथ में प्रभु श्री राम की मूर्ति सौंपी। प्रधानमंत्री ने अपने अभिभाषण में सभी अपनों को घर-घर जाकर जय श्री राम अपनी ओर से कहने को कहा। महापौर अरुण शंकर ने कहा कि 500 वर्षों की लंबी तपस्या के बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम पधारे हैं। श्री राम के बिना 500 वर्षों तक अयोध्या सहित पूरे भारतवर्ष के लोग कुंठा में अपना जीवन जी रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम की भक्ति के बिना जीवन पूरी तरह से अधूरा है। केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम का आना सुलभ हुआ। इससे पूर्व किसी भी सरकार ने इस काम की ओर रुचि नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि मेदीनीनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से हर लोगों के जीवन में ताजगी का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा क्षेत्र के तेजस्वी और ओजस्वी प्रत्याशी विष्णु दयाल राम रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेंगे। पलामू से बीडी राम को जीतने से क्षेत्र का विकास और भी तेजी से होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी को कमल फूल छाप में वोट देने की अपील की।

अरुण शंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन से पलामू के लोग काफी खुश दिखे। प्रधानमंत्री की सभा में अपार भीड़ ने साबित कर दिया की बीडी राम की जीत एकदम पक्की है। उन्होंने पलामू के लोगों से बीडी राम को अपार मतों से जीतने की अपील की।

# 2019 में अमेठी हारी थी, इस बार रायबरेली हारेगी कांग्रेस : बघेल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री और आगरा से बीजेपी उम्मीदवार एसपी सिंह बघेल ने सोनिया गांधी के राज्यसभा में पलायन करने और राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने को लेकर कहा,सोनिया गांधी का राज्यसभा में जाना पलायनवादी नीति है. जैसे ही राहुल अमेठी से हारे वैसे ही सोनिया गांधी राज्यसभा चली गई. पिछली बार वह अमेठी हारे थे और इस बार वह रायबरेली हारेंगे.एसपी सिंह बघेल ने कहा,2019 के चुनाव में जब बसपा, सपा और आरएलडी एक साथ लड़े थे तो आरएलडी का हैंड पंप हाथी को पानी पिला रहा था. लेकिन तब भी हमने 2 लाख से ज्यादा वोटों से चुनाव जीता था. इस बार आरएलडी हमारे साथ है तो हैंड पंप के पानी से इस बार कमल खिल रहा है.



2019 में बसपा ने 10 सीट जीती थीं क्योंकि उसे समाजवादी पार्टी के वोटरों का समर्थन मिला था. उत्तर प्रदेश में इस बार केवल 5 से 7 लोकसभा सीटों पर चुनाव होते हुए दिखेगा क्योंकि बाकी हर सीट पर बीजेपी की जीत पक्की है. उन्होंने कहा,पीएम मोदी की सरकार के दौरान पिछले 10 साल में जो सरकारी योजनाओं का बेहतर कार्यान्वयन हुआ है, उसका लाभ समाज के एक बड़े तबके को हुआ है.वहीं राहुल गांधी के बारे में बात करते हुए एसपी सिंह बघेल ने कहा,2014 में स्मृति ईरानी ने अमेठी का किला हिला दिया था और 2019 में उन्होंने उसे गिरा दिया था. राहुल गांधी को पहले ही इसका अंदेशा हो गया था और इस वजह से वह केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ने चले गए. वहीं सोनिया गांधी का राज्यसभा में जाना भी उनकी नीति है. रायबरेली सीट पर कांग्रेस 1952 से चुनाव जीत रही है. वो केवल 1977 में चुनाव हारी थी लेकिन राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव हारने के बाद सोनिया गांधी राज्यसभा चली गई. पिछली बार वो अमेठी हारी हैं और इस बार वो रायबरेली हारेंगी.

# भाजपा इस बार केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस आने वाली नहीं : मायावती



एजेंसी

**आगरा :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को कोठी मीना बाजार मैदान में एक चुनावी जनसभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस आने वाली नहीं है। मायावती ने भाजपा और सपा गठबंधन पर जमकर हमला बोला।मायावती ने कहा कि बगैर किसी दल से गठबंधन किए ईमानदार कार्यकर्ताओं और जनता के विश्वास पर बसपा अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है। इस भीड़ को देखकर मुझे इतना भरोसा हो गया है कि पहले की तरह इस बार भी आप लोग बसपा के पक्ष में वोट करेंगे।मायावती ने आगे कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस ज्यादातर सत्ता में रही, लेकिन उन्होंने देश का भला नहीं किया। सपा टिकट बांटने में पक्षपात करती रही है। अगर भाजपा की बात करें तो अच्छे दिन होने का उसने जो वादा किया, वह अब दिखता नहीं। इलेक्टोरल बॉन्ड से पता चल गया है कि धन्नासेठों के आर्थिक सहयोग से ही संगठन चलता है। भाजपा की सरकार में महंगाई चरम पर है और किसान, बेरोजगार परेशान है। बड़े पूंजीपतियों को माला माल बनाया गया। आरक्षण को खत्म किया जा रहा है। नरेंद्र मोदी अपनी जेब से राशन नहीं दे रहे बल्कि जनता के पैसे से दे रहे हैं। बसपा प्रमुख ने कहा कि अगर वोटिंग मशीन में कोई गड़बड़ी नहीं हुई तो भाजपा इस बार केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस आने वाली नहीं है। इनकी कोई जुमलेबाजी काम आने वाली नहीं है क्योंकि जनता अब समझ चुकी है कि ये फ्री राशन का लालच देकर वोट मांग रहे हैं।

# सोची समझी रणनीति के तहत राहुल ने छोड़ा अमेठी



एजेंसी

**अमेठी :** अमेठी का रण छोड़कर राहुल गांधी ने एक साथ कई निशाने साधे हैं। इसके पीछे कांग्रेस की सोची-समझी रणनीति नजर आती है। एक तो कमजोर संगठन, दूसरा हार के बाद क्षेत्र से दूरी सहित कई ऐसे कारण है, जिसका जवाब कांग्रेस नहीं खोज पा रही थी। ऐसे में एक बीच का रास्ता निकाला गया। नतीजन, करीब एक माह से अमेठी और रायबरेली में प्रत्याशी चयन को लेकर बने सस्पेंस पर अंतिम क्षणों में पर्दा उठा। राहुल गांधी के रायबरेली और अमेठी से किशोरी लाल शर्मा के नामांकन के बाद कार्यकर्ता तक सकते में हैं। चाय-पान की दुकानों से लेकर सोशल मीडिया तक में यहीं छाया हुआ है। इसके नफा-नुकसान का आकलन हो रहा है।वैसे गांधी नेहरू परिवार की सियासत पर निगाह डालें तो यह निर्णय बहुत अप्रत्याशित नहीं लगता। रायबरेली और अमेठी में गांधी नेहरू परिवार की पकड़ के लिहाज से देखें तो रायबरेली का पलड़ा हमेशा भारी रहा। पिछले चुनावों के नतीजों से लेकर जीत की लीड तक के आंकड़े इसे तस्दीक करते हैं। जाहिर तौर पर अमेठी की तुलना में रायबरेली गांधी परिवार के लिए कहीं अधिक सुरक्षित व मुफीद है।पिछले दिनों सोनिया गांधी के राज्यसभा में जाने के बाद जारी किए गए उनके भावुक पत्र के बाद ही यह बड़ा सवाल खड़ा हुआ था कि रायबरेली में उनकी विरासत कौन संभालेगा। बेटा राहुल गांधी या फिर बिटिया प्रियंका गांधी। विरासत के सवाल का महज चार दशक का ही मंथन करें तो तस्वीर बिल्कुल साफ हो जाती है। 1980 में संजय गांधी की मौत के बाद जब बेटे राजीव गांधी और बहू मेनका गांधी में किसी एक के चयन की बात आई तो इंदिरा गांधी ने भी बेटे को तवज्जो दी थी। 1984 में मेनका गांधी बगावती तेवर अख्तियार कर राजीव गांधी के खिलाफ मैदान में उतरीं तो शिकस्त का मुंह देखना पड़ा।

### अमेठी में सोनिया ने संभाली थी विरासत

1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद 1999 में सोनिया गांधी राजनीति में लौटीं तो अमेठी में पति की विरासत को संभाला। 2004 में जब उन्होंने अपना क्षेत्र बदलकर रायबरेली किया तो अमेठी सीट राहुल गांधी को ही सौंपी। यह वह दौर था जब सोनिया से लेकर कमोवेश पूरी कांग्रेस राहुल के पीछे खड़ी थी। राहुल ने पार्टी की कमान तक संभाली।

### बहन-भाई को ना उतरने देने की बात रणनीति

जहां तक अमेठी से प्रियंका गांधी के मैदान में नहीं उतरने की बात है तो इसके पीछे भी कांग्रेस की सोची-समझी रणनीति नजर आती है। प्रियंका के चुनाव लड़ने से उन्हें अमेठी में कहीं अधिक समय देना पड़ता। विपक्ष की व्यूह रचना में भाई-बहन रायबरेली और अमेठी में फंसकर रह जाते। वर्तमान सियासी परिदृश्य में प्रियंका गांधी रायबरेली के साथ ही अमेठी में भरपूर समय दे सकेंगी जबकि राहुल गांधी देश के अन्य क्षेत्रों में चुनाव प्रचार कर सकेंगे। प्रियंका पूर्व में भी रायबरेली और अमेठी के चुनाव संचालन देखती रही हैं।

### अमेठी से रिश्ता खत्म

1977 में संजय गांधी ने अमेठी से पहला चुनाव लड़ा था। वहीं, इंदिरा गांधी रायबरेली से प्रत्याशी थीं। जनता पार्टी की लहर में दोनों को पराजय का मुंह देखना पड़ा था। दोनों ने अपनी सीटों से 1980 में फिर चुनाव लड़ा। दोनों को जनता ने सिर आंखों पर बैठाया। दोनों को विजय मिली। राहुल के अमेठी छोड़ने की वजह चाहे जो भी हो लेकिन विपक्ष को हमलावर होने का मौका जरूर मिल गया। जनता में भी इसका मैसेज ठीक नहीं जाएगा।